# हरिभूमि

जबलपुर

बुधवार, 14 मई 2025

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com






**SHOWROOMS: MADHYA PRADESH: JABALPUR:** RENAULT **JABALPUR (KARMETA)** Ph: 7290014986, RENAULT **JABALPUR WEST** Ph: 7291980314. RENAULT **AGAR** Ph: 8448220030. RENAULT **BHOPAL NEW** Ph: 9289220870. RENAULT **CHHATARPUR** Ph: 7603868297. RENAULT **CHHINDWARA** Ph: 9667215285. RENAULT **DAMOH** Ph: 9289263623. RENAULT **GWALIOR CITY** Ph: 8448383235. **INDORE:** RENAULT **INDORE** Ph: 9821199958, RENAULT **INDORE EAST** Ph: 9289263821. RENAULT **MANDSAUR** Ph: 8448220394. RENAULT **SAGAR** Ph: 9311340949. RENAULT **SATNA** Ph: 7290094892. RENAULT **SHAHDOL** Ph: 7029805696. RENAULT **UJJAIN** Ph: 8448220031.

# जहरीली शराब से पंजाब में 17 लोगों की मौत, कई अस्पताल में भर्ती

## सीएम मान पीड़ित परिवारों को 10 लाख का मुआवजा व अन्य सुविधाएं देंगे

एजेंसी ▶▶ मजीठा

पंजाब के मजीठा विधानसभा क्षेत्र के गांवों में जहरीली शराब से 17 लोगों की मौत हो गई है। यह पंजाब में 3 साल में चौथी बड़ी जहरीली शराब त्रासदी है।सीएम भगवत सिंह मान दोपहर बाद मजीठा पहुंचे और पीड़ित परिवारों के साथ मुलाकात की।

मान ने पीड़ित परिवारों को 10 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की। साथ ही परिवार के बच्चों की पढ़ाई ओर अन्य सुविधाओं का ध्यान रखने का भी वायदा किया। मान ने कहा कि यह मेथेनॉल दिल्ली से मंगवाई गई थी, इसलिए जिन लोगों से इसकी सप्लाई आ रही थी उनको पकड़ने के लिए भी टीम में दिल्ली भेजी हुई है। जल्द ही पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जाएगा।



### अब तक 10 लोग गिरफ्तार

*मान ने कहा किमासूम लोगों के इन हत्यारों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। ये मौतें नहीं, कत्ल हैं। मैं परमात्मा से दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं। सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है और हर संभव मदद की जाएगी। मान ने कहा कि इस मामले में अभी तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं जांच के दौरान पता चला है कि ऑनलाइन 600 किलो मेथेनॉल मंगवाई गई थी, जिसके जरिए यह शराब तैयार की गई थी। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और उनके पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने का काम भी जारी है।*

### आप सरकार पर भाजपा समेत सभी दलों ने निशाना साधा

*घटना के बाद राजनीतिक दलों ने भी आप सरकार पर निशाना साधा है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने की मांग की है। सरकार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। अमृतसर जहरीली शराब त्रासदी के लिए विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने मुख्यमंत्री भगवंत मान को जिम्मेदार ठहराया है। बाजवा ने कहा कि जो कुछ हुआ उसके लिए भगवंत मान सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं। वे मुख्यमंत्री और गृह मंत्री हैं। वहीं, केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि आप पंजाब से ऐसी चीजों से मुक्ति की उम्मीद कैसे कर सकते हैं। पंजाब में शराब की फैक्ट्रियां चल रही हैं और शराब के पाउच बांटे जा रहे हैं। यह सरकार की मदद के बिना संभव नहीं है।*

### मुख्य सप्लायर गिरफ्तार, 5 गांवों में खोजबीन कर रहे

*एसएसपी अमृतसर मनिंदर सिंह ने बताया कि 4 लोगों को हिरासत में लिया। हमने मुख्य सप्लायर परबजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। हमने उससे पूछताछ की और किंगपिन सप्लायर साहब सिंह के बारे में पता लगाया। हमने उसे भी हिरासत में ले लिया है। आरोपियों में कुलबीर सिंह उर्फ जग्गू (मुख्य आरोपी प्रभजीत का भाई), साहिब सिंह उर्फ सराय, निवासी मारड़ी कलां, गुरजंट सिंह, निंदर कौर पत्नी जीता के तौर पर हुई है। छापेमारी जारी है। निर्माताओं को जल्द ही हिरासत में लिया जाएगा। दो एफआईआर दर्ज की गई हैं। 6 लोग अभी अस्पताल में भर्ती हैं। यह घटना पांच गांवों में हुई।*

### कई लोग गंभीर और बढ़ेगी संख्या

लोगों के अनुसार मृतकों की संख्या में इजाफा हो सकता है क्योंकि कई लोग गंभीर हैं। अमृतसर की डिप्टी कमिश्नर साक्षी साहनी ने कहा कि मजीठा में एक दुर्भाग्यपूर्ण त्रासदी हुई है। हमें 5 गांवों से रिपोर्ट मिली कि कल शराब पीने वाले लोगों की हालत गंभीर है। हमने अपनी मेडिकल टीमें भेजीं। हमारी मेडिकल टीमें अभी भी घर-घर जा रही हैं। लोगों में कुछ लक्षण हों या न हों, हम उन्हें अस्पताल ले जा रहे हैं ताकि हम उन्हें बचा सकें। सरकार हर संभव मदद कर रही है।

### डीएसपी और एसएचओ निलंबित

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि लापरवाही बरतने के आरोप में मजीठा के डीएसपी और एसएचओ को सस्पेंड कर दिया गया है। साथ ही इनके खिलाफ विभागीय जांच के भी आदेश दिए गए हैं। डीजीपी ने बताया कि डीएसपी मजीठा अमोलक सिंह और एसएचओ मजीठा अवतार सिंह को अपने आधिकारिक कर्तव्यों का निर्वहन करने में घोर लापरवाही के लिए निलंबित किया गया है।

---

## खबर संक्षेप

### अश्लील वीडियो बनाने वाली महिला गिरफ्तार



**जैसलमेर।** पिछले दिनों एक महिला का अश्लील वीडियो सामने आने के बाद जैसलमेर पुलिस ने वीडियो बनाने वाली महिला को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। साथी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सॉफ्टवेयर इंजीनियर महिला साथी संग अनजान जगहों पर लोगों के साथ अश्लील वीडियो बनाती थी।

### आंध्र शराब घोटाले के आरोपी मैसूरु से गिरफ्तार



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश की पूर्ववर्ती युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी सरकार के दौरान कथित रूप से हुए 3,200 करोड़ रुपए के शराब घोटाले के आरोपों की जांच के लिए गठित एसआईटी ने एक आरोपी बालाजी गोविंदप्पा को मंगलवार को मैसूरु से गिरफ्तार किया। गोविंदप्पा मामले में आरोपियों में से एक है।

### कलक्टरगंज गल्ला मंडी में आग से 6 झुलसे



**कानपुर।** कलक्टरगंज गल्ला मंडी में मंगलवार दोपहर बाद भीषण आग लग गई। बाजार की करीब 100 दुकानें आग की चपेट में बताई जा रही हैं। धुआं 12 किमी दूर कल्याणपुर में देखा जा रहा है। 6 लोगों के झुलसने की सूचना है। घायलों की संख्या में वृद्धि हो सकती है। अभी तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। पूरे क्षेत्र की बिजली बंद कर दी गई है।

### संन्यास के बाद संत प्रेमानंद से मिले कोहली



**वृंदावन।** टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा मंगलवार सुबह वृंदावन पहुंचे। यहां उन्होंने श्रीराधे हित केली कुंज आश्रम में संत प्रेमानंद से भेंट की। दोनों ने आशीर्वाद लिया और आध्यात्मिक चर्चा में भाग लिया। उनकी पहली सार्वजनिक उपस्थिति है। वे सीधे आध्यात्मिक शांति को पहुंचे।

---

## कांग्रेस ने सर्वदलीय बैठक की फिर मांग दोहराई, केंद्र से किए सवाल

# सरकार पहलगाम पर कारगिल समीक्षा समिति जैसी जांच कराए, अटल जी का भी दिया हवाला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मंगलवार को केंद्र सरकार से पूछा कि क्या मोदी सरकार 'पहलगाम' की घटना पर भी वैसी ही समीक्षा कराएगी जैसी 1999 में वाजपेयी सरकार ने कारगिल युद्ध के बाद की थी? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक और संसद का विशेष सत्र बुलाने की अपनी पुरानी मांग दोहराई और कहा कि अमेरिका से आई हालिया टिप्पणियों के बाद यह मांग और भी जरूरी हो गई है।

रमेश ने एक्स पर लिखा, कारगिल युद्ध खत्म होने के तीन दिन बाद, 29 जुलाई 1999 को वाजपेयी सरकार ने 'कारगिल समीक्षा समिति' बनाई थी। इसकी रिपोर्ट 23 फरवरी 2000 को संसद में रखी गई थी, हालांकि उसकी कुछ बातें आज भी गोपनीय हैं और रहनी भी चाहिए।उस कमेटी की अध्यक्षता भारत के रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञ के. सुब्रह्मण्यम ने की थी, जो विदेश मंत्री एस. जयशंकर जी के पिता हैं। रमेश ने कहा कि भले ही एनआईए जांच कर रही हो?अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रही चर्चाओं और अमेरिका से आ रहे बयानों के चलते अब यह जरूरी हो गया है कि सरकार देश के लोगों और राजनीतिक दलों को भरोसे में ले।

### कांग्रेस के जयराम ने ट्रंप की बात पर सरकार से की मांग

#### ट्रंप के श्रेय लेने पर कांग्रेस का प्रश्नचिन्ह?



जयरामके इस बयान के पीछे अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का एक बड़ा दावा है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में भारत और पाकिस्तान के बीच एक परमाणु संघर्ष टल गया था और इसमें अमेरिका की भूमिका रही। ट्रंप ने कहा कि शनिवार को हमने भारत और पाकिस्तान के बीच एक पूर्ण और तात्कालिक युद्धविराम कराने में मदद की। यह एक स्थायी समझौता है और हमने एक बड़ा परमाणु टकराव टाल दिया। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान से कहा कि अगर वे युद्ध बंद करते हैं, तो अमेरिका उनके साथ बड़ा व्यापार करेगा। और अगर नहीं माने, तो कोई व्यापार नहीं होगा। ट्रंप ने यह भी कहा था कि लोगों ने कभी व्यापार को इस तरह से इस्तेमाल नहीं किया जैसे मैंने किया। मैंने कहा कि युद्ध बंद करो, तो व्यापार होगा, नहीं तो कुछ नहीं।

#### सरकार ने कहा मध्यस्थ नहीं था

भारत सरकार के सूत्रों के अनुसार भारत और पाकिस्तान के सैन्य प्रमुखों (डीजीएमओ) ने आपसी सहमति से सभी तरह की सैन्य कार्रवाई- जमीन, हवा और समुद्र को रोकने का फैसला किया। भारत ने स्पष्ट किया है कि इसमें कोई तीसरी पार्टी शामिल नहीं थी।

### मोदी का विरोध करते-करते सेना, देश का विरोध न करे विपक्षः चौहान

**रायपुर।** केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध करते-करते विपक्ष देश और सेना का विरोध न करे। चौहान ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में सेना द्वारा चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' में सशस्त्र बलों की बहादुरी की सराहना की। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने महिलाओं के 'सिंदूर' को उजाड़ा और हमने आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट कर दिया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर सरकार से जवाब मांगे जाने के बारे में पूछे जाने पर चौहान ने कहा कि सारा देश (ऑपरेशन सिंदूर पर) गर्वित और गौरवान्वित है। पाकिस्तान ड्रोन छोड़ रहा था और वे तिनके की तरह उड़ गए। मैं हमारे बहादुर सेना, उसके पराक्रम को सलाम करता हूं। उनकी वीरता और उनके सटीक निशाने को सलाम करता हूं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का कोई भी हिस्सा ऐसा नहीं था जो हमारे लक्ष्य से दूर रहा हो। उन्होंने सिंदूर उजाड़ा, हमने आतंकवाद के अड्डे ही समाप्त कर दिए।

#### कांग्रेस सरकार ने गरीबों को घर नहीं दिया



**भाजपा ने जो कहा, वह किया**

चौहान ने कहा कि भाजपा ने वचन दिया था कि वह सभी हितग्राहियों को आवास देगी। आज हमने वादा हमने निभाया। हमने 8.47 लाख आवास आवंटित किए। 3.03 लाख आवास दुर्ग में आवंटित किया। अब केवल तीन लाख 767 हितग्राही बचे थे। सभी हितग्राही के पास आवास उपलब्ध हो जाएगा।

चौहान सरगुजा जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 लाख से अधिक आवास आवंटित करेंगे। चौहान ने कांग्रेस सरकार पर भी निशाना साधा और उस पर गरीबों का घर छीनने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस सरकार थी, तब मोर आवास-मोर अधिकार आंदोलन चला था। बघेल ने अपने पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री के कहने के बावजूद प्रधानमंत्री आवास की धनराशि आवंटित नहीं की। पीएम आवास योजना की राशि भेजी गई लेकिन वे राशि राज्य सरकार ने खर्च नहीं की।

---

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को दी नसीहत

# सड़क दुर्घटना के पीड़ितों के लिए कैशलेस सही अर्थों में लागू हो



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने केंद्र को मंगलवार को निर्देश दिया कि वह सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस (नकदी रहित) उपचार योजना को सही अर्थों में लागू करे। इस योजना के तहत प्रत्येक दुर्घटना में घायल प्रत्येक व्यक्ति अधिकतम 1.5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज पाने का हकदार होगा। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने केंद्र को अगस्त के अंत तक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें योजना के क्रियान्वयन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई हो। क्रियान्वयन रिपोर्ट में इस योजना के तहत कैशलेस उपचार प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की संख्या शामिल होगी। पीठ ने कहा कि हम केंद्र को निर्देश देते हैं कि वह सुनिश्चित करे कि योजना को सही अर्थों में लागू किया जाए।

### जामा मस्जिद-हरिहर मंदिर विवाद मामले में निर्णय सुरक्षित



**प्रयागराज।** संभल स्थित जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अपना निर्णय मंगलवार को सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने मस्जिद कमेटी के वकीलों, मंदिर पक्ष से हरिशंकर जैन और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के वकील की दलीलें सुनने के बाद अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया। 5 मई को एएसआई के वकील ने अपना जवाबी हलफनामा दाखिल किया था जिस पर अदालत ने मस्जिद कमेटी के वकील को 'रिज्वाइंडर' दाखिल करने का समय दिया था और सुनवाई की अगली तारीख 13 मई तय की थी।

### पुणे के स्कूल को अवैध निर्माण में नहीं मिली राहत

**मुंबई।** मुंबई उच्च न्यायालय ने पुणे के एक स्कूल को अनधिकृत निर्माण के मामले में राहत देने से इनकार करते हुए कहा है कि गैर-कानूनी निर्माण स्वाभाविक रूप से लाइलाज है। स्कूल ने अनधिकृत ढांचे को ध्वस्त करने के आदेश को अदालत में चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति ए. एस. गडकरी और न्यायमूर्ति कमल खता की पीठ ने नौ मई के आदेश में कहा कि सिर्फ इसलिए कि शैक्षणिक संस्थान में लगभग 2,000 छात्र पढ़ते हैं, अदालत अधिकारियों को अवैध संरचना को नियमित करने का निर्देश देने पर विचार नहीं कर सकती।

---

# भतीजे अजित के साथ दिखे शरद पवार फडणवीस और गडकरी भी रहे मौजूद

## *महाराष्ट्र की राजनीति में 'नया खेला' के संकेत तो नहीं*

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बाद अब स्थानीय निकाय के चुनाव होने हैं। सुप्रीम कोर्ट के रुख को देखते हुए इन चुनावों के इसी साल संपन्न होने की उम्मीद है। देश में ऑपरेशन सिंदूर की चर्चा है और महाराष्ट्र में शरद पवार कुछ बदले अंदाज में दिख रहे हैं। चर्चा हो रही है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी एक हो जाए, हालांकि इन चर्चाओं पर अजित पवार के करीबी प्रफुल्ल पटेल कह चुके हैं कि अभी कोई जरूरत नहीं है, लेकिन पिछले कुछ महीनों में जिस तरह से अजित और शरद की नजदीकी बढ़ी है। कुछ बड़ा होने की अटकलें लग रही हैं। कहा जा रहा है कि शरद भाजपा के साथ भी आ सकते हैं। यह सब ऐसे वक्त पर हो रहा है जब वे सोमवार को सीएम फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में भतीजे अजित के साथ बैठे।



### राहुल के पक्ष में माहौल नहीं: शरद

शरद पवार हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा था कि राहुल गांधी मेहनती हैं लेकिन देश के मौजूदा हालत में माहौल उनके पक्ष में नहीं है, पवार ने राहुल गांधी को जमीन पर और मेहनत करने की सलाह दी थी। इसी इंटरव्यू में उन्होंने अजित पवार के साथ भी कोई कटुता नहीं दिखाई थी।

## देश के प्रमुख बंदरगाहों में कार्गो का नाम दर्ज



**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख बंदरगाहों ने पिछले दशक में लगातार उल्लेखनीय प्रगति की है। जहाज से माल ढुलाई, परिचालन दक्षता और बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण के मामले में 2024-25 उपलब्धि पत्थर वर्ष के रूप में उभरा है। केंद्र ने बताया कि प्रमुख बंदरगाहों ने कार्गो हैंडलिंग में शानदार वृद्धि दर्ज करते हुए 2024-25 में रिकॉर्ड 855 मिलियन टन का आंकड़ा छू लिया।

# तमिलनाडु महिला अदालत ने 9 दोषियों को सुनाई उम्रकैद की सजा, 85 लाख जुर्माना

## *पोलाची यौन उत्पीड़न मामला, 6 साल बाद आया फैसला*

एजेंसी ▶▶ कोयंबटूर

पोलाची यौन उत्पीड़न एवं जबरन वसूली के सनसनीखेज मामले में गिरफ्तार सभी 9लोगों को मामले के सामने आने के 6 साल बाद मंगलवार को एक महिला अदालत ने दोषी ठहराया और 'मौत तक आजीवन कारावास' की सजा सुनाई। न्यायाधीश आर नंदिनी देवी ने सजा सुनाते हुए आठ पीड़िताओं को 85 लाख रुपए का मुआवजा दिए जाने का आदेश दिया। आरोपियों रिश्वंथ उर्फ एन. सबरीराजन, के. थिरुनावुकारसु , एम. सतीश, टी. वसंतकुमार, आर. मणिवन्नन उर्फ मणि, पी. बाबू उर्फ 'बाइक' बाबू, के. अरुलानंथम, टी. हारोनिमस पॉल और एम. अरुणकुमार को कड़ी सुरक्षा के बीच सेलम केंद्रीय कारागार से अदालत लाया गया। इन सभी की उम्र 30 से 39 वर्ष के बीच है।

### अदालत ने अलग- अलग सजा सुनाई



सीबीआई ने बताया कि दोषी व्यक्तियों को उम्रकैद की1-5 तक अलग-अलग सजा सुनाई गई। थिरुनावुकारसु को उम्रकैद की सबसे अधिक 5 सजा सुनाई गईं। अदालत ने आरोपियों को तीन से 10 साल तक के कारावास की अन्य अलग-अलग सजा भी सुनाई। न्यायाधीश ने 9 लोगों पर कुल 1.50 लाख रुपए का जुर्माना लगाया।

---

## सीजेआई जस्टिस खन्ना रिटायर, बताया अपना प्लान

# अब नहीं लूंगा कोई पद, कानून के क्षेत्र में काम करूंगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस संजीव खन्ना मंगलवार को रिटायर हो गए। इस मौके पर उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि रिटायर होने के बाद वह कोई भी आधिकारिक पद नहीं लेंगे। वे सुप्रीम कोर्ट में मीडियाकर्मियों से मिल रहे थे, तब उन्होंने एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद कोई किसी आयोग का अध्यक्ष पद या कोई अन्य संवैधानिक पद तो स्वीकार नहीं करेंगे, लेकिन कानून के क्षेत्र में वह काम करते रहेंगे। इस क्षेत्र में उनकी अगली भूमिका क्या होगी कुछ स्पष्ट नहीं किया। उन्होंने संकेत दिया कि वे न तो घर बैठेंगे और न ही सरकारी पद पर बैठेंगे बल्कि अपनी लंबी कानूनी यात्रा में कानून के क्षेत्र में ही नई भूमिका तय करेंगे।

### जस्टिस वर्मा मामले पर कहा- न्यायिक सोच निर्णयात्मक होनी चाहिए



बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली हाई कोर्ट के तत्कालीन जज जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर मिले करोड़ों के कैश और कथित भ्रष्टाचार के आरोपों से कैसे निपटा गया, इस पर उन्होंने कहा कि न्यायिक सोच निर्णायक और निर्णयात्मक होनी चाहिए। हम तर्कसंगत तरीके से मुद्दे पर निर्णय लेते हैं।

### ये उनके बड़े फैसले जो रखे जाएंगे याद

*पूर्व सीजेआई खन्ना का कार्यकाल महज 6 माह का ही रहा लेकिन बहुत प्रभावशाली रहा। पूर्व सीजेआई खन्ना ने जो निर्णय लिए वो भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में सदा के लिए दर्ज हो चुके हैं।*

### जस्टिस कैशकांड में लिया बड़ा फैसला

*दिल्ली उच्च न्यायालय के जस्टिस यशवंत वर्मा कैश स्कैंडल विवाद मामले से निपटने का उनका तरीका देख हर कोई दंग रह गया था। न्यायमूर्ति वर्मा के आवास पर जली हुई नकदी मिलने के बाद सीजेआई ने 3 सदस्यीय कमेटी गठित की। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर केस से जुड़े तथ्य सार्वजनिक किए और जांच के बाद तुरंत कार्रवाई की जस्टिस वर्मा से इस्फीफा मांगा जब उन्होंने इनकार किया तो सीजेआई ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखा और अभियोजन चलाने की सिफारिश की। आखिरकार जस्टिस वर्मा को हाई कोर्ट जज के पद से इस्तीफा देना पड़ा।*

### जजों की संपत्ति का खुलासा

इस केस के बाद न्यायपालिका की छवि धूमिल न हो पूर्व चीफ जस्टिस खन्ना ने 1 अप्रैल को एक पूर्ण न्यायालय बैठक बुलाई, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के सभी जजों की संपत्ति का पूरा खुलासा करने का प्रस्ताव पारित हुआ। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को अपनी संपत्ति सार्वजनिक करने के लिए भी राजी किया।ये निर्णय लिया गया कि सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों द्वारा संपत्ति का खुलासा भविष्य में भी किया जाता रहेगा।


**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग सामान्य वनमंडल खैरागढ़**
**काष्ठागार ठेलकाडीह का ई-ऑक्सन का संक्षिप्त विवरण**

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि सामान्य वनमंडल खैरागढ़ अधिनस्थ अस्थायी डिपो ठेलकाडीह में उपलब्ध नया एवं पुराना ईमारती काष्ठ का ई-ऑक्सन द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे ई-ऑक्सन में भाग लेवें। ई-ऑक्सन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमंडल एवं अस्थायी डिपो ठेलकाडीह से प्राप्त की जा सकती है।

**नीलाम दिनांक :- 21.05.2025, नीलाम समय :-दोपहर 02.00 से**

| प्रजाति | नया वनोपज (काष्ठ) | | | पुराना वनोपज (काष्ठ) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | घ.मी. | बल्ली (नग) | डेंगरी (नग) | घ.मी. | बल्ली (नग) | डेंगरी (नग) |
| सागौन | 388.640 | 633 | 2367 | 240.257 | 1747 | 2687 |
| बीजा | 43.337 | 0 | 0 | 148.731 | 0 | 0 |
| साजा | 102.386 | 0 | 0 | 56.041 | 0 | 0 |
| तिन्सा | 12.600 | 0 | 0 | 7.251 | 0 | 0 |
| हल्दु, मुंडी | 12.391 | 0 | 0 | 8.910 | 0 | 0 |
| खम्हार | 0 | 0 | 0 | 0.228 | 0 | 0 |
| धावड़ा | 60.295 | 0 | 0 | 4.997 | 0 | 0 |
| कसही | 10.793 | 0 | 0 | 67.238 | 0 | 0 |
| भिरहा | 5.744 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| नीलगिरी | 0 | 0 | 0 | 1.340 | 0 | 0 |
| अन्य | 78.614 | 0 | 0 | 15.310 | 124 | |
| योग | 714.800 | 633 | 2367 | 550.303 | 1871 | 2687 |

**पिपरिया डिपो के नये लाट जलाऊ चट्टा**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | जलाऊ चट्टा | मिश्रित | 889 चट्टा |

**पिपरिया डिपो के औद्योगिक बांस नया**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | औद्योगिक बांस | 2 मी. एवं 1 मी. साईज | 1856.00 नो. टन |

टीप :- 1. क्रेताओं को ई-आक्सन के पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-कार्मस पोर्टल मे रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। 2. क्रेताओं को ई-आक्सन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-कार्मस पोर्टल में अपने आई.डी से लॉग इन करके देख सकते है। 4. ई-आक्सन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सैकंड का समय प्राप्त होगा।

**वन मण्डल अधिकारी.**
**खैरागढ़ वनमंडल खैरागढ़**

G-252600784/4 "स्वच्छता ही सेवा"

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com जबलपुर, बुधवार 14 मई 2025

# जंगली हाथियों की निगरानी के लिए कंट्रोल रूम बनेगा



वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के ऐसे संरक्षित क्षेत्र जहां हाथियों का आवागमन या उपस्थिति है। उनमें एवं संरक्षित क्षेत्रों के बाहर जंगली हाथियों की सुरक्षा एवं अनुश्रवण, रहवास प्रबंधन तथा विकास के लिए योजना बनाई गई है। जंगली हाथियों की निगरानी के लिए कंट्रोल रूम, वन्यजीव मानव द्वंद्व को रोकने के लिए विभिन्न संरचनाएं बनाई जाएंगी। ई-आई सर्विलेंस की स्थापना और संचालन किया जाएगा। वन्य-प्राणियों के रेस्क्यू और पुनर्वास के लिए कार्य किया जाएगा।

यह भी महत्वपूर्ण है कि इस योजना के तहत प्रभावित क्षेत्रों में मानव-हाथी द्वंद से निपटने के लिए ग्रामीणों, वन विभाग और अन्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। विभिन्न प्रकार की फेंसिंग कार्य किया जाएगा, जिसमें सोलर फेंसिंग भी शामिल है। मानव-हाथी द्वंद्व के लिए रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया जाएगा और आवश्यक उपकरण क्रय किए जाएंगे। निगरानी और ट्रेकिंग कार्य के लिए पेट्रोलिंग वाहन और रेडियो कॉलर क्रय किए जाएंगे। साथ ही हाथी मित्र दल का गठन किया जाएगा।

## मोहन कैबिनेट में बड़ा फैसला

भोपाल व आसपास सटे जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए यह अच्छी खबर

# रायसेन में बनेंगे हाईस्पीड मेट्रो रेल कोच, 1800 रुपए करोड़ का निवेश, भूमि आवंटन जल्द होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल व आसपास सटे जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए यह अच्छी खबर है। राज्य सरकार रायसेन जिले के गौहरगंज में 1800 करोड़ रुपए के निवेश से हाईस्पीड रेल, वंदे भारत ट्रेन के कोच व उससे संबंधित उपकरण बनाने के लिए जमीन आवंटित करने जा रही है। मेट्रो कोच फैक्टरी लगने से स्थानीय लोगों को बड़े पैमाने पर रोजगार मिलेगा। इसे बेंग्लुरू के रोड शो में अमलीजामा पहना दिया जाएगा। इसके साथ ही मप्र कैबिनेट ने मंगलवार को मानव-हाथी द्वंद्व को कम करने, जंगली हाथियों के प्रबंधन के लिए कुल 47 करोड़ 11 लाख 69 हजार रुपए खर्च करने को भी मंजूरी दी है। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कैबिनेट व कैबिनेट से पूर्व लिए गए निर्णयों के बारे में पत्रकारों को विस्तार से जानकारी दी।

जंगली हाथियों के प्रबंधन के लिए 47 करोड़ 11 लाख रुपए से अधिक की योजना मंजूर

हाथी मित्र दल के गठन को मंजूरी

निवेश संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए आज बेंग्लुरू में रोड शो



### मानव-हाथी द्वंद्व कम होगा

जंगली हाथियों के प्रबंधन के लिए कुल 47 करोड़ 11 लाख 69 हजार रुपए खर्च करने को भी मंजूरी दी गई है। इससे वित्तीय वर्ष 2025-26 और वर्ष 2026-27 अर्थात आने वाले 2 वर्षों सहित कुल 4 वर्षों में (वर्ष 2023-24 से 2026-27 तक) के लिए की योजना की सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई है। योजना के तहत हाथियों की सुरक्षा एवं अनुश्रवण के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं वर्ष 2024-25 में कुल राशि एक करोड़ 52 लाख 54 हजार रुपए व्यय की गई है। निर्णय अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना में राशि 20 करोड़ रुपए और वर्ष 2026-27 में 25 करोड़ 59 लाख 15 हजार रुपए का प्रावधान किया गया।

## खबर संक्षेप

### 'इंदिरा तेरी फिर याद आई' होगा शुरू

**भोपाल।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीजफायर लागू होने पर कांग्रेस नया अभियान शुरू करेगी। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का बयान भी सामने आया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 'इंदिरा तेरी फिर याद आई' अभियान शुरू करेगी। इंदिरा ने पाकिस्तान, बांग्लादेश को अलग किया और देश-दुनिया को बताया कि भारतवर्ष ये है और नेतृत्व ऐसा होता है। पटवारी ने कहा कि एक नेतृत्व ऐसा था और बाकी देश समझे आज के नेतृत्व को। देश के प्रधानमंत्री ने 10 सालों में जो भाषण किया कि पाकिस्तान को लव लेटर लिखना बंद करना चाहिए, जो जिस भाषा में जवाब दे वैसे ही जवाब देना चाहिए, हमारे 26 लोगों की हत्या हुई।



### एम्स भोपाल के छात्र ने पुणे में की आत्महत्या

**भोपाल।** एम्स भोपाल के एमबीबीएस फर्स्ट ईयर के छात्र ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुणे के एएफएमसी कॉलेज के बाथरूम में कमोड पर शव मिला। महाराष्ट्र के बीड़ का उत्कर्ष हिंगने (18) कार्यक्रम में हिस्सा लेने एएफएमसी गया था। इसमें देशभर के मेडिकल कॉलेजों के विद्यार्थी थे।



### ई-पासपोर्ट लॉन्च, होगी आरएफआईडी चिप

**नई दिल्ली।** देश में डिजिटल युग में पासपोर्ट में बहुत बड़ा बदलाव किया गया है। अब भारत ने ई-पासपोर्ट लॉन्च कर दिए हैं। इन पासपोर्ट को भारतीय नागरिकों की यात्रा को ज्यादा सुरक्षित, तेज और आसान बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। ई-पासपोर्ट में रेडियो फ्रीक्वेंसी इडेंटिफिकेशन (एफएफआईडी) चिप लगी हुई है। इसमें यूजर्स की जानकारी होगी।



## बेटियों ने मारी बाजी : लड़कियों का पास प्रतिशत 91% से ज्यादा, लड़कों से 5.94% अधिक

# सीबीएसई12वीं में 88.39 फीसदी विद्यार्थी सफल, पास होने वालों का 0.41% बढ़ा

सीबीएसई 10वीं और 12वीं रिजल्ट 2025

रीजन में विजयवाड़ा टॉप पर

12 वीं में खुशी शेखावत और शावी जैन को मिले 499 मार्क्स

सीबीएसई बोर्ड 10वीं में 93.66% बच्चे पास, त्रिवेंद्रम क्षेत्र रहा टॉप पर


ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित डीपीएस स्कूल के छात्र आरव मल्होत्रा 10वीं में ऑल इंडिया टॉपर

### ऑल इंडिया टॉपर खुशी के अंक

| विषय | अंक |
|---|---|
| हिस्ट्री | 100/100 |
| पॉलिटिकल साइंस | 100/100 |
| ज्योग्राफी | 100/100 |
| पेंटिंग | 100/100 |
| इंग्लिश | 99/100 |

इस साल जवाहर नवोदय विद्यालय के स्टूडेंट्स का प्रदर्शन सबसे शानदार रहा

केंद्रीय विद्यालय 98.81% और प्राइवेट स्कूल 88.55% पर रहे



खुशी शेखावत



शावी जैन

### स्कूल प्रकार के अनुसार उत्तीर्ण प्रतिशत

| 12वीं | | 10वीं | |
|---|---|---|---|
| जवाहर नवोदय विद्यालय | 99.29% | जेएनवी | 99.49% |
| केंद्रीय विद्यालय | 99.05% | केवी | 99.45% |
| एसटीएसएस स्कूल | 98.96% | स्वतंत्र | 94.17% |
| सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल | 91.57% | एसटीएसएस | 91.53% |
| सरकारी स्कूल | 90.48% | सरकारी | 89.26% |
| स्वतंत्र / निजी स्कूल | 87.94% | सरकारी सहायता प्राप्त | 83.94% |

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 12वीं के नतीजे घोषित कर दिए हैं। इस बार पास प्रतिशत 88.39 फीसदी रहा है। 17 रीजन में विजयवाड़ा 99.60 फीसदी के साथ टॉप पर है। वहीं, दूसरे स्थान पर त्रिवेंद्रम है। जहां 99.32 फीसदी बच्चे पास हुए हैं। पिछले साल की तुलना में पास होने वालों का प्रतिशत 0.41% बढ़ा है। लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है।

लड़कियों का पास प्रतिशत 91% से ज्यादा रहा, जो लड़कों से 5.94% अधिक है। सबकी नजरें जवाहर नवोदय विद्यालय और केंद्रीय विद्यालय पर टिकी हुई थीं।

### पीएम मोदी ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीबीएसई 10वीं, 12वीं परीक्षा 2025 में सफल स्टूडेंट्स को बधाई दी है। साथ ही कम अंक हासिल करने वालों के लिए भी मैसेज दिया है। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा- एक परीक्षा आपको परिभाषित नहीं कर सकती है।

### मेरिट लिस्ट जारी नहीं होगी

सीबीएसई बोर्ड मेरिट लिस्ट जारी नहीं करता है। इसके अलावा रिजल्ट में कोई टॉपर भी घोषित नहीं किया जाता है। बोर्ड सभी स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों को ये निर्देश भी देता है कि किसी भी बच्चे को स्कूल या जिले का टॉपर घोषित न करें।

### 12वीं पास स्टूडेंट्स को आईआईटी में एडमिशन कैसे मिलेगा?

देश के टॉप इंजीनियरिंग संस्थान यानी आईआईटी में एडमिशन के लिए जेईई एडवांस्ड 2025 पास करना जरूरी है। जेईई मेन 2025 परीक्षा में सफल हुए टॉप ढाई लाख स्टूडेंट्स 18 मई 2025 को जेईई एडवांस्ड देंगे। इस परीक्षा में सिर्फ वही स्टूडेंट्स शामिल हो सकते हैं, जिन्होंने जेईई एडवांस्ड 2025 के लिए आवेदन किया होगा। एनटीए सीयूईटी यूजी परीक्षा 13 मई 2025 से शुरू हो गई है।

### इन बेटियों ने किया टॉप

उत्तर प्रदेश के जनपद बुलंदशहर में डीपीएस स्कूल की छात्रा रिद्दिमा सिंह ने इंटरमीडिएट परीक्षा में 99.6 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले का नाम रोशन कर दिया है। 500 में से 498 अंक प्राप्त कर रिद्दिमा ने जिले में टॉप किया है। रिद्दिमा को गणित, अंग्रेजी समेत चार विषयों में पूरे 100 में से 100 अंक प्राप्त हुए हैं। वहीं इतिहास विषय में उन्हें 100 में से 98 अंक मिले हैं। इस शानदार प्रदर्शन के बाद रिद्दिमा न सिर्फ अपने स्कूल की, बल्कि पूरे जिले की शान बन गई हैं। शामली में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में कक्षा 12वीं की छात्रा शावी जैन ने ऑल इंडिया टॉप किया है। इन्होंने 500 में से 499 अंक हासिल किए हैं। शावी शामली के स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा हैं। प्रिंस एकेडमी की खुशी शेखावत 499/500 (99.80%) अंकों के साथ ऑल इंडिया टॉपर बताई जा रही हैं। खुशी ने हिस्ट्री में 100/100, पॉलिटिकल साइंस में 100/100, ज्योग्राफी में 100/100, पेंटिंग में 100/100 और इंग्लिश में 99/100 अंक हासिल किए हैं।

## केवल दो रीजन नोएडा और प्रयागराज मप्र से नीचे रहे

# प्रदेश में 82.46 प्रतिशत रिजल्ट 17 सीजन में 15वें पायदान पर



79.61 प्रतिशत लड़के जबकि 85.58 प्रतिशत लड़कियां पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के 12वीं के मप्र का परीक्षा का परिणाम 82.46 प्रतिशत रहा है। देश के 17 सीजन में प्रदेश 15वें पायदान पर रहा। केवल दो रीजन नोएडा और प्रयागराज एमपी से नीचे रहे। सीबीएसई बोर्ड 12वीं में मध्य प्रदेश में 82.46 प्रतिशत रिजल्ट रहा है। मध्यप्रदेश में 475 वहीं भोपाल में 36 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। 12वीं परीक्षा के लिए मध्यप्रदेश में कुल 74,502 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इनमें 38,974 लड़के और 35,528 लड़कियां थीं। परीक्षा में कुल 74,165 विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें 38,746 लड़के और 35,419 लड़कियां थीं। इनमें से कुल 61,157 विद्यार्थी पास हुए, जिनमें 30,847 लड़के और 30,310 लड़कियां हैं। 79.61 प्रतिशत लड़के जबकि 85.58 प्रतिशत लड़कियां पास हुई हैं। मध्यप्रदेश में सीबीएसई के कुल 1252 स्कूल हैं।

### दसवीं में भोपाल दसवें स्थान पर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं परीक्षा का मध्यप्रदेश का 92.71 प्रतिशत परिणाम रहा हैं। मध्यप्रदेश में एक लाख 15 हजार 645 स्टूडेंट ने परीक्षा दी थी। जिनमें से एक लाख 7 हजार 211 पास हुए हैं। लड़कों का प्रतिशत 91.32 रहा जबकि 94.40 प्रतिशत लड़कियां पास हुई हैं। मप्र में 10वीं तक के 1506 सीबीएसई स्कूल हैं। इस साल बोर्ड ने 493 एग्जाम सेंटर बनाए थे। इस बार भोपाल रीजन 92.71 प्रतिशत परिणाम के साथ दसवें स्थान पर रहा है।

## आज जस्टिस गवई शपथ लेंगे भारत के 52 वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में

# भारतीय न्यायपालिका के शीर्ष पर पहुंचने वाले वे दलित वर्ग से दूसरे सीजेआई होंगे

गवई ने कहा था-यह पूरी तरह से डॉ. बीआर आंबेडकर के प्रयासों के कारण ही संभव हुआ कि मेरे जैसे व्यक्ति, जो एक अर्ध-झुग्गी-झोपड़ी वाले इलाके में नगरपालिका स्कूल में पढ़ता था, इस पद तक पहुंच सका

**एजेंसी :नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई (बीआर गवई) 14 मई को जब भारत के 52 वें मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के रूप में शपथ लेंगे, तो वे गणतंत्र के इतिहास में भारतीय न्यायपालिका के टॉप पर पहुंचने वाले दूसरे दलित चीफ जस्टिस बनेंगे। जस्टिस गवई ने अक्सर भारत के संविधान की महानता की चर्चा की है। जिसने उनके भाग्य को निर्धारित किया। पिछले साल बीआर गवई ने अपने भाषण



में कहा था कि यह पूरी तरह से डॉ. बीआर आंबेडकर के प्रयासों के कारण ही संभव हुआ कि मेरे जैसे व्यक्ति, जो एक अर्ध-झुग्गी-झोपड़ी वाले इलाके में नगरपालिका स्कूल में पढ़ता था, इस पद तक पहुंच सका।

### पिता ने आरपीआई (गवई) की स्थापना की थी

जस्टिस गवई, रामकृष्ण सूर्यभान गवई (1929-2015) के पुत्र हैं, जो बाबासाहेब आंबेडकर के करीबी सहयोगी और नागपुर में दीक्षाभूमि स्मारक समिति के अध्यक्ष थे। अपने अनुयायियों और प्रशंसकों के बीच दादासाहेब कहे जाने वाले वरिष्ठ गवई 1964 से 1998 तक महाराष्ट्र की राजनीति में सक्रिय रहे और उन्होंने आंबेडकरवादी संगठन, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (गवई) की स्थापना की।

## कर्नल सोफिया पर विवादित बयान के बाद मंत्री विजय शाह तलब

# संगठन महामंत्री से मिलने हवाई चप्पल में दौड़ते पहुंचे, भाजपा दफ्तर में बंद कमरे में हुई मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान के बाद मंत्री विजय शाह को तलब किया गया। विजय शाह, संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा से मिलने पहुंचे। प्रदेश भाजपा दफ्तर में दोनों नेताओं के बीच बंद कमरे में मुलाकात हुई।

मंत्र विजय शाह ने अपने विवादित बयान को लेकर माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि मैं अपने बयान को लेकर माफी मांगता हूं। किसी समाज या कर्नल सोफिया कुरैशी को मेरे बयान से आहत हुआ है तो मैं 10 बार माफी मांगता हूं।

◆ शाह बोले-मैं दस बार माफी मांगने के लिए तैयार, कर्नल सोफिया कुरैशी मेरी बहन



### यह थी आपत्तिजनक टिप्पणी

दरअसल, इंदौर के महू में आयोजित एक कार्यक्रम में मंत्री विजय शाह ने ऐसा बयान दे दिया, जिसने विवाद खड़ा कर दिया। अपने संबोधन में मंत्री शाह ने भारतीय सेना की महिला अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि पाकिस्तानियों ने हमारे देश के लोगों के कपड़े उतारे, लेकिन हमने उनकी समाज की बहन (कर्नल सोफिया कुरैशी) को भेजकर उनकी ऐसी तैसी करवा दी। शाह ने आगे कहा था कि 'आतंकियों ने कहा था मोदी को बताना कि उन्होंने हमारे हिंदुओं को मारा।

## बच्चों को रात में ही जावर और आष्टा के अस्पतालों में भर्ती कराया गया

# मुंडन समारोह में मटका कुल्फी खाने से 40 बच्चे बीमार, 3 की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर-जावर

जिले की जावर तहसील के गांव भाऊखेड़ी में सोमवार शाम एक मुंडन कार्यक्रम के दौरान खराब मटका कुल्फी खाने से लगभग 40 बच्चे बीमार हो गए। बच्चों को उल्टी और दस्त की शिकायत हुई। बच्चों को रात में ही जावर और आष्टा के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। आष्टा के सिविल अस्पताल में 11 बच्चों को भर्ती किया गया। तीन बच्चों की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल रेफर करने की तैयारी की जा रही है। बाकी बच्चों की



स्थिति अब स्थिर बताई जा रही है। घटना मामा के यहां मान उतारने के कार्यक्रम के दौरान हुई। कुल्फी खाने के लगभग आधे घंटे बाद बच्चों की तबीयत बिगड़नी शुरू हुई। स्थानीय प्रशासन के अधिकारी अस्पताल पहुंचे और बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। जावर थाना प्रभारी अनीता देयरवाल के अनुसार, सुरेंद्र निवासी भाऊखेड़ी की शिकायत पर कुल्फी विक्रेता अफजल के खिलाफ धारा 274, 275 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## प्रदेश में प्री-मानसून आंधी-बारिश का दौर जारी, दो दर्जन जिलों में सुबह से शाम तक बदला मौसम

प्रदेश में छग के रास्ते मंडला, बालाघाट सिवनी से करेगा एंट्री

# प्रदेश में 15, भोपाल में 18 जून को मानसून की एंट्री तय, 25 तक पूरा प्रदेश होगा 'कवर'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में दक्षिण पश्चिमी मानसून की एंट्री 15 जून को अब लगभग तय हो गई है। आईएमडी के अनुसार मंगलवार को मानसून दक्षिणी बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों, दक्षिणी अंडमान सागर, निकोबार द्वीप समूह और उत्तरी अंडमान सागर के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ गया है। यह अगले 4 दिन में पूरे अंडमान को कवर कर लेगा।

इसके बाद तय समय पर केरल में आमद होगी। जिससे प्रदेश तक अपने तय समय यानि 15 जून तक ऑनसेट होगा। हालांकि, अभी मानसून 4 दिन पहले आमद दे रहा है, जिससे पूरी उम्मीद है कि मप्र में भी 15 से पहले एंट्री होगी। 15 जून तक मानसून प्रदेश में छत्तीसगढ़ के रास्ते एंट्री लेगा।



### कुछ जिलों में पारा गिरा

बारिश वाले जिलों में मंगलवार को दिन के पारे में मामूली कमी आई। भोपाल में दशमलव 2 डिग्री गिरकर 38०2 डिग्री रहा। धार, नर्मदापुरम, रायसेन, रतलाम आदि जिलों में पारा एक से 2 डिग्री तक गिरा। प्रदेश में औसत दिन का पारा सामान्य से औसतन 3 डिग्री तक कम है।

### इधर, प्री मानसून से दो दर्जन जिले भीगे

मंगलवार को सुबह से शाम तक आंधी-बारिश और बादलों का दौर रहा। इस बीच भोपाल के साथ ही बड़वानी, छिंदवाड़ा, पांढुर्ना, खरगोन, बैतूल, सिवनी, धार, अलीराजपुर, देवास, सीहोर, हरदा, बुरहानपुर, डिंडोरी, अनूपपुर, सागर में हल्की आंधी के साथ बारिश हुई। कुछ जगह ओले भी गिरे हैं। मौसम केंद्र के अनुसार बुधवार को भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, देवास, मंदसौरआदि।

## सिंधु जल समझौते पर पाक की फिर गीदड़भभकी

# विदेश मंत्री डार बोले- पानी का मुद्दा नहीं सुलझा तो टूट सकता है 'सीजफायर'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर पर शनिवार शाम को मुहर लग गई। दोनों देशों के डीजीएमओ ने आपस में बात कर सीजफायर को हरी झंडी दिखा दी है। इसके बाद एक बार फिर से पाकिस्तान ने भारत को गीदड़भभकी दी है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार एक बार फिर सीजफायर टूटने की चेतावनी देने लगे हैं। इशाक डार का कहना है कि अगर भारत और पाक के बीच पानी का विवाद नहीं सुलझा तो यह सीजफायर ज्यादा दिन नहीं चलेगा।



• पाकिस्तान का पंजाब और सिंध प्रांत पूरी तरह से सिंधु नदी के पानी पर निर्भर है। ऐसे में अगर भारत पानी का कुछ हिस्सा रोकने या पानी का बहाव मोड़ने में कामयाब होता है तो इससे पाकिस्तान को काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

सीजफायर की सहमति में सिंधु जल समझौता शामिल नहीं

दोनों देशों के बीच पानी का बंटवारा पहले भी विवाद में

### विश्व बैंक का नहीं मिला साथ



हाल ही में विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने स्पष्ट कर दिया है कि सिंधु जल समझौते में हमारी भूमिका केवल एक सुविधा-प्रदाता की है। उन्होंने यह भी कहा था कि मीडिया में इस बारे में बहुत अटकलें लगाई जा रही हैं कि विश्व बैंक किस तरह से इस समस्या को हल करेगा, लेकिन यह सब बेबुनियाद है। विश्व बैंक की भूमिका केवल एक सुविधा-प्रदाता की है।

### सिंधु जल समझौता

विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुई सिंधु जल संधि के तहत 1960 से भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के पानी के बंटवारे एवं इस्तेमाल को नियंत्रित किया गया है। सिंधु नदी प्रणाली में मुख्य नदी सिंधु और उसकी सहायक नदियां शामिल हैं। रावी, ब्यास, सतलुज, झेलम और चिनाब इसकी सहायक नदिया हैं।

### पहलगाम हमले के बाद रद्द हुई संधि

सिंधु समेत अन्य सहायक नदियों को लेकर पानी का बंटवारा अक्सर दोनों देशों के बीच विवाद का कारण रहा है। हालांकि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने 1960 के सिंधु जल समझौते को रद्द कर दिया था।

### पाकिस्तान को हो रहा बड़ा नुकसान

सिंधु जल समझौता रद्द होने के बाद पाकिस्तान को डर सता रहा है कि भारत सिंधु, चिनाब और झेलम नदियों पर बांध बनाकर पानी के बहाव को प्रभावित कर सकता है। पाकिस्तान का पंजाब और सिंध प्रांत पूरी तरह से सिंधु नदी के पानी पर निर्भर है। ऐसे में अगर भारत पानी का कुछ हिस्सा रोकने या पानी का बहाव मोड़ने में कामयाब होता है तो इससे पाकिस्तान को काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है।



**पानी के बंटवारे को 'एक्ट ऑफ वार' मानेंगे**

*मीडिया रिपोर्ट के हवाले से इशाक डार ने कहा कि अगर पानी के बंटवारे पर कोई समझौता नहीं हुआ तो यह 'एक्ट ऑफ वॉर' माना जाएगा। साथ ही उन्होंने कश्मीर के मुद्दे को इस पूरी लड़ाई की जड़ बताया है। बता दें, सीजफायर के तहत दोनों देशों ने एक-दूसरे पर हमला न करने पर सहमति जताई है। हालांकि, इसमें सिंधु जल समझौते का कोई जिक्र नहीं है।*

## ऑपरेशन 'सिंदूर' के बाद जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों को मिली बड़ी कामयाबी

# शोपियां मुठभेड़ में लश्कर के तीन आतंकियों को मार गिराया, सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी

एजेंसी ▶▶ जम्मू

ऑपरेशन सिंदूर के बाद सुरक्षा बलों को एक और बड़ी कामयाबी मिली है। जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों ने लश्कर के तीन आतंकियों को मार गिराया है। मंगलवार को शोपियां में सेना ने बड़ा अभियान चलाया और सफलता हासिल की। इस संबंध में सेना ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि विशेष सूचना के आधार पर दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के शुकरू केलर इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया गया था। सेना के मुताबिक ऑपरेशन के दौरान आतंकवादियों ने भारी गोलीबारी की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। मुठभेड़ के दौरान तीन आतंकवादी मारे गए हैं, जबकि ऑपरेशन जारी है। दरअसल 13 मई को राष्ट्रीय राइफल्स यूनिट की विशेष खुफिया यूनिट को शोपियां के शोकल केलर में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में पता चला था। इसके बाद भारतीय सेना ने तलाशी अभियान शुरू कर दिया। ऑपरेशन के दौरान आतंकवादियों ने भारी गोलीबारी की, जिसके मुठभेड़ शुरू हुई। परिणामस्वरूप तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया। अभी मारे गए आतंकवादियों की शिनाख्त नहीं हुई है।

*सेना ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि विशेष सूचना के आधार पर दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के शुकरू केलर इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया गया था। सेना के मुताबिक ऑपरेशन के दौरान आतंकवादियों ने भारी गोलीबारी की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।*

- राष्ट्रीय राइफल्स यूनिट की विशेष खुफिया यूनिट को मिली जानकारी
- मारे गए आंतकियों की सेना द्वारा शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे



### पहले एक आतंकी को ढेर किया

*सेना ने बताया कि दोनों तरफ से फायरिंग हुई। सुरक्षाबलों ने पहले मुठभेड़ में एक आतंकी को ढेर कर दिया। इसके बाद कुछ समय बाद ही दो और आतंकियों को भी मार गिराने में सफलता हासिल की है। बता दें, 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने हमला करके 26 लोगों की हत्या कर दी थी। उसके बाद से ही जम्मू-कश्मीर में विशेष तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत आतंकियों से मंगलवार को मुठभेड़ हुई। हालांकि मुठभेड़ में मारे गए आतंकी पहलगाम में हमला करने वाले आतंकी नहीं हैं।*

### पहलगाम आतंकियों के पोस्टर जारी, 20 लाख का इनाम



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को 26 पर्यटकों की निर्मम हत्या करने वाले आतंकियों के पोस्टर जारी कर दिए गए हैं। शोपियां जिले के विभिन्न इलाकों में आतंकियों के पोस्टर लगाए गए हैं, जिनकी सूचना देने वाले को 20 लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की गई है। साथ ही पुलिस की तरफ से कहा गया है कि पहलगाम आतंकी हमले में शामिल आरोपियों की सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार, पुलवामा जिले के त्राल में आसिफ शेख और बिजबेहरा में आदिल ठोकर के घरों को विस्फोट करके जमींदोज किया गया था। इन आतंकियों पर 22 अप्रैल को पहलगाम के बैसरन में हुए हमले में शामिल होने का संदेह है। अनंतनाग जिले का निवासी ठोकर 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए नरसंहार का मुख्य आरोपी है। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने पहलगाम हमला मामले में 25 अप्रैल को बड़ी कार्रवाई करते हुए त्राल (पुलवामा) और बिजबेहरा (अनंतनाग) में दो आतंकवादियों के घरों को ध्वस्त कर दिया था।

### भारत ने दिखाई अपनी क्षमता और ताकत: सिंह

**600 बंकर और सायरन प्रणाली देंगे**

*केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ हाल में हुए चार दिवसीय संघर्ष में भारत ने दुनिया के समक्ष अपनी क्षमता और ताकत का प्रदर्शन किया है। उन्होंने इसका श्रेय पीएम नरेंद्र मोदी के शासनकाल में हुए विकास को दिया। सिंह ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तानी ड्रोन के हमले से प्रभावित कठुआ के क्षेत्रों का दौरा किया। इस मौके पर उन निवासियों के लिए 600 'पारिवारिक बंकरों' और जिले में एक केंद्रीकृत, प्रौद्योगिकी-संचालित सायरन प्रणाली का वादा किया।*



## वायु रक्षा प्रणाली होगी और मजबूत

# भारत ने रूस से अतिरिक्त एस-400 डिफेंस सिस्टम मांगा, आग्रह मंजूर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम के सफल इस्तेमाल के बाद, भारत ने रूस से इस प्लेटफॉर्म की अतिरिक्त यूनिट्स की मांग की है।

मीडिया सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, भारत अपनी वायु रक्षा क्षमताओं को और मजबूत करना चाहता है। पाकिस्तानी मिसाइलों और ड्रोन को मार गिराने में एस-400 सिस्टम ने शानदार भूमिका निभाई है। इसकी सटीकता और प्रभावशीलता को देखते हुए भारत ने यह कदम उठाया है। उम्मीद है कि रूस भारत के इस आग्रह को जल्द ही मंजूरी दे देगा।

'सुदर्शन चक्र' की खासियत यह है कि यह एक साथ कई लक्ष्यों पर निशाना साध सकता है। यह हर तरह के हवाई खतरे से निपटने में सक्षम है।

यही वजह है कि भारत इसे अपनी सुरक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण मानता है। भारत सरकार अपनी वायु रक्षा प्रणाली को और भी मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। एस-400 की अतिरिक्त यूनिट्स मिलने से भारत की सुरक्षा और भी पुख्ता होगी।

'सुदर्शन चक्र' कई लक्ष्यों पर एक साथ निशाना साधने में सक्षम



### दुश्मन के लिए काल साबित हुआ

*भारत ने 2018 में रूस के साथ 5.43 बिलियन अमेरिकी डॉलर का सौदा किया था। इस सौदे के तहत भारत को पांच एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम मिलने थे। पहला सिस्टम 2021 में पंजाब में तैनात किया गया था। इसका उद्देश्य पाकिस्तान और चीन से आने वाले हवाई खतरों से निपटना है। एस-400 सिस्टम चार तरह की मिसाइलें दाग सकता है। यह विमानों, ड्रोन, क्रूज मिसाइलों और बैलिस्टिक मिसाइलों को भी मार गिराने में सक्षम है। इसका एडवांस्ड फेज-एरे रडार एक साथ 100 से ज्यादा लक्ष्यों को ट्रैक कर सकता है। मोबाइल लॉन्चर की वजह से इसे युद्ध के मैदान में तेजी से तैनात किया जा सकता है।*

### 600 किमी दूर के लक्ष्यों को ट्रैक करता है

*सूत्रों की मानें तो रूस जल्द ही भारत के अनुरोध को स्वीकार कर सकता है। भारत में एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम को 'सुदर्शन चक्र' के नाम से भी जाना जाता है। यह दुनिया के सबसे आधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम में से एक है। यह 600 किलोमीटर दूर तक के लक्ष्यों को ट्रैक कर सकता है और 400 किलोमीटर की दूरी पर उन्हें मार गिरा सकता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान यह सिस्टम अपनी जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह से कामयाब रहा है और इसकी वजह से पाकिस्तान के तुर्की वाले ड्रोन और चीनी मिसाइलें बुरी तरह मात खा चुकी हैं।*

## खबर संक्षेप

### यूएस में सड़क हादसा, दो भारतीय छात्रों की मौत



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पेंसिल्वेनिया राज्य में एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो भारतीय छात्रों की मौत हो गई। यह हादसा शनिवार सुबह उस समय हुआ जब उनकी कार एक पेड़ से टकराकर पुल से जा भिड़ी। इस हादसे में दोनों छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य छात्र घायल हुआ है जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान मानव पटेल और सौरव प्रभाकर के रूप में हुई है। दोनों छात्र क्लिवलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहे थे। भारतीय वाणिज्य दूतावास, न्यूयॉर्क ने इस पर गहरा शोक जताया।

### ऑपरेशन सिंदूर को राजेश नरवाल ने सराहा



**करनाल।** भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के पिता राजेश नरवाल ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत सरकार की कार्रवाई की सराहना की है। राजेश नरवाल ने पीएम नरेंद्र मोदी के संबोधन का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम के संबोधन के जरिए आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों, विशेष रूप से पाकिस्तान को साफ संदेश दिया गया है। पहलगाम हमले के खिलाफ की गई कार्रवाई बिल्कुल सही थी, और मैं इससे पूरी तरह सहमत हूं। पाक समझ ले कि अब कोई चेतावनी नहीं दी जाएगी।

## कुपवाड़ा में लोगों से मिले सीएम उमर अब्दुल्ला

# नुकसान के आंकलन के बाद मुआवजा देने का किया वादा

एजेंसी ▶▶ जम्मू-कश्मीर

जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कुपवाड़ा जिले में पाकिस्तानी गोलीबारी से प्रभावित लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार नुकसान का आंकलन पूरा होने के बाद मुआवजा देगी। उन्होंने कहा कि ईश्वर की कृपा से किसी की जान नहीं गई है, लेकिन घरों, दुकानों और मदरसों जैसी सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन जल्द ही नुकसान का आकलन पूरा कर लेगी। उसके बाद सरकार मुआवजा जारी करेगी। हमने सामूहिक बंकर बनाए थे, लेकिन उनका लंबे समय से उपयोग नहीं हुआ। अब हम लाइन ऑफ कंट्रोल और सीमा क्षेत्रों में व्यक्तिगत बंकर भी बनवाने की कोशिश करेंगे। सीएम ने कुपवाड़ा जिले के टंगधार क्षेत्र में गोलाबारी प्रभावित इलाकों का दौरा किया और कहा कि सरकार उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और उनके दर्द को अनदेखा नहीं किया जाएगा। सरकार हर संभव प्रयास करेगी कि ये लोग फिर से गरिमा और आशा के साथ अपने जीवन का निर्माण कर सकें।



## भारत और अमेरिका बीटीए पर करेंगे वार्ता

# 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार बढ़कर 500 डॉलर करने पर बनेगी रणनीति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों का एक दल प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर अपने अमेरिकी समकक्षों के साथ 17 मई से वाशिंगटन में चर्चा करेगा। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अपनी यात्रा के दौरान गोयल के अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जेमिसन ग्रीर और अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक के साथ बैठक करने की उम्मीद है। यह चार दिवसीय वार्ता (17-20 मई) ऐसे समय में हो रही है, जब दोनों देश इस वर्ष शरद ऋतु (सितंबर-अक्टूबर) तक व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने से पहले 'शीघ्र पारस्परिक लाभ' सुनिश्चित करने के लिए वस्तुओं में अंतरिम व्यापार व्यवस्था की संभावना तलाश रहे हैं।



### जवाबी शुल्क लगाने का अधिकार सुरक्षित

अधिकारी ने बताया कि दोनों देशों के मुख्य वार्ताकार 19 से 22 मई तक बैठक करेंगे। गोयल 16 मई को वाशिंगटन पहुंचेंगे। भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) मानदंडों के तहत अमेरिका के इस्पात और एल्युमीनियम पर लगाये गये शुल्क को लेकर कुछ अमेरिकी उत्पादों पर जवाबी शुल्क लगाने के अपने अधिकार को सुरक्षित रखा है और वह दोनों देशों के बीच चल रहे द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए वार्ता के माध्यम से इस मुद्दे को हल करने का विकल्प चुन सकता है।

## चीन के डिफेंस स्टॉक्स पस्त

# 'मेक इन इंडिया' कंपनियों के शेयर में भारी उछाल दिखा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत और पाकिस्तान के बीच हुए हालिया संघर्ष में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को मिले कई हथियारों को धूल चटा दी। 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत के तहत भारतीय डिफेंस सेक्टर से जुड़ी कंपनियों के रक्षा उत्पादों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चीन और तुकिये के हथियारों को निष्क्रिय कर दिया। इसके चलते भारत के डिफेंस शेयरों में मंगलवार को तेजी देखने को मिल रही है। ऐसे में ड्रोन बनाने वाली कंपनियों के स्टॉक और डिफेंस सेक्टर से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में 11 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल), भारत डायनेमिक्स लिमिटेड और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के शेयर मंगलवार को 8 प्रतिशत तक चढ़ गए। भारत डायनामिक्स 7.81 प्रतिशत बढ़कर 1,692.35 रुपए के हाई लेवल पर पहुंच गया। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स 4.32 प्रतिशत बढ़कर 4,631.35 रुपए पर पहुंच गया।



## ऑपरेशन 'सिंदूर' में दिखी भारतीय सेना की ताकत और पराक्रम

पाकिस्तान के फतह रॉकेट लॉन्चर सिस्टम को धूल में मिला दिया

# चीन-तुर्किये के हथियार खिलौने साबित हुए, सेना ने मार गिराए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की तरफ से पाकिस्तान के आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की जबरदस्त सफलता के सबूत मिलने जारी हैं। बता दें, सोमवार को डीजीएमओ की प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन हथियारों की जानकारी दी गई, जिन्हें पाकिस्तान की तरफ से भारत पर हमले के लिए इस्तेमाल किया गया। बड़ी बात यह रही कि पाकिस्तान का एक भी हथियार भारतीय सेना को नुकसान नहीं पहुंचा पाया और इन्हें भारत में मार गिराया गया। उन्होंने चीन की पीएल-15 मिसाइल से लेकर तुर्किये के बायकर यीहा-थ्री कामिकाजे ड्रोन्स तक का मलबा दिखाया। भारत ने चीन के एचक्यू-9 एयर डिफेंस सिस्टम, जे-10सी लड़ाकू विमान, एसएच-15 तोपें और पाकिस्तान के फतह रॉकेट लॉन्चर सिस्टम को धूल में मिला दिया।



### चीन का एचक्यू-9 एयर डिफेंस सिस्टम

*पाकिस्तान ने 7 से 8 मई की दरमियानी रात में फिर हमले की कोशिश की। जवाब में भारत ने पाकिस्तान के एयर डिफेंस यूनिट को निशाना बनाया। इससे लाहौर की सुरक्षा में तैनात एचक्यू-9 एयर डिफेंस सिस्टम पूरी तरह तबाह हो गया।*

### तुर्किये के बायकर यीहा-थ्री कामिकाजे ड्रोन्स

बायकर यीहा-थ्री ड्रोन्स का निर्माण तुर्किये करता है। यह कामिकाजे वर्ग के ड्रोन्स हैं, जो कि जबरदस्त विस्फोटक सामग्री लेकर दुश्मन के ठिकानों से टकराकर उन्हें तबाह करने की क्षमता रखते हैं। कामिकाजे ड्रोन्स की खासियत होती है कि वह अपने लक्ष्यों को नुकसान पहुंचाने के लिए उनसे टकराकर खुद भी ध्वस्त हो जाता है। यानी यह एक बार इस्तेमाल किया जाने वाला सिंगल मिशन ड्रोन है।

### चीन का जे-10सी लड़ाकू विमान

चीन का यह एक इंजन वाला लड़ाकू विमान चौथी पीढ़ी का एयरक्राफ्ट कहा जाता है। चीन के अलावा इसे सिर्फ पाकिस्तान की वायुसेना ही उड़ाती है। 2020 में पाकिस्तान ने 36 जे-10सीई वर्जन खरीदे थे। इसके साथ पाक ने 250 पीएल-15ई मिसाइलें भी खरीदीं। पहले छह विमान पाकिस्तान को 2022 में मिले।

## व्यापार सुविधा का मिलेगा लाभ

# भारत 10 और देशों के साथ पारस्परिक सीमा शुल्क पहचान समझौता करेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने नौ देशों के सीमा शुल्क अधिकारियों के साथ पारस्परिक आधार पर एक-दूसरे को मान्यता देने के समझौते (एमआरए) पर हस्ताक्षर किए हैं और इस साल दिसंबर तक 10 और देशों के साथ ऐसे समझौते करने पर विचार कर रहा है। एक सरकारी अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस समझौते के तहत, व्यापार सुविधा का लाभ पारस्परिक आधार पर दिया जाता है। अंतरराष्ट्रीय सीमा शुल्क निदेशालय (डीआईसी) के प्रधान आयुक्त अखिल कुमार खत्री ने कहा कि पारस्परिक आधार पर एक-दूसरे को मान्यता देने के समझौते दोतरफा व्यापार को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। खत्री ने कहा कि हमने नौ देशों के साथ इन समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साल दिसंबर तक 10 और देशों के साथ ऐसे समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इसका मकसद आयात करने वाले देश के सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा माल की निकासी में दोनों देशों के मान्यता प्राप्त और विश्वसनीय निर्यातकों को पारस्परिक लाभ प्रदान करना था। भारत पहले ही दक्षिण कोरिया, हांगकांग, ताइवान, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और रूस के सीमा शुल्क विभाग के साथ ऐसे समझौतों पर हस्ताक्षर कर चुका है।

जबलपुर
बुधवार, 14 मई 2025
- ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष-2
- वर्ष : 20, अंक : 14
- पृष्ठ : 2+6+6=14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 38
न्यून. 27

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जालंधर में आदमपुर एयरबेस का दौरा किया, यहां उन्होंने सेना के जवानों और वायु योद्धाओं का हौसला बढ़ाया

# जब रात के अंधेरे में भी हम सूरज उगा देते हैं तो दुश्मन को दिखाई देता है-भारत माता की जय

## निर्दोष लोगों का खून बहाने का एक ही अंजाम होगा-तबाही और महाविनाश



यह पंक्तियां महाराणा प्रताप के घोड़े चेतक पर लिखी गई हैं। ये आज के आधुनिक भारत के हथियारों पर भी फिट बैठती हैं

*कौशल दिखलाया चालों में*
*उड़ गया भयानक भालों में*
*निर्भीक गया वह ढालों में*
*सरपट दौड़ा करवालों में*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान और उसकी पनाह में पल रहे आतंकियों को सबक सिखाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को पंजाब में आदमपुर एयरबेस पहुंचे। यहां उन्होंने सेना के जवानों से मुलाकात की और उन्हें संबोधित किया। यहां उन्होंने सेना के जवानों और वायु योद्धाओं का हौसला बढ़ाया। पीएम मोदी ने यहां सिर्फ जवानों के साथ तस्वीरें ही नहीं खिंचवाईं, बल्कि इससे पाकिस्तान झूठ को दुनिया के सामने बेनकाब कर दिया।

*पीएम मोदी ने जवानों के बीच उनकी हौसला अफजाई की, ठहाके भी लगाए*




### 20-25 मिनट में ही सीमा पार लक्ष्यों को भेदा

*पीएम मोदी ने कहा कि जिस पाकिस्तानी सेना के भरोसे ये आतंकी बैठे थे, भारत की थलेसना, वायुसेना और नौसेना ने उस पाकिस्तानी सेना को भी धूल चटा दी है। आपने पाकिस्तानी फौज को भी बता दिया कि पाकिस्तान में ऐसा कोई ठिकाना नहीं, जहां बैठकर आतंकवादी चैन की सांस ले सकें। हम घर में घुसकर मारेंगे और बचने का एक मौका तक नहीं देंगे। हमारे ड्रोन्स, हमारी मिसाइलों के बारे में सोचकर तो पाकिस्तान को कई दिन तक नींद नहीं आएगी। कौशल दिखलाया चालों में उड़ गया भयानक भालों में निर्भीक गया वह ढालों में सरपट दौड़ा करवालों में... यह पंक्तियां महाराणा प्रताप के घोड़े चेतक पर लिखी गई हैं। ये आज के आधुनिक भारत के हथियारों पर भी फिट बैठती हैं। पीएम मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से आपने देश का आत्मबल बढ़ाया है।*

ऑपरेशन सिंदूर पर पाक का कबूलनामा

## भारत की जवाबी कार्रवाई में पाक के 11 जवान मारे गए, 78 घायल



*इसमें 5 एयर फोर्स के अधिकारी भी शामिल*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद 6-7 मई की रात भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई की।

भारत ने पाकिस्तान में घुसकर 9 आतंकी ठिकानों को पूरी तरह तबाह कर दिया, जिसमें 100 से अधिक आतंकी मारे गए। इसके बाद पाकिस्तान ने भारत पर 7 से 10 मई के बीच ड्रोन और मिसाइलों से कई बार हमले किए, जिसका भारत ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया। भारत ने अपनी कार्रवाई में 11 एयरबेस को तबाह कर दिया। अब पाकिस्तान ने कबूल किया है कि भारत की कार्रवाई में पाकिस्तानी सेना के 11 जवान मारे गए, जबकि 78 जवान घायल हुए हैं। इसमें 5 एयर फोर्स के अधिकारी भी शामिल हैं।

### जेएफ-17 से उड़ान भरते ही ढेर

पाकिस्तान ने बताया है कि भारत की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान आर्मी के अब्दुल रहमान, दिलावर खान, इकरामुल्ला, खालिद, मुहम्मद अदील अकबर, और निसार मारे गए हैं, जबकि पाकिस्तान वायु सेना के स्क्वाड्रन लीडर उस्मान यूसुफ, मुख्य तकनीशियन औरंगजेब, चीफ तकनीशियन नजीब, कॉर्पोरल तकनीशियन फारूक और सीनियर तकनीशियन मुबाशिर की मौत हुई है। पाकिस्तान के स्क्वाड्रन लीडर उस्मान युसूफ सहित जो पाकिस्तानी वायुसेना के कुल पांच वायुसैनिक मारे गए हैं, वे सभी जकोकाबाद एयरबेस (सिंध प्रांत) में तैनात थे। उस्मान और उसके साथी जेएफ-17 से भारत के खिलाफ फ्लाई करने की तैयारी कर रहे थे, उसी दौरान भारत ने शहबाज एयरबेस पर अटैक कर दिया।

ट्रंप को भारत का करारा जवाब... संघर्ष विराम में व्यापार की बात नहीं हुई

# कश्मीर पर तीसरे पक्ष की मध्यस्थता मंजूर नहीं...भारत ने 'ट्रंप के दावे' को नकारा

**पाकिस्तान को पीओके खाली करना होगा**

भारत का स्पष्ट रुख- जम्मू और कश्मीर से संबंधित किसी भी मुद्दे को भारत और पाकिस्तान को द्विपक्षीय रूप से हल करना होगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत पाकिस्तान संघर्ष विराम को लेकर विदेश मंत्रालय ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान संघर्ष विराम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता को लेकर विदेश मंत्रालय ने कहा कि कश्मीर पर हमें मध्यस्थता मंजूर नहीं है।

पाकिस्तान को पीओके खाली करना होगा। उन्होंने ट्रंप के दावे को नकारते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से लेकर 10 मई को गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद करने की सहमति तक, भारतीय और अमेरिकी नेताओं के बीच उभरते सैन्य हालात पर बातचीत हुई। इनमें से किसी भी चर्चा में व्यापार का मुद्दा नहीं उठा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमारा लंबे समय से राष्ट्रीय रुख रहा है कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर से संबंधित किसी भी मुद्दे को भारत और पाकिस्तान को द्विपक्षीय रूप से हल करना होगा। इस नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है।



सीसीएस के फैसले के अनुसार भारत सिंधु संधि को तब तक स्थगित रखेगा, जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से त्याग नहीं देता

### भारत संधि स्थगित रखेगा

*उन्होंने कहा कि सीसीएस (सुरक्षा पर कैबिनेट समिति) के फैसले के बाद सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया गया। सिंधु जल संधि सद्भावना और मित्रता की भावना से शुरू हुई थी, जैसा कि संधि की प्रस्तावना में निर्दिष्ट है। हालांकि, पाकिस्तान ने कई दशकों से सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देकर इन सिद्धांतों को स्थगित रखा है। अब सीसीएस के फैसले के अनुसार कि भारत संधि को तब तक स्थगित रखेगा, जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से त्याग नहीं देता। जलवायु परिवर्तन, जनसांख्यिकीय बदलाव और तकनीकी परिवर्तनों ने जमीन पर भी नई वास्तविकताओं को जन्म दिया है। उन्होंने कहा कि हमने पाकिस्तानी पक्ष द्वारा दिए गए बयान को देखा है। एक ऐसा देश जिसने औद्योगिक पैमाने पर आतंकवाद को बढ़ावा दिया है, उसे यह सोचना चाहिए कि वह इसके परिणामों से बच सकता है, यह खुद को बेवकूफ बना रहा है। भारत द्वारा नष्ट किए गए आतंकवादी बुनियादी ढांचे न केवल भारतीयों की बल्कि दुनिया भर में कई अन्य निर्दोष लोगों की मौत के लिए जिम्मेदार थे। अब एक नया नॉर्मल है। जितनी जल्दी पाकिस्तान इसे समझ लेगा, उतना ही बेहतर होगा।*

पीएम मोदी के साथ भी एनएसए अजीत डोभाल ने बैठक की

पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम के बाद भारत ने पाकिस्तान सीमा पर सतर्कता बढ़ाई

# रक्षा मंत्री ने की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा सीडीएस समेत शीर्ष अधिकारी रहे मौजूद

बैठक का उद्देश्य देश की सीमाओं की सुरक्षा को और मजबूत बनाना और संभावित खतरों से निपटने की तैयारियों का जायजा लेना था

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को पाकिस्तान सीमा से लगे इलाकों की सुरक्षा स्थिति की गहन समीक्षा की।

इस अहम बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह शामिल हुए। बैठक में पश्चिमी सीमा की मौजूदा सुरक्षा स्थिति और उससे जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बता दें कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तरफ से यह समीक्षा ऐसे समय पर हुई है जब सीमावर्ती क्षेत्रों में गतिविधियों को लेकर सतर्कता बढ़ाई जा रही है। बैठक का उद्देश्य देश की सीमाओं की सुरक्षा को और मजबूत बनाना और संभावित खतरों से निपटने की तैयारियों का जायजा लेना था। बैठक में भारत और पाक डीजीएमओ के बीच हुई वार्ता की भी जानकारी दी गई।

**डीजीएमओ के बीच बातचीत को लेकर भी जानकारी साझा की गई**



### भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम

भारत-पाकिस्तान के बीच हालिया तनाव के बाद बीते 10 मई को शाम पांच बजे पाकिस्तान की गुहार के बाद भारत ने संघर्ष विराम पर सहमति जताई। भारत से शिकस्त मिलने के बाद आतंकियों का पनाहगाह पाकिस्तान अपने घुटने पर आया और तनाव रोकने की भीख मांगने लगा। हालांकि , भारत ने अपने शर्तों के आधार पर ही संघर्ष विराम पर सहमति जताई है। इसके साथ ही भारत ने पड़ोसी को सख्त चेतावनी देते हुए इस बात पर जोर दिया कि किसी भी प्रकार की आतंकी घटना या गतिविधि जंग की शुरुआत मानी जाएगी।

**क्यों शुरू हुआ था तनाव ?**

गौरतलब है कि 6 से 7 मई की दरमियानी रात को 1:05 बजे से लेकर 1:30 बजे तक सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। 25 मिनट के इस ऑपरेशन में 24 मिसाइलों के जरिए नौ आतंकी शिविरों को ध्वस्त कर दिया गया। इन नौ ठिकानों में से पांच पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में थे, वहीं चार पाकिस्तान में थे। इन ठिकानों में आतंकियों को भर्ती किया जाता था। उन्हें प्रशिक्षित किया जाता था। इतना ही नहीं भारतीय सेना के इस कार्रवाई में आतंकी मसूद अजहर के परिवार के दस लोगों की मौत हो गई।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### विवादित बयान देने वाले पूर्व विधायक गिरफ्तार

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी के पूर्व विधायक गोपाल सिंह चौहान उर्फ डग्गी राजा को गिरफ्तार किया गया है। उन्हें ग्वालियर के एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश किया जाएगा। दरअसल, गोपाल सिंह ने बीते दिनों लोधी समाज के कार्यक्रम में यादव समाज पर विवादित टिप्पणी की थी। कथित वीडियो में वह एक गोली से 6-6 यादवों को मारने की बात की थी। साथ ही सिंधिया से भी न डरने की बात करते हुए कहा था कि मैं सिर पर कफन बांध कर चलता हूं। विवाद बढ़ने पर पूर्व विधायक ने वीडियो जारी कर हाथ जोड़कर समाज के लोगों से माफी मांगी थी। शिकायत के बाद चंदेरी पुलिस ने बामौरकला थाना के बरतुला गांव से पूर्व विधायक को हिरासत में लिया है। गोपाल को ग्वालियर एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश करेगी। पुलिस दलबल के साथ ग्वालियर लेकर रवाना हो गई है।



पिता समोसा खिलाने के लिए ले गया था



## उफ...पिता ने 3 बेटियों को जहर देकर खुद खाया, चारों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

एक पिता ने अपनी 3 बेटियों को जहर खिलाकर खुद भी खा लिया। घटना में चारों की मौत हो गई। वह सुबह बेटियों को बाजार में समोसा खिलाने का कहकर ले गया था। पड़ोस के एक युवक ने उन्हें तालाब किनारे तड़पते देखा तो उनके घरवालों को सूचना दी। परिजन वहां पहुंचे तो चारों बेहोश मिले। गंभीर हालत में उन्हें हटा अस्पताल ले जाया गया।

यहां पिता विनोद, बेटी महक (डेढ़ साल) और खुशी (5) की मौत हो गई। बड़ी बेटी खुशबू (7) को गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचने से पहले उसने भी दम तोड़ दिया। घटना हटा ब्लॉक के मुहरई गांव में मंगलवार सुबह की है। परिवार हरियाणा से यहां शादी समारोह में आया हुआ था। फिलहाल घटना की वजह का खुलासा नहीं हो सका है।

हरियाणा से शादी में आया था परिवार

**पुलिस बोली जांच कर रहे**

एसपी अभिषेक तिवारी ने बताया कि इस घटना के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं है। मर्ग कायम कर शवों का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। उसके बाद मामले की विवेचना की जाएगी। परिजनों के बयान लिए जाएंगे, ताकि इस पूरे घटनाक्रम का सही कारण पता चल सके।

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर देशभर में निकल रही तिरंगा यात्रा



## आतंकवाद के खिलाफ देश की प्रतिबद्धता दर्शाने इंडिया गेट पर पहुंचे दिल्ली के लोग

13 से 23 मई तक भाजपा द्वारा 10 दिवसीय तिरंगा यात्राएं निकाली जा रहीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देशभर में 13 से 23 मई तक भाजपा द्वारा 10 दिवसीय तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। इसका उद्देश्य ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और आतंकवाद के खिलाफ देश की प्रतिबद्धता को दर्शाना है। दिल्ली में मंगलवार को तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा निकाली गई। इस दौरान भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि यह मोदी का नया भारत है। लहू और पानी एक साथ नहीं बहेगा। दिल्ली सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि जब तक आतंकियों का खत्मा नहीं होगा तब तक ये ऑपरेशन सिंदूर जारी रहेगा और पाकिस्तानी इसी तरह से तबाह होता रहेगा। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कर्तव्य पथ पर कहा कि हम सभी यहां इंडिया गेट पर आए हैं। हम यहां ऑपरेशन सिंदूर के लिए अपनी सेना को धन्यवाद कहने आए हैं।

**देश पूरी तरह से एकजुट: वर्मा**

दिल्ली सरकार में मंत्री परवेश वर्मा ने कहा कि सेना के समर्थन में दिल्ली के लोग बाहर आए हैं, यह बात स्पष्ट है कि देश पूरी तरीके से एकजुट है। प्रधानमंत्री कहते हैं कि भारत पहले हमला करेगा नहीं, लेकिन अगर कोई हमारे ऊपर हमला करेगा तो हम छोड़ेंगे नहीं। अगर पाकिस्तान के तरफ से कोई भी हमला होगा तो हम उसका मुंहतोड़ जवाब देंगे।

छतरपुर में युवक से बर्बरता

## थाने में निर्वस्त्र कर पीटा, 80 हजार लेकर 500 की दी रसीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छतरपुर

महाराजपुर थाना क्षेत्र में उत्तरप्रदेश के एक युवक के साथ हुई मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप लगाया है कि पुलिस ने न सिर्फ उसे थाने में निर्वस्त्र कर घंटों तक पीटा, बल्कि 1 लाख रुपए की रिश्वत भी मांगी। घटना 6 मई की है। एसपी अरुण जैन ने सोमवार को पीड़ित की शिकायत पर टीआई प्रशांत सेन, तरुण गंधर्व और हरदेव सिंह को लाइन अटैच कर दिया है। यूपी के अजनर थाना क्षेत्र के ग्राम बम्होड़िया निवासी अनिल यादव 6 मई को अपनी जेसीबी मशीन लेकर छतरपुर के ढिगपुरा गांव में गोबर की खाद डालने गया था।



16 मई को कैट का राष्ट्रीय सम्मेलन, देशभर के 100 से अधिक बिजनेस लीडर्स होंगे शामिल

# मप्र सहित देश के 140 लाख करोड़ रु. के खुदरा व्यापार की सुरक्षा पर होगी चर्चा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स कंपनियों द्वारा सालाना 140 लाख करोड़ रुपए से अधिक के खुदरा व्यापार पर कब्जा करने के बढ़ते प्रयासों के बीच कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने कहा कि वह अगले सप्ताह एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित कर रहा है। 16 मई को होने वाले इस कार्यक्रम में देश भर के 100 से अधिक प्रमुख बिजनेस लीडर्स शामिल होंगे और मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी शामिल होंगी।

सम्मेलन में न केवल व्यापार जगत के लीडर्स शामिल होंगे, बल्कि स्वदेशी उत्पादों के समर्थक, परिवहन, लघु उद्योग, एमएसएमई, उपभोक्ता संगठन, महिला उद्यमी, किसान, स्टार्टअप, कर्मचारी और व्यापार के अन्य पक्षकार भी शामिल होंगे। इस सम्मेलन में विदेशी फंडिंग प्राप्त कंपनियों के दुर्भावनापूर्ण एजेंडे को उजागर करने के लिए एक एकीकृत रणनीति तैयार की जाएगी और उनके खिलाफ देशव्यापी अभियान शुरू किया जाएगा।

## कंपनियों को सीधी चुनौती देने के लिए तैयार

कैट मध्यप्रदेश के अध्यक्ष ने कहा है कि यह कांफ्रेंस अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि व्यापार और उद्योग के विभिन्न सेक्टर्स अब एक मंच पर आकर इन कंपनियों को सीधी चुनौती देने के लिए तैयार हैं। इन कंपनियों ने अब तक मोबाइल और मोबाइल एसेसरीज, एफएमसीजी, कंज़्यूमर ड्यूरेबल्स, किराना, इलेक्ट्रॉनिक्स, खिलौने, वस्त्र, परिधान, जूते-चप्पल, खाद्य सामग्री, रेस्तरां और होटल्स जैसे कई प्रमुख व्यापार क्षेत्रों को बड़ा नुकसान पहुंचाया है वहीं व्यापार के अन्य क्षेत्रों को भी ये कंपनियाँ कब्जाने की कोशिश में जुटी हैं। कैट ने कहा कि अब समय आ गया है जब इन कंपनियों की अनैतिक व्यापारिक गतिविधियों का देशभर के व्यापारी दाँतों तले विरोध करें, ताकि देश के खुदरा व्यापार को इनकी गिरफ़्त से बचाया जा सके। यह कॉन्फ्रेंस एक निर्णायक कदम होगी, जिससे निकली रणनीति के आधार पर देशव्यापी जागरूकता और विरोध अभियान की शुरुआत की जाएगी।

### विभिन्न सेक्टर के व्यापार और उद्योग आ रहे एक मंच पर

ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स कंपनियों को सीधी चुनौती देने के लिए विभिन्न सेक्टर के व्यापार और उद्योग एक मंच पर आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि ये कंपनियां पहले ही मोबाइल और एसेसरीज, एफएमसीजी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, किराना, इलेक्ट्रॉनिक्स, खिलौने, परिधान, जूते, खाद्य पदार्थ, रेस्तरां और होटल जैसे कई प्रमुख सेक्टरों को भारी नुकसान पहुंचा चुकी हैं और अब भारतीय बाजार के और अधिक क्षेत्रों पर कब्जा करने का प्रयास कर रही हैं। भारत के खुदरा व्यापार की अखंडता और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए इन कंपनियों की अनैतिक व्यापारिक प्रथाओं का डटकर विरोध करने का समय आ गया है। कैट के अनुसार, इस सम्मेलन के विचार-विमर्श के दौरान बताई गई रणनीतियां देशव्यापी जागरूकता और विरोध अभियान शुरू करने की दिशा में एक निर्णायक कदम होंगी।

आम आदमी को मिली राहत, 6 साल के निचले स्तर पहुंची खुदरा महंगाई

# सब्जियों, फलों, दालों और अन्य प्रोटीन युक्त वस्तुओं की कीमतों में आई नरमी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सरकार ने पिछले महीने की महंगाई दर के आंकड़े जारी किए हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार अप्रैल महीने में खुदरा महंगाई दर घटकर लगभग 6 वर्षों के निचले स्तर 3.16 प्रतिशत पर आ गई। यह गिरावट मुख्य रूप से सब्जियों, फलों, दालों और अन्य प्रोटीन युक्त वस्तुओं की कीमतों में नरमी के कारण दर्ज की गई है।

मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति 3.16 प्रतिशत रही, जो जुलाई, 2019 के बाद का सबसे निचला स्तर है। जुलाई, 2019 में यह 3.15 प्रतिशत थी। अप्रैल में खाद्य महंगाई दर घटकर 1.78 प्रतिशत रही, जो मार्च में 2.69 प्रतिशत और पिछले साल अप्रैल में 8.7 प्रतिशत थी। अब खुदरा मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संतोषजनक दायरे में बनी हुई है।

### मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर



*आरबीआई को सरकार ने मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर बनाए रखने का दायित्व सौंपा है। पिछले महीने खाद्य मुद्रास्फीति 1.78 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले इसी महीने में 8.7 प्रतिशत थी। मार्च में खाद्य मुद्रास्फीति 2.69 प्रतिशत रही थी। भारतीय रिजर्व बैंक को महंगाई को 4 प्रतिशत के दायरे में बनाए रखने का लक्ष्य दिया गया है। मूल्य स्थिति में सुधार आने के बाद आरबीआई दो किस्तों में प्रमुख ब्याज दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती कर चुका है। केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सीपीआई महंगाई दर का अनुमान 4 प्रतिशत रखा है।*

## खबर संक्षेप

### नई स्कोडा कोडियाक की डिलीवरी हुई शुरू

**मुंबई।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने नई कोडियाक की ग्राहकों को डिलीवरी शुरू कर दी है।। 46.89 लाख रुपए की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत वाली यह प्रीमियम 7-सीटर एसयूवी अब देश भर में 280 से अधिक स्कोडा डीलरशिप पर टेस्ट ड्राइव के लिए उपलब्ध है। भारतीय मार्केट में नई कोडियाक 2025 दो वेरिएंट स्पोर्टलाइन और सिलेक्शन एलएंडके में आती है। नई 2025 कोडियाक 2.0-लीटर टीएसआई पेट्रोल इंजन से लैस है । कार के इंजन को 7-स्पीड डीएसजी ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन है।



### एक्सिस बैंक और लक्ष्य शूटिंग ने की साझेदारी

**नई दिल्ली ।** एक्सिस बैंक ने देश में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और शूटिंग स्पोर्ट्स को वैश्विक ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से लक्ष्य शूटिंग क्लब के साथ साझेदारी की है, जिसके तहत नवी मुंबई में एक विश्वस्तरीय 'एक्सिस बैंक लक्ष्य शूटिंग क्लब हाई परफॉर्मेंस सेंटर (एचपीसी)' स्थापित किया जाएगा। इस समझौते पर एक्सिस बैंक के समूह कार्यकारी और प्रमुख विजय मुलबागल और लक्ष्य शूटिंग क्लब की अध्यक्ष एवं ओलंपियन सुमा शिरूर ने हस्ताक्षर किए।

मप्र ने 77.74 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदी का बनाया नया रिकॉर्ड

गेहूं उपार्जन में देश में दूसरे स्थान पर प्रदेश

# मध्यप्रदेश की बदौलत गेहूं की सरकारी खरीदी में हुआ इजाफा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में इस बार गेहूं की शानदार सरकारी खरीदी हुई है, जिससे केंद्रीय पूल के लिए इस महत्वपूर्ण खाद्यान्न की कुल खरीद बढ़कर 290 लाख टन से ऊपर पहुंच गई। पिछले रबी मार्केटिंग सीजन की सम्पूर्ण अवधि में 266 लाख टन गेहूं खरीदा गया था जबकि उससे पूर्व 2023 में 262 लाख टन एवं 2022 में 188 लाख टन की खरीद हुई थी। इस तरह चालू वर्ष के दौरान गेहूं की सरकारी खरीद बढ़कर पिछले चार साल के शीर्ष स्तर पर पहुंच गया। उससे पहले 2021 के रबी मार्केटिंग सीजन में 433.44 लाख लाख टन गेहूं की रिकॉर्ड सरकारी खरीद हुई थी। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद के मामले में मध्य प्रदेश ने नया रिकॉर्ड बनाया है। मध्य प्रदेश अब इस मामले में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। पहले स्थान पर पंजाब जबकि तीसरे स्थान पर हरियाणा है। मध्य प्रदेश में गेहूं की खरीद को लेकर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने एक्स पर जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि प्रदेश में इस बार 77.74 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। मोहन यादव ने एक्स पर लिखा है, समृद्ध किसान मध्यप्रदेश की पहचान है। मध्यप्रदेश गेहूं उपार्जन में देश में दूसरे स्थान पर है। 9 लाख किसानों से 77.74 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन हुआ और 17,870 रुपए करोड़ से अधिक का भुगतान किया गया। इसके साथ 73.51 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं का सुरक्षित भंडारण किया जा चुका है। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश में पिछले साल से अधिक इस बार गेहूं की खरीद की गई है। इसके पीछे बड़ी वजह किसानों को दिया जाने वाला बोनस है। इस बार सरकार ने किसानों को गेहूं के मूल्य पर 175 रुपए का बोनस दिया,जिससे किसानों ने सरकारी क्रय केंद्रों पर अपनी उपज बेची। इसका नतीजा हुआ कि इस बार 29 लाख मीट्रिक टन अधिक गेहूं सरकार के भंडार में जमा हो चुका है। इसी के साथ प्रदेश के 9 लाख किसानों से 77 लाख 74 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई।



### बीते साल से 29 लाख मीट्रिक टन अधिक खरीदी

*पिछले साल मध्य प्रदेश में किसानों से 48 लाख 38 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई थी, जबकि इस बार 29 लाख मीट्रिक टन से अधिक खरीद की गई है। इसी के साथ किसानों के खाते में गेहूं का पैसा भी जारी किया जा रहा है। अभी तक किसानों के खाते में 17 हजार 870 करोड़ रुपए से अधिक का पेमेंट किया जा चुका है।*

### गेहूं की सरकारी खरीदी 290 लाख टन से ऊपर पहुंची

भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) तथा उसकी सहयोगी एजेंसियों द्वारा वर्ष 2025 के रबी मार्केटिंग सीजन में केंद्रीय पूल के लिए अब तक 290 लाख टन से अधिक गेहूं खरीदा जा चुका है। जो पिछले चार वर्षों का सबसे ऊंचा स्तर है। इससे पूर्व 2024 में 266 लाख टन, 2023 में 262 लाख टन एवं 2022 में 188 लाख टन गेहूं की सरकारी खरीदी हुई थी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार पिछले साल की समान अवधि की तुलना में इस बार 16 प्रतिशत अधिक गेहूं खरीदा जा चुका है जबकि खरीद की प्रक्रिया अभी जारी है। राष्ट्रीय स्तर पर चालू रबी मार्केटिंग सीजन में कुल मिलाकर 374.80 लाख टन गेहूं की आवक हुई, जिसमें से 290 लाख टन से कुछ ज्यादा की खरीदी सरकारी एजेंसियों द्वारा की गई।

### फ्लोर मिलर्स, प्रोसेसर्स व्यापारियों और स्टॉकिस्टों ने अच्छी मात्रा में गेहूं खरीदा

इस बार फ्लोर मिलर्स, प्रोसेसर्स एवं व्यापारियों, स्टॉकिस्टों द्वारा भी अच्छी मात्रा में गेहूं खरीदा गया है। केंद्रीय खाद्य मंत्रालय ने इस वर्ष 333 लाख टन गेहूं की खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया है और उसे इसके हासिल होने का पूरा भरोसा भी है। वर्ष 2021 में केन्द्रीय पूल के लिए 433.44 लाख टन गेहूं की रिकॉर्ड खरीद हुई थी, लेकिन उसके बाद यह तीन वर्षों तक नियत लक्ष्य से काफी पीछे रह गई। यदि इस बार लक्ष्य की प्राप्ति होती है तो यह सरकार के लिए बड़ी उपलब्धि होगी।

सक्षम किसानों ने रोकी ऊंचे भाव की उम्मीद में बिक्री

### मंडी में आवक घटकर एक तिहाई पहुंची

राजधानी सहित प्रदेश की कृषि उपज मंडियों में गेहूं की आवक कमजोर पड़ गई है। पन्द्रह दिन पहले 8 हजार बोरे की आवक के मुकाबले अब आवक सिर्फ 1500-2 हजार बोरे पर सिमट गई है। स्थानीय थोक गेहूं व्यापारी संजीव जैन के अनुसार समक्ष किसानों ने ऊंचे भाव की उम्मीद में गेहूं को बिक्री रोक दी थी। क्योंकि बीते साल जून महीने में गेहूं के भाव 3200 रुपए क्विंटल पहुंच गए थे। अतः इसी उम्मीद में बड़े और सक्षम किसानों में फिलहाल गेहूं की बिक्री रोक दी है। गेहूं व्यापारी संजीव जैन के अनुसार इस साल गेहूं की पैदावार अच्छी रही है, लेकिन मंडी व्यापारियों ने बीते साल की अपेक्षा कम गेहूं खरीद पाए। क्योंकि सरकार द्वारा समर्थन मूल्य के अलावा बोनस सहित 2700 रुपए क्विंटल गेहूं के दाम दिए जाने से 70 से 80 फीसदी किसानों में अपनी उपज सरकार के उपार्जन केंद्रों में तुलाया। स्थानीय करोंद स्थित अनाज मंडी में गुरूवार को गेहूं की आवक 2 हजार बोरे की रही और मिल क्वालिटी गेहूं 3500 से 2550 रुपए, मालवा शक्ति 2475 से 2530 रुपए, 1544 अन्नपूर्णा गेहूं 2600 से 2700 रुपए, लोकवन 2800 से 3000 रुपए और शरबती गेहूं 3500 से 4000 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका।

### पीएनबी हाउसिंग ने लांच किया नया फिक्स्ड रेट नॉन-होम लोन प्रॉडक्ट

**मुंबई ।** हाउसिंग फाइनेंस कंपनी पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने एक नया फिक्स्ड रेट नॉन-होम लोन प्रॉडक्ट पेश किया है। इस लोन के जरिए ग्राहक अब संपत्ति के बदले ऋण, वाणिज्यिक भूखंड खरीद, भूखंड के बदले ऋण और लीज रेंटल डिस्काउंटिंग जैसी सुविधाएं ले सकते हैं, वो भी 10 फीसदी से शुरू होने वाली निश्चित ब्याज दर पर। इस नए समाधान का उद्देश्य ग्राहकों को उनकी पात्रता मानदंडों के आधार पर ऋण तक आसान पहुंच को संभव बनाना है। बंधक आधारित लोन पर निश्चित ब्याज दर होने से ग्राहकों को अपने वित्तीय भविष्य की योजना बनाने में आसानी होती है, क्योंकि इसमें ब्याज दरों के उतार-चढ़ाव या लोन अवधि बढ़ने का जोखिम नहीं होता।

यूनियन वेलनेस डिपॉजिट का शुभारंभ

# एक अनूठी 375 दिवसीय खुदरा अवधि जमा योजना

वाणिज्य डेस्क ▸▸ भोपाल

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने खुदरा ग्राहकों के लिए विशेष रूप से डिजाइन की गई अपनी नई और नवोन्मेषी अवधि जमा योजना 'यूनियन वेलनेस डिपॉजिट' का शुभारंभ किया।

यूनियन वेलनेस डिपॉजिट को अवधि जमा उत्पाद के साथ स्वास्थ्य बीमा को सहजता से एकीकृत करके धनर्जन और स्वास्थ्य सुरक्षा दोनों को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है। इसके अतिरिक्त, यह रुपे सेलेक्ट डेबिट कार्ड के माध्यम से कई प्रकार के जीवनशैली लाभ प्रदान करता है। यूनियन बैंक की प्रबंध निदेशक एवं सीईओ ए. मणिमेखलै ने कहाकि यह योजना 18 से 75 वर्ष की आयु के निवासी व्यक्तियों के लिए व्यक्तिगत या संयुक्त रूप से उपलब्ध है। संयुक्त खातों के लिए, केवल प्राथमिक खाताधारक ही बीमा कवरेज के लिए पात्र होंगे। इसमें न्यूनतम जमा राशि 10 लाख और अधिकतम 3 करोड़ है, जिसमें समय से पहले बंद करने और जमा पर ऋण की सुविधा है। इस योजना की अवधि 375 दिन है और यह 6.75 फीसदी प्रति वर्ष की आकर्षक ब्याज दर प्रदान करती है, साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के लिए 0.50 फीसदी अतिरिक्त ब्याज भी प्रदान करती है।

### ब्राइट आउटडोर 2047 समिट में बना पार्टनर

**नई दिल्ली।** भारत मंडपम में आयोजित समिट में ब्राइट आउटडोर मीडिया लिमिटेड को आधिकारिक आउटडोर पार्टनर बनने का मौका मिला। यह ऐतिहासिक सम्मेलन राजनीति, उद्योग, मनोरंजन और रोमांच की दुनिया की जानी-मानी हस्तियों का संगम था, और इसका मुख्य आकर्षण रहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रेरणादायक उद्घाटन भाषण। जिसमें उन्होंने 2047 तक विकसित भारत" के सपने को साकार करने की दिशा में देश की यात्रा की रूपरेखा प्रस्तुत की। सम्मेलन की ब्रांडिंग, लाइव अपडेट्स और वक्ताओं की मुख्य झलकियों को प्रमुख क्षेत्रों और स्थानों पर प्रदर्शित किया।

### सनफीस्ट की पहल 'फैंटेसी जरूरी है' की शुरूआत

**इंदौर।** सनफीस्ट डार्क फैंटेसी ने अपनी नई ब्रांड पहल 'फैंटेसी जरूरी है' की शुरुआत की है। इस अभियान के केंद्र में एक प्रेरणादायक हिंदी कविता है, जिसे एक फिल्म के रूप में प्रस्तुत किया गया है। अपने ब्रांड संदेश हर दिल की फैंटेसी के अनुरूप, सनफीस्ट डार्क फैंटेसी उन अनगिनत तरीकों का जश्न मनाता है।

आयकर विभाग के सभी सातों फॉर्म जारी

### व्यक्तिगत और जिन खातों का ऑडिट नहीं वे कर सकते हैं रिटर्न 31 जुलाई तक दाखिल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2025-26 के लिए सभी सात आयकर रिटर्न फॉर्म अधिसूचित कर दिए हैं। छोटे व मध्यम करदाताओं की ओर से दाखिल किए जाने वाले आईटीआर फॉर्म 1 और 4 जारी किया गया था। ट्रस्टों और धर्मार्थ संस्थानों की ओर से दाखिल किए जाने वाले आईटीआर-7 को 11 मई को अधिसूचित किया गया था। इस बार कुछ फॉर्म में बदलाव किए गए हैं। आईटीआर-1 और 4 में शेयरों की कमाई से पूंजीगत लाभ की जानकारी देना है। अब वेतनभोगी व्यक्ति और अनुमानित कराधान योजना के तहत आने वाले वे लोग, जिनका एक वित्त वर्ष में 1.25 लाख रुपये तक का दीर्घावधि पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) है।

**आवश्यकता है**
तत्काल भर्ती सुरक्षा गार्ड- 50, फिल्ड आफिसर 5 (कार चलाना जानता हो), कम्प्यूटर आपरेटर (पूर्ण अनुभवी) चाहिए वेतन 9500 से 20000 पता- बालाजी प्लाजा हेमू नगर बिलासपुर छत्तीसगढ़ 8461881111, 8299144824

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## राशिफल

**मेष** — शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयां आ सकती हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र का आगमन हो सकता है। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं।

**मिथुन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। संयत रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। परिवार में मान-सम्मान मिल सकता है।

**कर्क** — चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। मन परेशान रहेगा। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**सिंह** — घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। संचित धन में कमी आ सकती है।

**कन्या** — परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति के लिए प्रयास करें। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**तुला** — आय बढ़ोतरी के मार्ग प्रशस्त होंगे। खर्चों की अधिकता से परेशान हो सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से धन की प्राप्ति होगी। अति उत्साही होने से बचें।

**धनु** — नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**मकर** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**कुंभ** — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। जीवनसाथी से मतभेद हो


**मीन** — मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

# इंटरनेशनल फैमिली डे कल: संयुक्त परिवार मूल्यों को याद कर भावुक हुए कलाकार



**मुंबई।** 15 मई को इंटरनेशनल फैमिली डे के मौके पर एण्डटीवी के कलाकारों ने संयुक्त परिवार में पले-बढ़े बचपन की उन सीखों और संस्कारों के बारे में बात की, जिन्होंने उनके व्यक्तित्व को हराई से गढ़ा। 'भीमा' की धनिया ऊर्फ स्मिता सेबल ने कहा कि संयुक्त परिवार में हर दिन ने मुझे एकजुटता और बाँटने का असली मतलब सिखाया। हमारे घर में एक ही टेबल पर सब नहीं बैठ सकते थे, इसलिए खाने के लिए दो राउंड लगते थे, लेकिन वही मेल-जोल का प्यारा समय होता था। उन खानों में हँसी, कहानियाँ और अपनापन होता था। वहीं से मैंने जाना कि आसपास के लोगों से जुड़ाव कितना ज़रूरी होता है। जब मैं सेट पर होती हूँ, तो को-एक्टर्स के साथ बैठकर खाना ज़रूर खाती हूं। साथ होने से हर रिश्ता मजबूत होता है और यही सीख मैं आज भी अपने साथ लेकर चलती हूं।"सोनल पंवार ऊर्फ 'हप्पू की उलटन पलटन' की मलाइका ने कहा, "संयुक्त परिवार जिंदगी का पहला स्कूल था, जहां जीवन के असली मूल्य सीखे। मेरे कजिंस मेरे सबसे अच्छे दोस्त थे-हम साथ खेलते, लड़ते और हर ख़ुशी को मिलकर मनाते थे। कभी गली में क्रिकेट खेलना, तो कभी बिजली जाने पर छत पर तारों के नीचे सोना, ऐसे ही पलों ने सिखाया कि खुशियाँ बांटने से बढ़ती हैं। आज भी वो अपनापन मेरे अंदर जिंदा है। सेट पर भी हम साथ में गेम्स खेलते हैं, एक-दूसरे का ख्याल रखते हैं। संयुक्त परिवार में पलकर मैंने रिश्तों को संभालना और निभाना सीखा।"विदिशा श्रीवास्तव ऊर्फ 'भाबीजी घर पर हैं' की अनीता भाबी ने कहा, "संयुक्त परिवार में बीता बचपन, हर रिश्ते में निस्वार्थ साथ देने की सीख बन गया। बचपन में टीवी का रिमोट हो या आखिरी बिस्किट, इन छोटी-छोटी बातों पर खूब झगड़े होते थे। लेकिन जब बात साथ देने की आती थी, तो पूरा परिवार एक साथ खड़ा होता था। उसी माहौल ने सिखाया कि अपनों के लिए हमेशा मज़बूती से खड़े रहना कितना जरूरी है। आज भी, चाहे परिवार हो, दोस्त हों या साथी कलाकार - अगर किसी को मेरी ज़रूरत होती है, तो मैं बिना किसी सवाल के हाजिर रहती हूं। संयुक्त परिवार की यही सीख -'अपनापन, निष्ठा और निस्वार्थ प्रेम' मेरी ज़िंदगी की सबसे बड़ी पूंजी है।"

## शब्द पहेली - 5866



**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

**शब्द पहेली- 5865 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | ■ | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | ■ | वे | ■ | कृ | पा | ण | ■ | र | म |
| वै | ■ | अ | दा | व | त | ■ | य | हां | ■ | जो |
| धा | रा | दा | र | ■ | ■ | अ | ■ | का | त | र |
| नि | ■ | व | ■ | प्र | क्षा | ल | न | ■ | म | ■ |
| क | म | त | र | ता | ■ | सा | ग | र | गा | मी |
| ■ | लि | ■ | स | र | मा | या | ■ | द | ■ | न |
| बे | का | बू | ■ | णा | ■ | ■ | व | न | वा | सी |
| क | ■ | आ | स | ■ | अ | द | र | क | ■ | लै |
| द | म | ■ | ब | हा | र | ■ | दा | ■ | ता | व |
| र | सा | त | ल | ■ | ज | ही | न | कु | श | ल |

## सूडोकु नवताल- 5876

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5875 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

# आईपीएल : आरसीबी सहित कई को झटका, इन खिलाड़ियों का खेलना मुश्किल

एजेंसी ⏭ मुंबई


इंडियन प्रीमियर लीग 2025 एक बार फिर शुरू होने जा रहा है। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण इसे एक हफ्ते के लिए स्थगित किया गया था। 17 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा, लेकिन उससे पहले RCB को दो बड़े झटके लग सकते हैं। कप्तान रजत पाटीदार पूरी तरह फिट नहीं हैं और उनकी उपलब्धता संदिग्ध है। जोश हेजलवुड के भारत लौटने की संभावना काफी कम नजर आ रही है।

## पाटीदार की वापसी लग रही मुश्किल

मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, रजत को चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मैच के दौरान उंगली में चोट लगी थी। माना जा रहा है कि उन्हें ठीक होने में काफी समय लग सकता है और वे इंग्लैंड दौरे पर जाने वाली इंडिया-ए टीम से भी बाहर हो सकते हैं। फिलहाल उन्हें उंगली की सुरक्षा के लिए स्प्लिंट (सख्त पट्टी या ढांचा) पहनने की सलाह दी गई है और उनकी चोट की स्थिति आने वाले दिनों में दोबारा जांची जाएगी।

## हेजलवुड का लौटना क्यों है मुश्किल?

आरसीबी के प्रमुख तेज गेंदबाज हेजलवुड की उपलब्धता को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। हेजलवुड ऑस्ट्रेलिया लौट गए थे। उन्हें पहले से कंधे में चोट थी, जिससे वे सीएसके के खिलाफ पिछला मैच नहीं खेल पाए थे। इसके अलावा, वे भारत के खिलाफ 5 में से 3 टेस्ट, श्रीलंका दौरा और चैंपियंस ट्रॉफी भी नहीं खेल पाए थे। 11 जून को होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल को देखते हुए उनका टीम से जुड़ना मुश्किल लग रहा है।



## पहले भी लगा था आरसीबी को झटका

आईपीएल के स्थगित होने से पहले आरसीबी को एक और झटका लगा था, जब मध्यक्रम के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल चोटिल होने के कारण पूरे संस्करण से बाहर हो गए थे। उनकी जगह आरसीबी ने मयंक अग्रवाल को टीम में शामिल किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अगर रजत उपलब्ध नहीं रहते हैं तो टीम की कप्तानी विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा को सौंपी जा सकती है। रजत को इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। रजत ने इस संस्करण 11 मुकाबले खेले और इसकी 10 पारियों में 23.90 की औसत और 140.58 की स्ट्राइक रेट से 239 रन बनाने में सफल रहे। उनके बल्ले से 2 अर्धशतक निकले और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 64 रन रहा। हेजलवुड ने 10 मैचों की 10 पारियों में 17.27 की औसत के साथ 18 विकेट अपने नाम किए। उनकी इकॉनमी रेट 8.44 की रही।

## सीए ने आईपीएल में लौटने का फैसला खिलाड़ियों पर छोड़ा

*सिडनी। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने मंगलवार को कहा कि वह इंडियन प्रीमियर लीग में लौटने के खिलाड़ियों के 'व्यक्तिगत फैसले' का सम्मान करेगा हालांकि आईपीएल की बहाली की तारीखें विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल फाइनल की तैयारियों से टकरा रही हैं। बीसीसीआई ने सोमवार को फैसला किया कि आईपीएल का यह सत्र 17 मई से छह स्थानों पर बहाल होगा जबकि फाइनल तीन जून को खेला जायेगा। इससे आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट क्रिकेटरों के सामने दुविधा पैदा हो गई है क्योंकि 11 जून से दोनों टीमों के बीच लॉर्ड्स पर डब्ल्यूटीसी फाइनल होना है। खिलाड़ियों के फैसले का सम्मान करेंगे क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा आईपीएल के शनिवार से फिर शुरू होने के ऐलान के बाद क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने तय किया है कि इसके लिये भारत लौटने या नहीं लौटने के खिलाड़ियों के व्यक्तिगत फैसले का वह सम्मान करेगा। इसमें कहा गया हम सुरक्षा इंतजामात को लेकर बीसीसीआई और आस्ट्रेलियाई सरकार के संपर्क में हैं। संशोधित कार्यक्रम के तहत अब यह टूर्नामेंट टूर्नामेंट अब लंदन में डब्ल्यूटीसी फाइनल से आठ दिन पहले खत्म होगा जिसमें आस्ट्रेलिया का सामना दक्षिण अफ्रीका से है।*

## 11 जून से होना है वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप

11 जून से वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 का फाइनल मुकाबला साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जाएगा। कुल मिलाकर, ऐसे कई देश हैं जिनके इंटरनेशनल खिलाड़ी बड़े मैचों में बिजी रहेंगे जैसे ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज। ऐसे में अब यह खिलाड़ी आईपीएल 2025 के मैचों में नज़र नहीं आ सकते हैं।


## वेस्ट इंडीज-इंग्लैंड के ये खिलाड़ी लौट सकते हैं घर

बता दें कि इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच 29 मई से 3 जून तक वनडे सीरीज आयोजित की जाएगी। ऐसे में आईपीएल 2025 में इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का खेलना मुश्किल नजर आ रहा है। वेस्टइंडीज की टीम में रोमारियो शेफर्ड, सुनील नारायण, निकोलस पूरन और आंद्रे रसेल जैसे खिलाड़ी हैं। ऐसे में इन खिलाड़ियों का आईपीएल के बचे हुए मुकाबलों में हिस्सा लेना मुश्किल है। इसके अलावा इंग्लैंड के जोस बटलर, जोफ्रा आर्चर, सैम करन, विल जैक्स, फिल सॉल्ट और मोईन अली इंटरनेशनल टीम में शामिल हैं।

## इन बड़ी टीमों को लग सकता है झटका

ऐसे में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर सहित मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स, चेन्नई सुपर किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स जैसी बड़ी टीमों को झटका लगेगा। हालांकि चेन्नई की टीम आईपीएल 2025 से बाहर हो चुकी है, लेकिन बाकी टीमों के लिए अब मुश्किलें बढ़ सकती हैं। दिल्ली कैपिटल्स के भी सबसे मजबूत खिलाड़ी इस मुकाबले में नजर नहीं आएंगे, क्योंकि यह आईसीसी के बड़े टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला होगा। ऐसे में ये खिलाड़ी आईपीएल से ब्रेक लेंगे। इनके वापस भारत लौटने की संभावना कम है।

## खबर संक्षेप



### बोपन्ना और पावलासेक की जोड़ी रोम मास्टर्स से बाहर

**रोम।** भारत के रोहन बोपन्ना और चेक गणराज्य के उनके जोड़ीदार एडम पावलासेक की जोड़ी मंगलवार को यहां जो सैलिसबरी और नील स्कूपस्की की ब्रिटेन की जोड़ी से सीधे सेटों में हारकर रोम मास्टर्स की पुरुष युगल स्पर्धा से बाहर हो गयी बोपन्ना और पावलासेक प्री-क्वार्टर फाइनल मैच को एक घंटे आठ मिनट में 3-6, 3-6 से हार गए। बोपन्ना की हार के साथ ही इस 'क्ले कोर्ट' टूर्नामेंट से भारतीय चुनौती समाप्त हो गयी। एटीपी 1000 स्तर के इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले एक अन्य भारतीय युकी भांबरी और अमेरिका के उनके जोड़ीदार रॉबर्ट गालोवे को शुरुआती दौर में ही शिकस्त का सामना करना पड़ा था।

### क्वीन सिरिकिट कप में जारा आनंद भारतीयों में शीर्ष पर

**मियाजाकी (जापान)।** जारा आनंद क्वीन सिरिकिट कप गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर के बाद संयुक्त रूप से 12वें स्थान के साथ भारतीय खिलाड़ियों के बीच शीर्ष पर हैं। भारत की सबसे प्रतिभावान एमेच्योर खिलाड़ियों में से एक जारा ने तीन बर्डी की लेकिन चार बोगी भी कर गईं जिससे उनका स्कोर एक ओवर रहा। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही दो अन्य भारतीय हीना कांग (76) और मन्नत बरार (77) क्रमशः संयुक्त 21वें और संयुक्त 25वें पायदान पर हैं। हीना ने दो बर्डी के अलावा चार बोगी और एक डबल बोगी की जबकि मन्नत ने दो बर्डी, पांच बोगी और एक डबल बोगी की। भारतीय टीम अपने शीर्ष दो खिलाड़ियों के स्कोर से कुल पांच ओवर 149 के स्कोर से संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर है।



### अल्कारेज ने इटैलियन ओपन में खचानोव को हराया

**रोम।** स्टार खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज ने मंगलवार को यहां कड़े मुकाबले में कैरेन खचानोव को हराकर इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी अल्कारेज ने 24वें नंबर के खिलाड़ी खचानोव के खिलाफ 6-3, 3-6, 7-5 से जीत दर्ज की। खचानोव के खिलाफ पांच मैच में यह अल्कारेज की पांचवीं जीत है। पिछले महीने बार्सीलोना ओपन के फाइनल के दौरान दाहिने पैर में चोट लगने के कारण अल्कारेज मैड्रिड ओपन से हट गए थे। उनके बाएं पैर में भी चोट लगी थी। अप्रैल में मोंटे कार्लो मास्टर्स का खिताब जीतने वाले अल्कारेज ने मौजूदा सत्र में क्ले कोर्ट पर 12 मैच जीते हैं और एक मैच गंवाया है। चार बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन अल्कारेज क्वार्टर फाइनल में जैक ड्रैपर से भिड़ेंगे जिन्होंने पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए कोरेनटिन मोटेट को 1-6, 6-4, 6-3 से हराया।



### फाइनल मुकाबला 11 जून से लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा

# वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल कमिंस की कप्तानी में खेलेगी ऑस्ट्रेलियाई टीम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2025 के लिए ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम का ऐलान हो गया है। पैट कमिंस की कप्तानी में 15 सदस्यीय टीम को तैयार किया गया है, जिसमें कई अनुभवी खिलाड़ियों के साथ कुछ नए चेहरों को भी मौका मिला है।

टीम में स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन और मार्नस लाबुशेन जैसे बड़े नाम शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ इस अहम मुकाबले के लिए ब्रेंडन डॉगेट को रिजर्व खिलाड़ी चुना गया है। फाइनल मुकाबला 11 जून से लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा।

## ऑस्ट्रेलिया की टीम

पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कॉन्स्टास, मैट कुह्नमैन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क और ब्यू वेबस्टर।



## ग्रीन की हुई वापसी

*मार्च 2024 में अपना आखिरी टेस्ट मैच खेलने वाले ग्रीन की वापसी हुई है। उनके पीठ की सर्जरी हुई थी। इस कारण वह इतने दिन क्रिकेट के मैदान से दूर थे। वह भारत के खिलाफ खेली गई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भी नहीं खेल पाए थे। ग्रीन ने 28 टेस्ट की 43 पारियों में 36.23 की औसत से 1,377 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 2 शतक और 6 अर्धशतक निकले हैं। गेंदबाजी में उनके नाम 35 विकेट है।*

## कौन है रिजर्व खिलाड़ी ब्रेंडन डॉगेट?

डॉगेट ने ऑस्ट्रेलिया के लिए अब तक एक भी टेस्ट नहीं खेला है। उन्होंने 48 प्रथम श्रेणी मुकाबलों की 86 पारियों में 27.32 की औसत से 177 विकेट अपने नाम किए हैं। उन्होंने 10 बार 4 विकेट हॉल और 7 बार 5 विकेट हॉल झटके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/15 का रहा है। लिस्ट-ए क्रिकेट में इस खिलाड़ी के नाम 16 मैच की 15 पारियों में 36 की औसत से 24 विकेट है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/75 का रहा है।

## दोनों टीमों का प्रदर्शन

दक्षिण अफ्रीका की टीम 12 मैचों में (8 जीत और 3 हार) 69.44 प्रतिशत अंकों के साथ पहली बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने में सफल रही थी। यह टीम अंक तालिका में पहले स्थान पर थी। इसी तरह ऑस्ट्रेलिया टीम ने 17 मैचों में (11 जीत और 4 हार) 63.73 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल का टिकट कटाया था। उसने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 3-1 से अपने नाम की थी।

## दक्षिण अफ्रीका ने किया अपनी टीम का ऐलान, लुंगी-रबाडा की हुई वापसी



विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। 11 जून को ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ यह फाइनल मुकाबला लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाना है। लुंगी एनगिडी की टीम में वापसी हुई है। वह चोटिल होने के कारण टीम से बाहर चल रहे थे। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टीम का ऐलान पहले ही कर दिया है। तेज गेंदबाज रबाडा ने मनोरंजक ड्रग लिया था, जिस कारण उनका परीक्षण सकारात्मक पाया गया था। उन्हें एक महीने के लिए निलंबन झेलना पड़ा था, अब उपचार कार्यक्रम के बाद आईसीसी ने उन्हें खेलने की मंजूरी दे दी है।

दक्षिण अफ्रीका की टीमः तेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी जोरजी, एडेन मार्करम, वियान मुल्डर, मार्को यानसन, कगिसो रबाडा, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, कॉर्बिन बॉश, काइल वेर्रेने (विकेटकीपर), डेविड बेडिंघम, ट्रिस्टन स्टब्स, रयान रिकेल्टन, सेनुरन मुथुसामी और डेन पैटरसन।

### बुमराह ने खुद को किया अलग

# अब इन खिलाड़ियों से चुना जाएगा कप्तान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। इसके बाद से ही यह चर्चा तेज हो गई है कि भारत का नया टेस्ट कप्तान कौन होगा। हालांकि कुछ समय पहले तक यह दावा किया जा रहा था कि शुभमन गिल, केएल राहुल और जसप्रीत बुमराह कप्तानी के सबसे बड़े दावेदार हैं। लेकिन हाल ही में हुए खुलासे ने सभी को चौंका दिया है।

दरअसल, एक मीडिया चैनल की रिपोर्ट के मुताबिक जसप्रीत बुमराह ने खुद को भारत के अगले टेस्ट कप्तान बनने की दौड़ से बाहर कर लिया है। यानी जसप्रीत बुमराह भारत की कप्तानी संभालना नहीं चाहते। ऐसे में अब उनकी जगह एक नया दावेदार इस रेस में जुड़ गया है। शुभमन गिल लंबे समय से भारतीय टीम में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि ऋषभ पंत का टेस्ट में शानदार रिकॉर्ड रहा है। ऋषभ पंत का गाबा टेस्ट मैच आज भी यादगार है। ऐसे में उन्हें यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।



## ऋषभ का टेस्ट में शानदार रहा रिकॉर्ड

शुभमन गिल और केएल राहुल से भी ज्यादा इस समय सबसे बड़ी दावेदारी ऋषभ पंत की नजर आ रही है। ऋषभ पंत भारत के नए टेस्ट कप्तान बन सकते हैं। उन्हें उनके शानदार प्रदर्शन के चलते यह जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। टेस्ट में ऋषभ का हमेशा से ही शानदार रिकॉर्ड रहा है।

## अब ये खिलाड़ी बन गया सबसे बड़ा दावेदार

दरअसल, अब कुल मिलाकर तीन नाम इस रेस में शामिल हैं केएल राहुल, शुभमन गिल और ऋषभ पंत। बता दें कि हाल ही में दिल्ली कैपिटल्स की टीम की कप्तानी संभालने से केएल राहुल ने इनकार कर दिया था। ऐसे में अगर वह भारतीय टीम की कप्तानी संभालने से भी मना कर देते हैं, तो भारत के नए कप्तान के रूप में दो ही चेहरे दिखाई दे रहे हैं।

# इंग्लैंड का प्रदर्शन श्रीलंका, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से भी खराब



**दुबई।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की ताजा वनडे रैंकिंग के बाद इंग्लैंड क्रिकेट टीम का 2027 वनडे विश्व कप में सीधे पहुंचना खतरे में लग रहा है। 2019 की चैंपियन इंग्लैंड अब रैंकिंग में 8वें स्थान पर पहुंच गई है। उनका रेटिंग अंक सिर्फ 84 है। वह अब श्रीलंका, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से भी पीछे हैं। इंग्लैंड ने 4 मई 2024 से 5 मई 2025 तक खेले गए 14 वनडे मैचों में सिर्फ 3 ही मुकाबले जीत पाए थे।

## नेपाल और बांग्लादेश से भी खराब प्रदर्शन

इंग्लैंड के हालिया खराब प्रदर्शन ने उनकी 2027 विश्व कप में सीधे क्वालीफाई करने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा दिया है। उनका जीत-हार का अनुपात सिर्फ 0.272 का है, जो बहुत ही कम है। वे अब सिर्फ नेपाल (0.200) और बांग्लादेश क्रिकेट टीम (0.142) से ऊपर हैं। इस कमजोर अनुपात के कारण उनका विश्व कप में सीधे खेलना खतरे में पड़ गया है। इंग्लैंड को टूर्नामेंट में जगह बनाने के लिए आने वाले मैचों में बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

## वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज खेलेगी इंग्लैंड

*अभी इंग्लैंड आईसीसी वनडे रैंकिंग में आठवें स्थान पर है और वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम से सिर्फ एक अंक आगे है, जबकि वेस्टइंडीज 9वें स्थान पर है और उसके 83 रेटिंग अंक हैं।दोनों टीमें 29 मई से शुरू होने वाली 3 मैचों की वनडे सीरीज में आमने-सामने होंगी।अगर वेस्टइंडीज यह सीरीज जीत लेती है तो इंग्लैंड की 2027 विश्व कप में सीधे क्वालीफाई करने की संभावना और भी कम हो सकती है। अगर इंग्लैंड रैंकिंग के जरिए सीधे क्वालीफाई नहीं कर पाता है तो उसे पहली बार विश्व कप क्वालीफायर्स खेलने होंगे, जो उसके लिए एक नई और बड़ी चुनौती होगी। यह स्थिति 2023 में वेस्टइंडीज के जैसी होगी, जब वे क्वालीफायर्स खेले, लेकिन मुख्य टूर्नामेंट में जगह नहीं बना पाए। अब इंग्लैंड की कमान नए कप्तान हैरी ब्रूक के हाथ में है, जिन पर टीम को वनडे में सुधार की राह पर ले जाने की जिम्मेदारी होगी।*

## इस तरह टीमें लेंगी 2027 विश्व कप में भाग

2027 वनडे विश्व कप में 14 टीमें भाग लेंगी। सह-मेजबान जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं। नामीबिया भी सह-मेजबान है इसके बावजूद सीधे प्रवेश नहीं मिलेगा, क्योंकि ICC नियमों के अनुसार केवल पूर्ण सदस्य देश ही स्वतः क्वालीफाई कर सकते हैं। 31 मार्च, 2027 तक की ICC वनडे रैंकिंग में शीर्ष 8 टीमें भी टूर्नामेंट में सीधे जगह बनाएंगी। बाकी टीमें क्वालीफायर टूर्नामेंट से तय होंगी।

## कोहली पहुंचे संत प्रेमानंदजी के दर्शन करने...



**मथुरा।** टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा करने के बाद भारत के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली अपनी अभिनेत्री पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ अध्यात्मिक गुरू प्रेमानंद गोविंद शरण जी महाराज के दर्शन करने वृंदावन पहुंचे। वे आश्रम में करीब साढे तीन घंटे रुके। साझा किए गए वीडियो में विराट और अनुष्का को संत से आशीर्वाद लेते व प्रेमानंद जी महाराज से बात करते देखा गया जिसमें उन्होंने विराट से पूछा कि क्या वह खुश हैं। वृंदावन से लौटने से पूर्व वाराह घाट पर कुछ ही दूर स्थित संत प्रेमानंद के भी गुरू गौरांगी शरण महाराज के भी उन्होंने दर्शन किए।

### बुमराह-शार्दुल ने पहला टेस्ट विराट कोहली की कप्तानी में खेला था

# कई दिग्गज खिलाड़ियों ने किया विराट की कप्तानी में टेस्ट डेब्यू



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। वह महान बल्लेबाज होने के साथ-साथ भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तान के तौर पर भी याद किए जाएंगे। उन्होंने अपनी कप्तानी में भारतीय क्रिकेट को नई दिशा दी और कई युवा खिलाड़ियों को टेस्ट डेब्यू का मौका दिया। उनकी कप्तानी में टीम ने कई ऐतिहासिक जीत अपने नाम की थी। ऐसे में आइए कोहली के नेतृत्व में टेस्ट डेब्यू करने वाले खिलाड़ियों पर एक नजर डालते हैं।

## इन तेज गेंदबाजों ने किया था डेब्यू

कोहली की कप्तानी में जसप्रीत बुमराह और शार्दुल ठाकुर ने अपना पहला टेस्ट मैच खेला था। बुमराह आज दुनिया के सबसे खतरनाक तेज गेंदबाजों में से एक माने जाते हैं। 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुमराह ने किया था टेस्ट डेब्यू। करने वाले बुमराह ने अब तक 45 टेस्ट मैचों में 19.40 की शानदार औसत के साथ 205 विकेट लिए हैं। वहीं, शार्दुल ठाकुर ने भी 2018 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया और 11 टेस्ट में 31 विकेट लिए हैं।

# आईपीएल 2025 का फाइनल मुकाबला अहमदाबाद में होने की संभावना

एजेंसी ⏭ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण एक हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया गया था। अब एक बार फिर 17 मई से शेष बचे मुकाबले होने जा रहे हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आधिकारिक रूप से प्लेऑफ और फाइनल के आयोजन स्थलों की घोषणा नहीं की है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में क्वालिफायर-2 और फाइनल खेला जा सकता है।

VEHICLE AVAILABLE for SALE
A.L Bada Dost i4 Model - 2023
MP20ZJ0509
"as is where is condition"
Contact within 7 days at
M/s Sundaram Finance Ltd.
II Floor, Digamber Tower 936, Wright Town, Jabalpur- 482002
0761-2451218, 9425600590

M.P. POWER MANAGEMENT CO. LTD.
Adm. Complex, Maint. Dn., Jabalpur
TENDER INVITATION

1. e-Tender ID — 2025_MPPMC_421825_1
2. Tender Specification No. — DGM/EEC/Adm.Comp/M/Pur/T-343
3. Tender Type/Mode of Tender — e - Tendering
4. Tender for — Providing and fixing of chain link mesh fencing and preparation for plantation for space between ND Type quarters at Rampur Jabalpur.
5. Bid submission Last Date & Time — 22.05.2025 15:00:00
6. Tender opening date & time — 26.05.2025 15:30:00
7. Bid Fee (INR) — Rs. 590/- (With GST)
8. Earnest Money (INR) — Rs. 6,200/-
9. Eligibility of Contractor for participating in e-Tendering — Registered in MPPMCL in E -1 & above or having experience of similar nature & similar magnitude of work.
10. Tender Forms Available at Website — https://mptenders.gov.in
11. Contact No. for any other details required. — 0761-2702864 (Office Time)

Note :- The due date of extension or any corrigendum will not be published in newspapers. And only uploaded on company Website.
M.P. Madhyam/120068/2025
DGM/EXECUTIVE ENGINEER (CIVIL)

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर, लोककर्म विभाग
निविदा आमंत्रण सूचना
निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत(लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO-123 Date-13/05/2025 2025_UAD_422019_1 | वार्ड क्र. 75 के अंतर्गत अजय विश्वकर्मा के घर से बाला ठाकुर के घर तक एम-30 सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 02 माह<br>रू. 8.71 लाख | 2000/-<br>8710/- | 27/05/2025 |
| 2 | PRO-123 Date-13/05/2025 2025_UAD_422019_2 | वार्ड क्र. 75 के अंतर्गत देवेन्द्र गोटिया के घर से निहाल मिश्रा के घर तक एम-30 सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 02 माह<br>रू. 05.76 लाख | 2000/-<br>5763/- | 27/05/2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
कार्यपालन यंत्री (लोककर्म विभाग)
नगर निगम जबलपुर







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

## कैंसर यूनिट, लिनेक मशीन व महाकौशल की प्रथम पेट स्कैन मशीन का हुआ उद्घाटन

# जबलपुर के चिकित्सा जगत में अपोलो एक बड़ी उपलब्धि: सीएम मोहन यादव






**हरिभूमि, जबलपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार शाम 5 बजे नया आरटीओ भवन के पास नवनिर्मित अपोलो हॉस्पिटल की कैंसर यूनिट और महाकौशल की प्रथम अति आधुनिक लिनेक व पेट स्कैन मशीन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हॉस्पिटल परिसर में श्री राधाकृष्ण जी की मूर्ति के प्रतिस्थापना कार्यक्रम में शामिल हुए तथा हॉस्पिटल का भ्रमण किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि जबलपुर के चिकित्सा क्षेत्र में अपोलो हॉस्पिटल का खुलना एक बड़ी उपलब्धि है। चिकित्सा से जुड़ी हर अति आधुनिक मशीन और सुविधाएं यहां पर उपलब्ध हैं। जिसका लाभ सभी को मिलेगा। यहां पर अपोलो को लेकर आना इसके लिए मैं सौरभ बड़ेरिया , राजीव बड़ेरिया, शोभित बड़ेरिया, और उनके पूरे परिवार को व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद भी देता हूं। इसके बाद मुख्यमंत्री श्री डॉक्टर मोहन यादव बड़ेरिया हाउस पहुंचे और बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र शास्त्री जी से सौजन्य भेंट की। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह, पनागर विधायक सुशील तिवारी इंदू, और पूरा बड़ेरिया परिवार उपस्थित था। अपोलो में हुए इस उद्घाटन समारोह के अवसर पर लोकसभा सांसद आशीष दुबे, राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मिकि, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, नीरज सिंह, संतोष बरकड़े, भाजपा महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, भाजपा ग्रामीण भाजपा अध्यक्ष राजकुमार पटेल विशिष्ट अतिथि रहे।

### पंडित धीरेंद्र शास्त्री का हुआ नगर आगमन



**जबलपुर।** विश्व प्रसिध्द धर्म गुरु पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बाबा बागेश्वर धाम का नगर आगमन हो चुका है। वे यहां अपोलो हास्पिटल के उद्धाटन में शामिल हुए। शाम को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनसे सौजन्य भेंट की। वे यहां पाटन बायपास रोड स्थित ग्लोबल ग्रुप के चेयरमेन सौरभ बड़ेरिया के निवास पर ठहरें है। इस दौरान पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने विशिष्ठ जनों से मुलाकात की आज 14 मई को सुबह बड़ेरिया मेट्रो प्राईम की यूनिट अपोलो हॉस्पिटल में पूजन अर्चन कर अस्पताल का विधिवत शुभारंभ करेंगे। वहीं अपोलो प्रांगण में शाम 6 बजे से गुरु दर्शन और प्रवचन कार्यक्रम होगा। डॉ सौरभ बड़ेरिया, राजीव बड़ेरिया, डॉ रोहित बड़ेरिया, डॉ शोभित बड़ेरिया ने उपस्थिति की अपील की है। बाबा बागेश्वर के आगमन को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने विशेष तैयारियां की हैं। बुधवार शाम जन सैलाब उमड़ने की संभावनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन और यातायात विभाग ने कई मार्गों को डायवर्ट किए है।

## मुख्यमंत्री ने करीब 28 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले सांदीपनि विद्यालय का किया भूमि पूजन

# निजी स्कूलों से बेहतर शिक्षा और संस्कार सांदीपनि विद्यालयों में मिलेंगे: मुख्यमंत्री डॉ. यादव




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सी.एम. राइज स्कूलों का नामकरण सांदीपनि विद्यालय करने के संबंध में कहा कि मुख्यमंत्री तो बनते रहेंगे। लेकिन जो शिक्षा और संस्कार जिस विद्यालय से प्राप्त हो वो सांस्कृतिक वैभव दिखाने वाले होने चाहिए। जो भगवान के गुरु बने हों, ऐसे गुरु के नाम पर विद्यालय होना गौरवशाली बनाता है और सांदीपनि गुरू ने तो भगवान गोपाल कृष्ण को शिक्षित किया था। इसलिए उनके नाम पर विद्यालय का नाम होना गौरव की बात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी तक जो शिक्षा प्रायवेट स्कूलों में मिलती थी,उससे बेहतर शिक्षा का केंद्र सांदीपनि विद्यालय बनेंगे। इन स्कूलों में भी बेहतर प्रयोगशालाएं और खेल मैदान के अलावा उत्कृष्ठ शिक्षक होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह बात आज संस्कारधानी व न्यायधानी के रूप में विख्यात जबलपुर में सांदीपनि विद्यालय के भूमि पूजन कार्यक्रम के बाद सभा को संबोधित करते हुये कही।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज दुनिया भारत की प्रतिभा का सम्मान कर रही है। काम तो कई करते है लेकिन हम नवनिर्माण करते है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने मात्र 4 दिन के भीतर पाकिस्तान को धूल चटाने का काम किया है। उन्होंने सेना के शौर्य की प्रशंसा करते हुये कहा कि देश के दुश्मनों के साथ जैसे किया जाता है, वैसा ही सबक हमारी सेना और सरकार ने सिखाया है। पलक झपकते ही करारा जवाब देना हमारे देश की सेना से सीखना चाहिए। सेना का असर ऐसा हुआ कि दुश्मन देश को रात के अंधेरे में ध्वस्त कर दिया।

### जबलपुर की पहली केबिनेट नहीं विकास का संकल्प था-

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर में आयोजित हुई केबिनेट के सम्बंध में कहा कि सरकार बनने के बाद जबलपुर में पहली केबिनेट का आयोजन किया गया था। वो सिर्फ केबिनेट नही बल्कि विकास के संकल्प की कैबिनेट थी। उन्होंने संस्कारधानी व न्यायधानी को दुनिया की सबसे आकर्षक नगरी बताते हुये कहा कि मॉ नर्मदा के भव्य तट और भेड़ाघाट की अद्भुत छटा इस क्षेत्र को गौरवशाली बनाते हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में विकास के कई नवाचारों की शुरूआत हुई है। उन्होंने कहा कि सांदीपनि स्कूल से बच्चों को केवल शिक्षा नहीं बल्कि संस्कार भी मिलेंगे।जबलपुर सांसद आशीष दुबे ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पूरे प्रदेश के साथ-साथ जबलपुर भी प्रगति पथ पर अग्रसर है। समारोह को महापौर जगत बहादुर सिंह ने भी संबोधित किया।इस मौके पर विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, संतोष बरकड़े, नगर निगम आयुक्त रिकुंज विज और भाजपा नगर जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल सहित स्कूल प्रबंधन के अधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

### सर्वसुविधायुक्त होगा सांदीपनि विद्यालय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा बरगी हिल्स क्षेत्र में जिस सांदीपनि विद्यालय का भूमिपूजन किया गया। इस विद्यालय में आधुनिक शिक्षा के लिए सर्वसुविधा उपलब्ध होगी। 11.62 एकड क्षेत्र में 27.84 करोड़ की लागत निर्मित होने वाला विद्यालय तीन मंजिला होगा, जिसमें केजी-1 से कक्षा 12 वी तक के 1960 विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी। सांदीपनि विद्यालय में मिड-डे-मिल, मल्टीपर्पज हॉल, 200मी. रनिंग ट्रेक, बास्केट बॉल कोर्ट, बैंडमिंटन कोर्ट एवं खो-खो मैदान भी बनेंगे। विद्यालय में 57 क्लासरूम के साथ-साथ भौतिक, रसायन, जीवविज्ञान तथा कम्प्यूटर कक्ष सहित आधुनिक लाइब्रेरी भी होगी। इसके अलावा आधुनिक विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए नृत्य एवं गायन कक्ष के साथ 300 विद्यार्थियो की क्षमता का आधुनिक ऑडिटोरियम का भी बनेगा। संपूर्ण विद्यालय निर्माण के पश्चात बरगी हिल्स एवं समीपवर्ती क्षेत्र के बच्चों का उच्चस्तरीय शिक्षा प्रदाय की जा सकेगी।

## हाई कोर्ट में झूठा शपथ पत्र प्रस्तुत कर अपील दायर करने का आरोप

भोपाल स्थित जमीन विवाद, पूर्व में जारी हो चुके हैं नोटिस

# मेनका गांधी के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग

**हरिभूमि जबलपुर।**

मप्र हाईकोर्ट में पूर्व से विचाराधीन जमीन विवाद संबंधी प्रकरण में दूसरे पक्ष ने एक आवेदन प्रस्तुत कर भाजपा नेत्री मेनका गांधी के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच के समक्ष इस मामले पर बुधवार को सुनवाई नियत है। मामला मेनका गांधी और उनके ममेरे भाई वीएम सिंह के बीच कानूनी लड़ाई से संबंधित है। विगत सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने मेनका और उनकी बहन अंबिका शुक्ला की अपील पर अनावेदक भोपाल निवासी वीएम सिंह, कलेक्टर भोपाल व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिए थे। कोर्ट ने सभी पक्षों को अपनी-अपनी लिखित दलीलें पेश करने कहा था।



वीएम सिंह की ओर से पक्ष रख रहे अधिवक्ता उमेश त्रिपाठी ने अवगत कराया कि मेनका गांधी ने हाई कोर्ट में झूठा शपथ पत्र प्रस्तुत कर अपील दायर की है। मेनका पर आरोप हैं कि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के 2005 के अंतिम फैसले की प्रति संलग्न करने की बजाए केवल एक आवेदन का आदेश पेश किया है। मेनका ने तथ्य छिपाकर हाई कोर्ट को गुमराह करने की कोशिश की है। मांग की गई है कि मेनका के विरुद्ध दंड प्रक्रिया संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज कर पुलिस जांच कराई जाए।

मेनका गांधी व उनकी बहन अंबिका की ओर से पक्ष रख रहे अधिवक्ता आदिल उसमानी ने बताया कि भोपाल की हुजूर तहसील के अंतर्गत लाउखेड़ी की जमीन पर मेनका के ममेरे चचेरे भाई ने पूर्व में हाईकोर्ट से नामांतरण करवाने का एक आदेश करवाया। इस मामले में उन्होंने मेनका व उनकी बहन को पक्षकार नहीं बनाया। उनकी जानकारी में लाए बिना ही जमीन का नामांतरण अपने नाम करा लिया। लिहाजा, हाई कोर्ट में अपील दायर की है। जबकि दूसरी ओर वीएम सिंह की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा मेनन व उमेश त्रिपाठी ने घोर आपत्ति जताई। उन्होंने दलील दी कि मेनका अनावश्यक आपत्ति पेश कर रही हैं। मेनका की मां अमतेश्वर की जिन आपत्तियों को सुप्रीम कोर्ट निरस्त कर चुकी हैं, पुनः वही आपत्ति लगाई जा रही है। दलील दी गई कि अपील 1691 दिन के विलंब से की गई, इसलिए उसे निरस्त किया जाए। उन्होंने बताया कि मेनका की मां ने मध्य प्रदेश की सभी संपत्तियों से स्वयं और वारिसानों का हक त्याग कर दिया था और ये जमीनें वीएम सिंह के नाम कर दी गई थीं।

### हाईकोर्ट ने अवमानना कार्रवाई की भी दी चेतावनी

## समय पर दुकान खाली नहीं की तो रोजाना 500 का जुर्माना लगेगा

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक आदेश में साफ किया है कि यदि नियत समय पर दुकान खाली नहीं की गई तो रोजाना 500 रुपये के हिसाब से जुर्माना लगेगा। जस्टिस द्वारिकाधीश बंसल की सिंगल बेंच ने कहा कि अवमानना कार्रवाई से भी इनकार नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने अनावेदक किरायेदार को 30 अप्रैल, 2026 तक हर हाल में दुकान खाली करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही बकाया व नियमित किराया अदा करने भी कहा है।

अपीलकर्ता भोपाल निवासी स्व. अब्दुल सत्तार के वारिसों विल्किस जहान व रियाज मोहम्मद की ओर से अधिवक्ता प्रमेंद्र सेन ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि मोहम्मद अशरफ सहित अन्य को दुकान किराये से दी गई थी। किंतु अब स्वयं के व्यवसाय के लिए दुकान अपेक्षित है। लेकिन किरायेदार खाली नहीं कर रहा। जिसे लेकर सिविल कोर्ट में मामला दायर किया गया था। जिस पर सुनवाई के बाद दुकान मालिक के हक में आदेश पारित हो गया। लेकिन करायेदार ने पालन न करते हुए अतिरिक्त न्यायालय में मामला दायर कर दिया। जहां से किरायेदार के हक में आदेश पारित हो गया। जिससे व्यथित होकर दुकान मालिक हाई कोर्ट चला आया है। हाई कोर्ट ने सिविल कोर्ट के पूर्व आदेश को उचित पाते हुए अतिरिक्त कोर्ट का आदेश निरस्त कर दिया। साथ ही आदेश दिया कि 30 अप्रैल 2026 तक किरायेदार दुकान खाली कर दे।



## गहोई शिक्षा प्रसार समिति का शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह आयोजित

**जबलपुर ।** गहोई शिक्षा प्रसार समिति (अ.भा.) की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम सोमवार को नेक्टर लान, विजयनगर में आयोजित किया गया। मुख्य चुनाव अधिकारी प्रोफेसर राजेंद्र चपरा व चुनाव अधिकारी द्धय विजय सुहाने एवं इं. संतोष सिपौलया ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों/प्रबंध समिति सदस्यों के निर्वाचित होने संबंधी घोषणा कर उन्हें निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गए। सर्वप्रथम र्निविरोध निर्वाचित अध्यक्ष डॉ अरुण सरावगी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इं अरुण खर्द, कनिष्ठ उपाध्यक्ष केके लोहिया, कोषाध्यक्ष सुभाषचन्द्र रावत तथा तत्पश्चात नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के साथ नवीन कार्यकारिणी में मनोनीत किए गए मंत्री इंजी.कमल कांत गुप्ता बहरे, वरिष्ठ सह मंत्री एडवोकेट उत्तम चंद बिलैया, कनिष्ठ सहमंत्री इंजी. संतोष कुमार सिपौल्या, विधि सलाहकार एडवोकेट अशोक कुमार गुप्ता पिपरसानिया एवं अंकेक्षक डॉ श्रीकृष्ण बिलैया को इंजीनियर अशोक नौगरैया के द्वारा शपथ दिलाई गई। प्रबंध समिति सदस्य श्याम चौदहा, श्रीमती सीता सरावगी, शिवकुमार नीखरा गाडरवारा, संतोष सुहाने, इंजी. आलोक सरावगी, अनुभव मातेले, इंजी.कृष्णकांत बरसैंया एवं मनोनीत सदस्यों श्रीमती पुष्पा ददरया, श्रीमती रश्मि पहारिया, इं. हरिशंकर सुहाने, राकेश इटौंदया को एडवोकेट गुलाब सोहाने द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया। समिति के संविधान के अंतर्गत परामर्श परिषद् का गठन किया गया, जिसमें डा गंगा प्रसाद गुप्त सतना, मदन मोहन मोर चालीसगांव (महाराष्ट्र ), उमाशंकर लहरिया भोपाल, इंजी. अशोक नौगरैया, डाक्टर नरेंद्र सेठ, डॉ राधेश्याम सोहाने, प्रोफेसर राजेंद्र चपरा, शंभूदयाल बड़ेरिया, रामनारायण पहारिया एवं इंजीनियर श्रीकांत कस्तवार को उपस्थित सदस्यों को नंदकिशोर नीखरा द्वारा शपथ दिलाई गई। विशिष्ट आमंत्रित सदस्यों में विजय सुहाने, पुरूषोत्तम लाल झुड़ेले, डाक्टर ओम प्रकाश तपा मंडला, श्रीमती कमलेश मसुरहा, नितिन बरसैंया, मोहन कुमार सिपौल्या, कैलाश लहरिया, डॉ अजय गुप्ता पिपरसानिया, इं प्रदीप रूसिया, इं. राजेंद्र तीतविलासी को इं. राम गोपाल ददरया ने शपथ ग्रहण कराई। निर्विवाद चुनाव संपन्न कराने पर चुनाव अधिकारियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में डॉ आरएस सोहाने, इं. अशोक नौगरैया, शिवकुमार नीखरा, सुभाषचन्द्र रावत आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ अरुण सरावगी ने अपने पूर्व के कार्यकाल में हुई प्रगति एवं समिति के उद्देश्य की पूर्ति हेतु भविष्य में किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर हरिभूमि के संपादकीय प्रभारी योगेश गुप्ता व वरिष्ठ पत्रकार अशोक कुमार मिश्रा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नवीन संरक्षक सदस्य श्रीमती सीता सरावगी एवं नये आजीवन सदस्यों, राजेंद्र मातेले डॉ बसंत चपरा, नंदकिशोर नीखरा , मदन कुमार गुप्ता मोदी, डां बसंत कुमार गुप्ता चपरा, श्रीमती शीला मुन्ना खंताल गाडरवारा एवं उदारमना छात्रवृत्ति दानदाताओं श्रीमती सीमा - इं. राजेन्द्र गुप्ता, इं. सुनील कुमार नौगरहिया नागपुर, इं. विवेक - इं. अंकिता गुप्ता गंधी सिंगापुर, श्रीमती शीला खंताल गाडरवारा ,डॉ बसंत गुप्ता चपरा को शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन इं. कमल कांत गुप्ता बहरे तथा आभार प्रबंध समिति सदस्य श्याम चौदहा ने किया। समारोह में गणमान्य स्वजातीय बंधुओं, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं समिति के इंजी. केजी आजाद मोदी गाडरवारा, विष्णु बहरे, प्रशांत सेठ, खेमचंद गुप्ता सोनी सहित बहुतायत संख्या में सदस्यों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

## मार्ग को नहीं किया जा रहा दुरुस्त, लगता है जाम, गिरते हैं लोग

**लोक निर्माण में पदस्थ अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौन**

# पाटन - कटंगी मार्ग में पैदल चलना हुआ मुश्किल

हरिभूमि पाटन।

लोक निर्माण अधिकारियों की लापरवाही से पाटन मन्नी महगवां तक लोगों को आना जाना काफी महंगा पड़ रहा है और इस मार्ग में पैदल राहगीर साइकिल सवार टू व्हीलर फोर व्हीलर बस ट्रक हाइवा दिन रात चलते है और जो लोक निर्माण एवं पी डब्लू डी की सड़क है वो काफी खराब कर हो गई है जिसके कारण इस मार्ग में जाम लगता है और सड़क खोद दी गई जिस कारण से लोगों का आना जाना दुखद हो गया है।



### सड़क पर चलना नरक के समान

साइकिल सवार राहगीर साहिल गडरिया, वैभव शर्मा, दिया चंद जैन, मोटर साइकिल सवार रोहित पटेल, विनय पटेल, सुरेंद्र सिंह आदि लोगों द्वारा बताया गया है कि पाटन चौराहे से मन्नी महगवां तक सड़क पर चलना नरक के समान एवं दुर्घटनाओं को आमंत्रण देना है।

### अधिकारी नहीं उठा रहे फोन

पी डब्लू डी के अधिकारियों से इस संबंध में मोबाइल से बात करना चाही तो इनके मोबाइल में वेल जाने के बाद भी इन अधिकारियों द्वारा इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी गई और न ही मोबाइल रिसीव किया गया। बिचारे राहगीर इस मार्ग से अधमरे हो रहे है और ये सड़क को खोदे पंद्रह दिन हो गए हैं परंतु पी डब्लू डी के आला अधिकारी द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है और न ही कोई जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान दे रहे है।

### कार्य चल रहा है राहगीरों की परेशानी जल्द दूर होगी

इस संबंध में लोक निर्माण विभाग की अनुविभागीय अधिकारी अपर्णा त्रिपाठी से बात हुई तो उन्होंने बताया कि मैने इस मार्ग का विजिट किया हुआ है पहले शिकायत मिली हुई थी कि इस मार्ग में जाम लग रहा है और बताया है कि सड़क निर्माण कार्य चल रहा है सड़क खोद कर ही बनाई जा रही है और सोमवार को इस सड़क का विजिट करके साइड से रास्ता बनवाई जाएगी ताकि राहगीरों को परेशानी नहीं हो।

**अपर्णा त्रिपाठी**, अनुविभागीय अधिकारी, लोक निर्माण

## नगर परिषद गड्ढे भरना भूला, गड्ढों में मिट्टी भरकर कर दी इतिश्री



**पाटन।** कमानिया से चौधरी मोहल्ले वाली लाइन में नगर परिषद एवं नर्मदा जल वालों ने सड़क तो खोद दी लेकिन सीमेंट से भरना भूले और उन गड्ढों में मिट्टी डाल दी गई और जब बरसात होगी तो इन गड्ढों से घटनाएं घटेगी और लोग मोटर साइकिल सवार फोर व्हीलर वाले इन गड्ढों से गिरेंगे और लोगों का नक्शा बिगड़ जाएगा। समय रहते इन गड्ढों को भरना अतिआवश्यक है परंतु नगर परिषद अधिकारी पार्षद बंधु एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है या दुर्घटना का इंतजार में बैठे हुए है। राहगीरों द्वारा बताया जा रहा है कि सड़क क्रॉसिंग करने के दौरान वाहन गड्ढों में गिरते है और वाहन को नुकसान हो जाता है प्रेम सिंह तिलक सिंह वीरेंद्र सिंह राघवेन्द्र सिंह महेंद्र सिंह कमोद सिंह गोरे सिंह अनिल पटेल आदि राहगीरों ने बताया हुआ है कि इन गड्ढों को डेढ़ वर्ष से ज्यादा हो गए है और बीच सड़क पर गड्ढों को अच्छी तरह भरा नहीं गया है।

**सामूहिक विवाह में 57 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे**

# बेटियों का भाग्य बदल रही कन्या विवाह योजना : संतोष बरकडे

हरिभूमि सिहोरा।

मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना आज बेटियों का भाग्य बदल रही है जब किसी गरीब के घर में बैटी पैदा होती थी तो उसके पिता को उसके विवाह की चिंता सताने लगती थी लेकिन अब बेटी की चिंता केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एंव प्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव की सरकार कर रही है जिसमें हर शाल लाखों बेटियों का सामूहिक विवाह संपन्न हो रहा है और वे हंसीं खुशी से अपना दाम्पत्य जीवन गुजार रही है उक्ताशय के विचार क्षेत्रीय विधायक संतोष बरकडे ने जनपद पंचायत एंव नगर पालिका सिहोरा के सहयोग से ग्राम पंचायत घाट सिमरिया में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रुप में व्यक्त किए।

मुख्य अतिथि विधायक संतोष बरकडे सहित अन्य अतिथियों ने बेटियों के परिजन बनकर स्वयं बारात की आगवानी की तथा जैसे ही बारात विवाह स्थल पर पहुंची सभी ने पुष्प हार पहनाकर वर एंव उनके परिजनों का भव्य स्वागत किया। सम्मेलन का आयोजन जनपद पंचायत अध्यक्ष रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री की अध्यक्षता एंव संध्या दिलीप दुबे नगर पालिका अध्यक्ष, शारदा तिवारी नपा उपाध्यक्ष, दिलीप पटेल जनपद उपाध्यक्ष, राजा मोर, राजेश दाहिया, पुष्पराज सिंह बघेल, राजमणि सिंह बघेल, अनुपम सराफ, सतीश पटेल, अनंत नौगरहिया, पवन गुप्ता, अंकित तिवारी, रीता शुक्ला, गौरादेवी विश्वकर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशा देवी पटले एंव मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिहोरा शैलेन्द्र कुमार ओझा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।







### 57 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में जनपद पंचायत सिहोरा एंव नगर पालिका क्षेत्र के 57 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे जिनका पूरे विधि विधान के साथ पंडितों ने विवाह संपन्न कराया। सभी बेटियों को जहां उपहार स्वरूप विधायक ने साड़ी भेंट की तो वहीं जिला पंचायत सदस्य मोनू पुष्पराज सिंह बघेल ने सभी जोड़ों को पानी का थर्मस भेंट किया इसी तरह अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी उपहार भेट किए। इस योजना में प्रत्येक जोड़े के लिए कुल 55 हजार रुपये की राशि रहती है जिसमें 49 हजार रुपये बेटियों के खाते में जाते हैं बाकी राशी आयोजन में खर्च होती है। सभी वर वधू ने एक दूसरे को वरमाला पहनाई एंव सात फेरे लिए।

### इनकी रही उपस्थिति

समारोह में जनपद सदस्य धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर,पूजा बरकडे,दीनानाथ पटेल,मंजू प्रमोद गौतम,सरपंच के के दुबे,घाटसिमरिया सरपंच ज्योति सुनील कुमार,उप सरपंच प्रदीप चौबे सहित अनेक जनपद सदस्य,सरपंच,सचिव एंव गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। आयोजन को सफल बनाने में जनपद पंचायत सिहोरा से सतीश अवस्थी,रामचरण पटेल,अपूर्वा सिंह,दीपक श्रीवास्तव,बिनोद तिवारी,राजकुमार तिवारी,संतोष पठारिया,के के पटेल,सचिव प्रमोद पांडे,सबल सिंह बागरी,प्रदीप यादव,प्रहलाद पांडे,अनिल दत्त तिवारी,नर्मदा दुबे आदि का सराहनीय योगदान रहा। समारोह में जेब कतरे भी सक्रिय रहे जिन्होंने अनेक लोगों के जेब पर हाथ साफ कर दिए।

# मंझगवा पुलिस पर आपराधिक मामला दर्ज कराने की मांग

**सिहोरा।** आम आदमी पार्टी सिहोरा द्वारा मझगवां पुलिस द्वारा मोटर साइकिल पार्किंग को लेकर महिला एवं उनके पति व छोटे से बच्चे के साथ वर्दी का रोब दिखकर पद का दुरपयोग करते हुये की गई अभद्रता, गुडागर्दी, गाली गलोच, खुलेआम मारपीट क्षेत्र में दहशत का माहोल उत्पन्न करने वालों पर ठोस कार्यवाही करने को लेकर आम आदमी पार्टी द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम एस.डी.ओ.पी सिहोरा पारुल शर्मा को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कहा गया है मंझगवा थाना प्रभारी स्टाफ को लेकर वर्दी का रोब दिखाकर आम जनमानस में दहशत का माहोल उत्पन्न करने के उद्देश्य से मझगवॉ बाजार का भ्रमण करते समय रास्ते में भोले भाले व्यक्ति को देखकर गाडी पार्किंग को लेकर जबराना बलपूर्वक नियम,कानून,संविधान व पद का दुर्पयोग करते हुये विगत दिनों आम नागरिक अन्नतराम कुशवाहा पत्नि रजनी कुशवाहा पुत्र 3 वर्ष भोलू ग्राम प्रतापपुर निवासी के साथ अकारण मारपीट की इसलिए इस तरह का कृत्य करने वाले थाना प्रभारी और मौके पर उपस्थित अन्य स्टाफ पर आपराधिक प्रकरण दर्ज कर विधि अनुसार कार्यवाही की जाये। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी की संगीता विश्वकर्मा,सुमन पटैल,मुन्ना राय, संजय पाठक, संतोष वर्मा, प्रमोद सिंह ठाकुर, अमजद मंसूरी, अमित विश्वकर्मा, राजेश तिवारी,गुलाब सिंह मरकाम, जितेन्द्र श्रीवास, जमुना प्रजापति, प्रवीण पटैल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## घर के सामने खड़ा ई रिक्शा चोरी

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना अतंर्गत कृपाल चौक के पास गोरखपुर में घर के सामने खड़ा ई रिक्शा अज्ञात चोरी चोरी कर ले गया। चोरी गए ई रिक्शा की कीमत लगभग 95 हजार रुपए बताई गई है। गोरखपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कृपाल चौक के पास गोरखपुर निवासी 25 वर्षीय आटो चालक शिवेन्द्र जायसवाल ने अपना ई रिक्शा क्रमांक एमपी 20 आरए 0353 को अपने घर के सामने लगभग एक सप्ताह से खड़ा किया था। गत सुबह लगभग 6 बजे उठकर बाहर देखा तो उसके होश उड़ गए, घर के सामने खड़ा ई रिक्शा अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। चोरी गए ई रिक्शा की कीमत 95 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# बच्चों में खेल भावना जागृत करने सीएम राइज स्कूल में लगाया गया समर कैम्प

हरिभूमि सिहोरा।

सांदीपनि सीएम राइज विद्यालय सिहोरा में बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ समर कैंप संचालित हो रहा है।अशोक राय खेल शिक्षक के द्वारा बच्चों को विभिन्न खेल गतिविधियों के नियम बताकर बच्चों को प्रेरित कर खेल भावना जागृत करने का प्रयास किया जा रहा है। सुधा उपाध्याय के द्वारा बच्चों को योगा गतिविधियां और आत्म रक्षा के गुण बताकर उन्हें विपरीत स्थितियों से निपटने के तरीके बताए जा रहे हैं। वर्षा साहू के द्वारा आर्ट एंड क्राफ्ट की विभिन्न पेंटिंग बताने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है।



### बच्चे उत्साह से ले रहे हैं हिस्सा

आयोजित समर कैम्प में बच्चे उत्साह पूर्वक हिस्सा ले रहे हैं। इस तरह के आयोजनों से उन्हें विभिन्न कौशलो को सीखने का एक अच्छा अवसर मिलता है तथा क्योंकि बच्चे पढ़ाई से बोझिल हो जाते हैं तो उन्हें इस कार्यक्रम के माध्यम से एक आनंद मई वातावरण प्राप्त हो जाता है।

### प्राचार्य स्वयं कर रहे बच्चों को मोटिवेट

प्राचार्य अशोक कुमार उपाध्याय प्रतिदिन बच्चों के बीच जाकर सहभागिता करते हैं और उनसे संवाद कर उनसे फीडबैक प्राप्त करने के साथ मोटिवेट भी करते हैं।आज अपूर्वा कुटार शिक्षिका ने भी कैंप में अपनी उपस्थिति दी बच्चों को संगीत की विधा से परिचित कराया।

**पति, सास, ससुर, देवर, ननद और नंदोई पर मामला दर्ज**

# बहू को पागल बनाने की साजिश में जुटे ससुराल वाले

हरिभूमि जबलपुर।

गढ़ा थाना अतंर्गत शाहीनाका में मायके से दहेज में जमीन की मांग करने वालें पति, सास, ससुर, देवर, ननद, नंदोई ने एक महिला को घर से बाहर निकाल दिया। बताया गया है कि ससुराल वालें महिला को दहेज के लिए मानसिक व शारीरिक रुप से प्रताड़ित कर उसे पागल सिद्ध करने की साजिश करते है। गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कुड़ई थाना पटेरा जिला दमोह निवासी 25 वर्षीय श्रीमति पूजा लोधी ठाकुर उसकी शादी 22 अप्रैल 2024 को शाहीनाका गढ़ा निवासी कशिश लोधी से हुई थी। शादी में उसके परिवार वालों ने अपनी सामर्थता अनुसार ससुराल वालों को घर गृहस्थी का सामान एवं 7 लाख रूपये, पति को सोने की चैन अंगूठी दिये थे। शादी के बाद से ही पति कशिश लोधी, सास फूलबाई लोधी , ससुर बलराम लोधी, देवर हरित लोधी उसे दहेज के लिये प्रताड़ति करने लगे तथा दहेज में जमीन लेने का कहते हुए उसे आए दिन शारीरिक व मानसिक रुप से प्रताड़ित करने लगे। पति द्वारा मारपीट कर रात में उसे डराकर उसका वीडियो बनाते हुए उसे पागल सिद्ध करना चाहते थे। ससुराल में रहने वालें ननद संगीता और नंदोई विनोद दहेज के लिये प्रताडित करते थे और ननद संगीता मारपीट करती थी। गत 11 दिसंबर 2025 को सुसराल वालों ने मायके से दहेज में जमीन लाने का कहते हुए उसे घर से निकालने की धमकी दी। गत 16 दिसंबर 2024 को मायके से उसे लेने आये तो पति तथा ससुराल वालों ने उसका स्त्रीधन जेवर तथा मोबाइल ले लिये तथा जब तक जमीन नहीं मिलेगी तब तक ससुराल नहीं आना कहते हुए उसे मायके भेज दिया, तब से वह मायके में ही रह रही है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 85, 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत तथा 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# घड़ी देने से मना करने पर मारपीट

**जबलपुर।** मदनमहल थाना अतंर्गत गंगासागर रोड पर घड़ी मांगने से मना करने की बात पर दो पक्षों ने एक दूसरे के साथ गालीगलौज व मारपीट कर चीप के टुकड़े से हमला कर घायल कर दिया। मारपीट की इस वारदात में एक युवक घायल हो गए जिसे उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे मेडीकल रेफर कर दिया गया। मदनमहल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगासागर अकबर का बाड़ा निवासी 21 वर्षीय ई रिक्शा चालक अभिषेक चौधरी गत रात लगभग 9 बजे शादी का लिफाफा लेने गंगासागर रोड स्थित एक किराना दुकान गया था, वहीं पर पड़ौसी नंदू उससे घड़ी मांगने लगा, उसने अपनी घड़ी देने से मना किया तो नंदू गाली गलोज करते हुये मारपीट करने लगा। झगड़ा देख नंदू का भाई राजकुमार भी उसके साथ मारपीट कर उसकी नाक पर चोट पहुंचा दी और जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरे पक्ष अकबर का बाड़ा मदनमहल निवासी 32 वर्षीय मजदूर राजकुमार ठाकुर गत रात लगभग 9 बजे अपने छोटे भाई नंदू के साथ गंगासागर रोड स्थित एक किराना दुकान के सामने रोड पर खड़ा था, तभी वहां पर पड़ौसी अभिषेक चौधरी आया जिससे नंदू ने घड़ी मांगी, तो अभिषेक चौधरी नंदू को गालियां देने लगा। गाली देने से मना करने पर अभिषेक का भाई दिनेश एवं अशोक तीनों ने मिलकर मारपीट कर दी। वहीं दिनेश ने चीप के टुकड़े से नंदू के सिर पर हमला कर जान से मारने की धमकी दी। घायल नंदू को विक्टोरिया अस्पताल मे इलाज के लिए ले जाया गया, जहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

**चलती बाईक से बदमाशों ने चलाए चाकू, युवक गंभीर**

# नेशनल हाईवे पर दिनदहाड़े चाकू बाजी की वारदात

**जबलपुर।** जबलपुर में चाकूबाज बेखौफ होकर वारदातें कर रहे हैं। अब तो राह चलते दिन दहाड़े चाकू अड़ाकर बदमाश रंगदारी वसूल रहे है। गुंडा वसूली नहीं होने पर चाकू मारकर घायल भी कर रहे हैं। चाकूबाजों के हौसले इतने बुलंद नजर आ रहे जैसे पुलिस का इनको कोई खौफ नही क्योंकि दिन दहाड़े काम पर जा रहे युवक को चलती बाइक पर आए तीन बदमाशों ने चाकू मार कर घायल कर दिया घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए जहां गया। घायल को इलाज के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तिलवारा थाना अतंर्गत तिलवारा प्लांट के पास तिलवारा निवासी युवक जब अपनी बाइक से रद्दीचौकी काम मे जा रहा था। जहां तिलवारा प्लांट के पास बाइक सवार तीन बदमाशो ने दुर्गेश बेन की बाइक रोककर शराब पीने के लिए 200 रुपए की मांग की वही जब दुर्गेश ने रुपए देने से बदमाशो को मना किया तो तीनों बदमाशो ने दुर्गेश के ऊपर तबातोड़ चाकुओ से वार करते हुए दुर्गेश को घायल कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद अज्ञात हमलावर मौके से फरार हो गए।वही घायल की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। घायल दुर्गेश का कहना है कि जिन लोगो ने उस पर वार किया वह उन्हें नहीं पहचानता। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## *रंगदारी वसूलने 2 भाईयों पर बदमाशों ने किया चाकू से हमला*

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अतंर्गत बड़ापत्थर के पास शास्त्रीनगर में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर चार बदमाशों ने मिलकर दो भाईयों के साथ मारपीट की और एक भाई पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। तिलवारा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़ापत्थर के पास शास्त्रीनगर निवासी 27 वर्षीय प्रदीप बर्मन गत देर रात लगभग 12 बजे अपने भाई प्रकाश उर्फ पीटर के साथ अपने घर के सामने खड़ा था, तभी मोहल्ले का तनिष्क पटेल अन्य तीन लड़कों के साथ आया और प्रकाश उर्फ पीटर से शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगे, पैसे देने से मना करने पर गाली गलौज मारपीट कर दिए। तनिष्क पटैल ने चाकू से प्रकाश उर्फ पीटर पर चाकू से हमला कर घायल कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 119(1), 351(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## बाईक की टक्कर से 9 साल का मासूम घायल

**जबलपुर।** कटंगी थाना क्षेत्र में किराना दुकान से सामान लेने गए एक 9 साल के बच्चे को एक बाईक ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया, वहीं बाईक चालक भी गिर कर घायल हो गया। कटंगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम हरदुआ थाना रीठी जिला कटनी निवासी 37 वर्षीय श्रीमति चांदनी कुचबंधिया गत 9 मई 2025 को अपनी बड़ी बहन संपत बाई कुचबंधिया के घर में शादी कार्यक्रम में कटंगी आई थी। गत रात लगभग 8 बजे उसका 9 वर्षीय बेटा आरके कुचबंधिया किराना दुकान मे समान लेने गया था तभी बाईक क्रमांक एमपी 20 एमएफ 3855 के चालक ने आरके कुचबंधिया को टक्कर मार दी।

## समर कैंप का समापन

**पाटन।** संदीपनी विद्यालय पाटन में समर कैंप का समापन किया गया। जिसके मुख्य मुख्य अतिथि प्राचार्य अनुज कुमार सिंह रहे उन्होंने बच्चों को बधाई दी और प्रशिक्षण देने वालों को प्रशिक्षक प्रमाण पत्र प्रदान किया बच्चों को भी इसके लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी कि उन्होंने इसमें सहभागिता निभाई और नई-नई कला सीखी समापन समारोह में विद्यालय के विद्यार्थी उनके अभिभावक और समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

**श्री गोपाल सिंह राजपूत-** ईसाई मोहल्ला प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री गोपाल सिंह राजपूत (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती तुलसी देवी केसवानी-** अनंततारा बंगला नं. 5, फेस 2 तिलहरी निवासी श्री टेकचंद केसवानी की धर्मपत्नी श्रीमती तुलसी देवी केसवानी (100) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भगवानदीन रैदास-** रामहरख का बगीचा पूर्वी घमापुर निवासी श्री भगवानदीन रैदास (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अखिल वामनराव मुले-** टेलीग्राफ गेट नं. 4 साईं नारायण दरबार के पास राइट टाउन निवासी श्री अखिल वामनराव मुले (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चंदन सोनकर-** ललित कॉलोनी नेहरू वार्ड निवासी श्री चंदन सोनकर (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कृष्णा देवी शर्मा-** फूटाताल लाल स्कूल के पास निवासी श्री शिव कैलाश शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा देवी शर्मा (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुशीला बाई सोंधिया-** फूटाताल दुर्गा चौक निवासी श्री बहादुर प्रसाद सोंधिया की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला बाई सोंधिया (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शोभा चौबे-**




कमानिया बड़ा फुहारा निवासी श्री कृपा शंकर चौबे की धर्मपत्नी श्रीमती शोभा चौबे (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शानू राजपूत-** फूटाताल नटराज कला मंदिर के पास निवासी श्री नरेंद्र कुमार राजपूत के पुत्र श्री शानू राजपूत (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई चौधरी-** कांचघर झंडा चौक निवासी श्री मेवा लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई चौधरी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राकेश केवट-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री राकेश केवट (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रामरति गुप्ता-** नंदन विहार त्रिमूर्ति नगर निवासी श्री गनेश प्रसाद गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती रामरति गुप्ता (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुनील दाहिया-** लालमाटी बड़ी संतोषी माता के पास निवासी श्री नंदू लाल दाहिया के पुत्र श्री सुनील दाहिया का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजकुमार कोडवानी-** पंचशील नगर नर्मदा रोड निवासी श्री राजकुमार कोडवानी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
संपर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

# कर्ज लेने की औसत आयु 21 साल घटकर 25 से 28 के बीच : रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कर्ज लेने वाले ग्राहकों की औसत उम्र में कमी आई है। पहले औसतन 47 साल की उम्र में लोग कर्ज लेते थे, जबकि अब 25 से 28 साल की उम्र में ही कर्ज लेना शुरू हो जाता है। एक अध्ययन रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट कहती है कि अब ग्राहक पिछली पीढ़ियों के मुकाबले औसतन 21 साल पहले कर्ज लेने लगे हैं। उपभोक्ता कर्ज और मुफ्त 'क्रेडिट स्कोर' की सूचना देने वाले मंच 'पैसा बाजार' के इस अध्ययन के मुताबिक, ''1960 के दशक में जन्मे उपभोक्ताओं ने औसतन 47 साल की उम्र में अपना पहला कर्ज लिया। वहीं, 1990 के दशक में जन्मे उपभोक्ता कर्ज लेने की शुरूआत 25 से 28 वर्ष की उम्र में ही कर रहे हैं।''

## एक अध्ययन रिपोर्ट में यह आंकड़ा जारी किया गया

### कर्ज की पहुंच पहले से आसान हुई

बिनानी ने कहा कि विश्लेषण से यह भी पता चलता है कि किस तरह समय के साथ पूरा परिवेश बेहतर हुआ और कर्ज पहुंच आसान होती गयी है। पैसाबाजार के अध्ययन के मुताबिक, कर्ज के लिए चुने जाने वाले उत्पादों में भी पीढ़ियों के बीच स्पष्ट बदलाव आया है।



### अब लोग कर्ज युवावस्था में ले रहे

अध्ययन के अनुसार, पहले लोग आवासीय ऋण को उम्रदराज होने पर लेते थे लेकिन अब युवावस्था में ही लोग कर्ज लेने लगे हैं। पहले घर के लिए कर्ज लेने की औसत उम्र 41 साल (1970 के दशक में जन्मे लोगों के लिए) हुआ करती थी, वहीं अब यह घटकर 28 वर्ष (1990 के दशक में जन्मे लोगों के लिए) हो गई है। इसी तरह, कारोबार के लिए पहला कर्ज लेने की औसत उम्र भी 42 साल से घटकर 27 साल हो गई है।

### उपभोक्ता अब असुरक्षित कर्ज ले रहे

जहां पिछली पीढ़ियां आमतौर पर अपनी कर्ज की शुरूआत आवास ऋण या वाहन कर्ज जैसे सुरक्षित कर्जों से करती थीं, वहीं 1990 के दशक में जन्मे उपभोक्ता आमतौर पर 25 से 28 वर्ष की उम्र में असुरक्षित माने जाने वाले क्रेडिट कार्ड, व्यक्तिगत ऋण और टिकाऊ उपभोक्ता सामानों के लिए कर्ज ले रहे हैं।

### उपभोक्ताओं की सोच में आया बदलाव

इससे यह स्पष्ट होता है कि कर्ज मिलना अब पहले से कहीं ज्यादा आसान हो गया है और उपभोक्ता की सोच में भी बदलाव आया है। पीबी फिनटेक समूह की इकाई पैसाबाजार ने इस रिपोर्ट में एक करोड़ से ज्यादा उपभोक्ताओं के कर्ज लेने की प्रवृत्ति का विश्लेषण किया है।

### जरूरतों को पूरा करने इस्तेमाल कर रहे कर्ज

पैसाबाजार की मुख्य उत्पाद अधिकारी राधिका बिनानी ने कहा, "आज के युवा उपभोक्ता ज्यादा जागरूक, महत्वाकांक्षी और डिजिटल रूप से सक्षम हैं। पहले की तुलना में वे न केवल जल्दी कर्ज ले रहे हैं बल्कि उसका अधिक आत्मविश्वास से और विभिन्न वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं।"

## खबर संक्षेप



### सिप्ला का लाभ 30 फीसदी बढ़कर 1,222 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** दवा कंपनी सिप्ला का बीते वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 30 प्रतिशत बढ़कर 1,222 करोड़ रुपये रहा है। सिप्ला ने मंगलवार को जनवरी-मार्च 2025 तिमाही के वित्तीय नतीजों की सूचना शेयर बाजार को दी। एक साल पहले की समान तिमाही में उसे 939 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ हुआ था। सिप्ला ने कहा कि समीक्षाधीन अवधि में उसकी परिचालन आय बढ़कर 6,730 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 6,163 करोड़ थी।

### भारती एयरटेल के मुनाफे में पांच गुना बढ़ोतरी



**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का मार्च में समाप्त तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ करीब पांच गुना होकर 11,022 करोड़ रुपये हो गया। मुख्य रूप से शुल्क बढ़ोतरी के प्रभाव के कारण कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। भारती एयरटेल ने एक साल पहले इसी अवधि में 2,071.6 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि जनवरी-मार्च, 2025 तिमाही में उसका परिचालन राजस्व 27 प्रतिशत बढ़कर 47,876.2 करोड़ रुपये हो गया, जो मार्च, 2024 की तिमाही में 37,599.1 करोड़ रुपये था।

### पावर मेक प्रोजेक्ट्स को मिला 982 करोड़ का ठेका



**नई दिल्ली।** पावर मेक प्रोजेक्ट्स को एकीकृत टाउनशिप के निर्माण के लिए तेलंगाना पावर जेनरेशन कॉरपोरेशन से 971.98 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। पावर मेक प्रोजेक्ट्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया यह ठेका निर्माणस्थल का कब्जा लेने की तारीख से 30 महीने के भीतर पूरा किया जाएगा। कंपनी सूचना के अनुसार, कंपनी को तेलंगाना पावर जनरेशन कॉरपोरेशन से 971.98 करोड़ रुपये का ठेका मिला है।

### हीरो मोटोकॉर्प का लाभ 24 प्रतिशत बढ़ा



**नई दिल्ली।** हीरो मोटोकॉर्प का वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 24 प्रतिशत बढ़कर 1,169 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का वित्त वर्ष 2023-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में मुनाफा 943 करोड़ रुपये रहा था। हीरो मोटोकॉर्प ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि तिमाही के दौरान उसकी कुल आय सालाना आधार पर 9,794 करोड़ रुपये से बढ़कर 10,244 करोड़ रुपये हो गई।

### सुवेन लाइफ साइंसेज को 43.95 करोड़ का घाटा



**नई दिल्ली।** सुवेन लाइफ साइंसेज लिमिटेड का वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध घाटा बढ़कर 43.95 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी को राजस्व में गिरावट और अधिक व्यय के कारण घाटा हुआ। सुवेन लाइफ साइंसेज लिमिटेड का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में एकीकृत शुद्ध घाटा 26.54 करोड़ रुपये दिया था। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन अवधि में उसकी परिचालन आय घटकर 1.47 करोड़ रुपये रही।

## खुदरा मुद्रास्फीति दर घटकर 3.16 प्रतिशत पर आई

# 6 साल में पहली बार खुदरा महंगाई सबसे कम! सब्जियों सहित खाने-पीने की चीजें हुई सस्ती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सब्जियों, फलों एवं दालों की कीमतों में नरमी आने से अप्रैल में खुदरा मुद्रास्फीति की दर घटकर लगभग छह साल के निचले स्तर 3.16 प्रतिशत पर आ गई। इससे भारतीय रिजर्व बैंक के लिए जून की मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में एक और कटौती की पर्याप्त गुंजाइश बन गई है।

मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति 3.16 प्रतिशत रही, जो जुलाई, 2019 के बाद का सबसे निचला स्तर है। जुलाई, 2019 में यह 3.15 प्रतिशत थी। मार्च, 2025 में खुदरा मुद्रास्फीति 3.34 प्रतिशत और अप्रैल, 2024 में 4.83 प्रतिशत थी।

### खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े संतोषजनक दायरे में

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले महीने खाद्य मुद्रास्फीति घटकर 1.78 प्रतिशत पर आ गई, जो अक्टूबर, 2021 के बाद का सबसे निचला स्तर है। मार्च में खाद्य मुद्रास्फीति 2.69 प्रतिशत रही थी जबकि एक साल पहले अप्रैल में यह 8.7 प्रतिशत थी। खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संतोषजनक दायरे में बने हुए हैं।

## रेपो दर में एक और कटौती की गुंजाइश बन गई

**खास बातें**

- जुलाई 2019 के बाद खुदरा मुद्रास्फीति का सबसे निचला स्तर
- जुलाई, 2019 में खुदरा महंगाई 3.15 प्रतिशत थी



### अब आरबीआई पर है नजर

अप्रैल में आई इस राहत के बाद अब सभी की नजर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया पर है। पिछले महीने आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने रेपो रेट 6 फीसदी कर दिया था, और अब उम्मीद की जा रही है कि जून में एक और कटौती हो सकती है।

### जीडीपी में थोड़ी गिरावट

हाल ही में आरबीआई ने अपने 2025-26 के जीडीपी ग्रोथ अनुमान को 6.7 फीसदी से घटाकर 6.5 फीसदी कर दिया है। इसकी वजह बताई गई है वैश्विक व्यापार में अनिश्चितता और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एशिया पर भारी टैरिफ लगाने की आशंका। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा के मुताबिक, अब फोकस सिर्फ महंगाई कंट्रोल करने से हटकर क्रेडिट ग्रोथ और इकनॉमिक सपोर्ट की ओर जा सकता है।

### खाने की चीज़ों के दाम कुछ थमे

*अप्रैल 2025 में फूड इंफ्लेशन गिरकर 1.78 फीसदी पर आ गई। मार्च में ये 2.69 फीसदी थी और फरवरी में 3.75 फीसदी। यानी थाली कुछ हद तक सस्ती हुई है। लेकिन सब कुछ नहीं, तेल, फल और दूध जैसी चीजें अब भी महंगी बनी हुई हैं।*

### कुछ चीजें महंगी भी हुईं

*महीने दर महीने की बात करें, तो सब्जियों, अंडों, दालों और मांस-मछली के दाम धीमी रफ्तार से बढ़े, लेकिन फल, तेल और दूध की कीमतों में उछाल जारी रहा। कुल मिलाकर, फूड एंड बेवरेजेस में सालाना 2.14 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जबकि मार्च में ये 2.88 फीसदी थी।*

### 4 फीसदी से नीचे महंगाई

*3 महीने लगातार महंगाई 4 फीसदी से नीचे रही है। ऐसा पिछले 5 सालों में पहली बार हुआ है। एक पोल में 21 अर्थशास्त्रियों ने अनुमान लगाया था कि अप्रैल में महंगाई 3.2 फीसदी रह सकती है। जबकि असल आंकड़ा उससे भी थोड़ा नीचे रहा।*

# अचानक से शेयर बाजार में भूचाल, सेंसेक्स में 1282 अंक की गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



स्थानीय शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी के एक दिन बाद मंगलवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,282 अंक लुढ़क गया। आईटी और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नुकसान में रहा।

- आईटी और एफएमसीजी के शेयरों में रही मुनाफावसूली

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 1,281.68 अंक यानी 1.55 प्रतिशत का गोता लगाते हुए 81,148.22 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,386.21 अंक तक लुढ़क गया था। सेंसेक्स के शेयरों में 25 नुकसान में जबकि पांच लाभ में रहे। निफ्टी भी 346.35 अंक गिरावट के साथ 24,578.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इन्फोसिस में 3.54 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा पावर ग्रिड, इटर्नल, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारती एयरटेल, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एनटीपीसी, मारुति, टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी नीचे आए। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में... सन फार्मा, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक शामिल हैं। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा कि मुनाफावसूली चौतरफा रही। आईटी, दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) और वाहन शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

### द. कोरिया व जापान के बाजार में रही बढ़त

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट बढ़त में रहे, जबकि हांगकांग के हैंगसेंग में गिरावट रही। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में ज्यादातर में तेजी का रुख था। चीन और अमेरिका के बीच व्यापार तनाव कम होने के बाद सोमवार को अमेरिकी बाजारों में तेजी रही।

# सोने में 950 रुपए की बढ़त और चांदी रही कमजोर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 950 रुपये बढ़कर 97,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,000 रुपये बढ़कर 97,100 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

सोमवार को 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत वाले सोने की कीमत 3,400-3,400 रुपये की भारी गिरावट के साथ क्रमशः 96,550 रुपये और 96,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। इस बीच, चांदी की कीमत 250 रुपये की गिरावट के साथ 99,450 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि इसका पिछला बंद भाव 99,700 रुपये प्रति किलोग्राम था। अबन्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) चिंतन मेहता ने कहा, ''अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध में विराम के बाद सुरक्षित निवेश की मांग में कमी आने से सोने की कीमतों में तेज गिरावट आने के बाद फिर से उछाल आया है।'' अमेरिका ने चीनी आयात पर शुल्क को 145 प्रतिशत से घटाकर 30 प्रतिशत करने पर सहमति जताई है, जबकि चीन ने अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क को 125 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है।

### सोमवार को सोने में आई थी तीन फीसदी की गिरावट

*कोटक सिक्योरिटीज में एवीपी (जिंस शोध) कायनात चैनवाला ने कहा, ''सोने में सोमवार को तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई, जो लगभग दो सप्ताह में सबसे कमजोर बंद स्तर है। हालांकि, मंगलवार को सोने में थोड़ी तेजी आई और यह 3,240 डॉलर प्रति औंस से ऊपर पहुंच गया।''*

# आदित्य बिड़ला कैपिटल का लाभ 30 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी आदित्य बिड़ला कैपिटल का मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 30 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ 865 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 1,245.41 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। आदित्य बिड़ला कैपिटल ने मंगलवार को शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में इसकी कुल आय बढ़कर 12,239 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की अवधि में 10,803 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) सहित ऋण प्रतिभूतियां जारी कर 1,65,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। एक अलग बयान में कंपनी ने कहा कि उसका कुल ऋण पोर्टफोलियो 31 मार्च, 2025 तक सालाना आधार पर 27 प्रतिशत बढ़कर 1,57,404 करोड़ रुपये हो गया।

ADITYA BIRLA CAPITAL

# इफको के दो नए संयंत्रों में उत्पादन शुरू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की प्रमुख उर्वरक कंपनियों में से एक सहकारी संस्था इफको ने उत्तर प्रदेश में दो नए संयंत्रों में नैनो लिक्विड डीएपी (डाय-अमोनियम फॉस्फेट) का वाणिज्यिक उत्पादन शुरू किया है, जिनमें से प्रत्येक की क्षमता दो लाख बोतल प्रतिदिन की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में इफको ने कहा कि उसने ''उत्तर प्रदेश में आंवला, बरेली और फूलपुर, प्रयागराज में अपने दो और नैनो संयंत्रों में इफको नैनो डीएपी लिक्विड का वाणिज्यिक उत्पादन शुरू कर दिया है।'' इसमें कहा गया कि दोनों नैनो उर्वरक संयंत्रों की क्षमता दो लाख बोतल (500 मिली) प्रतिदिन उत्पादन करने की है। इफको ने कहा, ''उत्पादन में इस वृद्धि से देश में नैनो डीएपी लिक्विड की आपूर्ति बढ़ेगी और यह देश भर के हमारे किसानों को आसानी से उपलब्ध होगा।'' पांच इफको नैनो उर्वरक संयंत्रों की कुल क्षमता प्रतिदिन 9.5 लाख बोतल है, जिसमें नैनो यूरिया और नैनो डीएपी दोनों शामिल हैं। इफको ने दावा किया, ''नैनो डीएपी लिक्विड पारंपरिक डीएपी की तुलना में बेहतर विकल्प है क्योंकि नैनो डीएपी में 100 नैनोमीटर से कम कण होते हैं, जो इसे अधिक प्रभावी बनाते हैं। यह पारंपरिक उर्वरकों की तुलना में मिट्टी के पोषक तत्वों को बढ़ाता है। यह बेहतर फसल वृद्धि और अधिक पैदावार को भी बढ़ावा देता है।'' इफको ने जून, 2021 में दुनिया का पहला 'नैनो लिक्विड यूरिया' उर्वरक पेश किया।

- नैनो लिक्विड डीएपी का होगा उत्पादन



### 2000 करोड़ रुपए का निवेश

पिछले साल सितंबर में इफको के प्रबंध निदेशक यू एस अवस्थी ने कहा था कि सहकारी संस्था ने वर्ष 2017 से अपने दो नए उत्पादों - नैनो लिक्विड यूरिया और नैनो लिक्विड डीएपी पर करीब 2,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। उन्हें उम्मीद है कि किसान अगले 2-3 साल में इन प्रमुख पोषक तत्वों को बड़े पैमाने पर अपनाएंगे।

# सीमेंस का लाभ 37 फीसदी घटकर 408 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी कंपनी सीमेंस का शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में सालाना आधार पर 37 प्रतिशत से अधिक घटकर 408 करोड़ रुपये रहा है। मुख्य रूप से स्थिर और अन्य लागत बढ़ने से कंपनी का मुनाफा नीचे आया है। अक्टूबर से सितंबर के वित्त वर्ष का अनुसरण करती है। सीमेंस ने मंगलवार को बयान में कहा कि कंपनी का शुद्ध लाभ 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही में 649 करोड़ रुपये था।

# चीन के एंट ग्रुप ने पेटीएम में चार फीसदी हिस्सेदारी बेची

कंपनी ने हिस्सेदारी 2,103 करोड़ में बेची



**नई दिल्ली।** चीन की प्रमुख वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी एंट ग्रुप ने मंगलवार को डिजिटल भुगतान कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस में चार प्रतिशत हिस्सेदारी 2,103 करोड़ रुपये में बेच दी। यह सौदा खुले बाजार के लेनदेन के माध्यम से हुआ। बीएसई के आंकड़ों के अनुसार, जाने-माने उद्योगपति जैक मा के एंट ग्रुप ने अपने सहयोगी एंटफिन नीदरलैंड होल्डिंग बी वी के माध्यम से दो अलग-अलग थोक सौदों के माध्यम से पेटीएम की मूल कंपनी नोएडा स्थित वन97 कम्युनिकेशंस में 2.55 करोड़ से अधिक शेयर यानी चार प्रतिशत हिस्सेदारी बेची। एंट ग्रुप को पहले एंट फाइनेंशियल के नाम से जाना जाता था। यह चीन के अलीबाबा समूह की कंपनी है।

## वैश्विक बिक्री में कमी और नुकसान के चलते उठाया कदम

# अब 'निसान' 20 हजार नौकरियों पर चलाने जा रही कैंची

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हाल के महीने में गूगल समेत कई कंपनियों ने बड़ी तादाद में अपने कर्मचारियों को निकालने का ऐलान किया। अब इस लिस्ट में जापान की कार निर्माता कंपनी 'निसान' का नाम भी जुड़ गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, निस्सान करीब 20 हजार लोगों को निकालने जा रही है, जो पहले के ऐलान से करीब दोगुनी है। कंपनी की तरफ से ये फैसला वैश्विक बिक्री में कमी और नुकसान के चलते वित्तीय संकट के बीच उठाया गया है। नवंबर के महीने में निसान ने कहा था कि अमेरिका और चीन में उनकी कार की कम बिक्री की वजह से उनके मुनाफे में पहली छमाही के दौरान 94 की गिरावट आयी है।

- कंपनी के पहले छमाही में 94 फीसदी की आई गिरावट




### 15 फीसदी कम होगी कर्मचारियों की संख्या

*इसकी वजह से वे 9 हजार कर्मचारियों को बाहर निकालेंगे। जापान के ब्रॉडकास्टर एनएचके के मुताबिक, अब कंपनी ने 20 हजार कर्मचारियों को निकालने का फैसला किया है, जो निसान की कुल कर्मचारियों की संख्या का 15 प्रतिशत है। जापान कार निर्माता कंपनी ने हाल में ये अनुमान लगाया था कि उसका नुकसान पिछले वित्त वर्ष के दौरान 700-750 बिलियन येन (4.74 से 5.08 बिलियन डॉलर) का हुआ था।*

### प्रशासनिक कर्मचारियों को दिया जा सकता है रिटायरमेंट


*इसके अलावा, एक अन्य रिपोर्ट में ये भी सुझाव दिया गया है कि निसान की तरफ से जापान में प्रशासनिक कार्यों में लगे सैकड़ों कर्मचारियों को समय से पूर्व रिटायरमेंट दिया जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो ये कंपनी का 18 वर्षों में पहला इस तरह का रिटायरमेंट प्लान होगा। हालांकि, निसान की तरफ से इस रिपोर्ट के बारे में अब तक किसी तरह की कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।*

### कंपनी आउटडेटेड कार की चुनौतियों से जूझ रही

*गौर करनेवाली बात ये है कि निसान आउटडेटेड कार की चुनौतियों से जूझ रही है। इसी वजह से वे अपनी बिक्री को बढ़ाने के लिए लगातार डिस्काउंट ऑफर कर रही है। कंपनी की तरफ से वार्षिक वित्तीय एक-दो दिन में आने की उम्मीद है। कंपनी ने हाल ही में अपना कोई नया मॉडल भी बाजार में नहीं उतारा है। निसान के वाहन अधिकांशतः सेना में उपयोग किए जाते हैं।*

# माल ढुलाई 4.3 प्रतिशत बढ़कर 85.5 करोड़ टन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत के प्रमुख बंदरगाहों ने वित्त वर्ष 2024-25 में माल ढुलाई (माल चढ़ाना एवं उतारना) में 4.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की और यह बढ़कर 85.5 करोड़ टन हो गई। यह जानकारी मंगलवार को एक सरकारी बयान में दी गई। देश में 12 प्रमुख बंदरगाह हैं। इन बंदरगाहों में दीनदयाल बंदरगाह, मुंबई बंदरगाह, जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह, मोरमुगाओ बंदरगाह, न्यू मैंगलोर बंदरगाह, कोचीन बंदरगाह, वीओ चिदंबरनार बंदरगाह, चेन्नई बंदरगाह, कामराजर बंदरगाह, विशाखापत्तनम बंदरगाह, पारादीप बंदरगाह और श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह शामिल हैं। प्रमुख बंदरगाहों पर ढुलाई के मामले में पेट्रोलियम, तेल और लुब्रिकेंट (पीओएल)- जिसमें कच्चा तेल, पेट्रोलियम उत्पाद और एलपीजी/एलएनजी शामिल हैं- 2024-25 में 25.45 करोड़ टन (29.8 प्रतिशत) की मात्रा के साथ सबसे ऊपर रहे। इसके बाद कंटेनर यातायात 19.35 करोड़ टन (22.6 प्रतिशत), कोयला 18.66 करोड़ टन (21.8 प्रतिशत) और अन्य कार्गो श्रेणियां जैसे लौह अयस्क, छर्रे, उर्वरक का स्थान रहा।

- देश में 12 प्रमुख बंदरगाह कार्यरत

## चिंतन

# सफल 'ऑपरेशन सिंदूर' से सेना का मनोबल उच्च पर

पहलगाम में आतंकी हमले का बदला लेने के लिए पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद व पाक स्थित आतंकी ठिकानों के खात्मे के लिए शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के प्रचंड सैन्य अभियान को अचानक संघर्ष विराम पर बनी सहमति के चलते रोकने के बाद सेना के मनोबल को ऊंचा बनाए रखना जरूरी था। सरकार ने यही किया। सेना के अफसर से लेकर विदेश व रक्षा मंत्रालय तक ने भारत व पाक के बीच अचानक संघर्ष विराम के ऐलान को लेकर सभी बिंदुओं पर विस्तार से देश को बताया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी राष्ट्र के नाम अपने संदेश में भारत के रुख को स्पष्ट किया। पीएम के राष्ट्र संदेश में पाकिस्तान को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि आतंकवाद के खिलाफ भारत कठोर एक्शन लेता रहेगा, पाकिस्तान की ओर से भारत के खिलाफ किसी भी आतंकी साजिश या घटना को अपने खिलाफ युद्ध मानेगा, परमाणु बम हमले की ब्लैकमेलिंग नहीं चलेगी। भारत आतंकवाद के खात्मे तक सिंधु जल संधि को स्थगित रखेगा। पाकिस्तान जब तक अपने यहां से आतंकवाद का खात्मा नहीं करेगा, भारत कोई बात नहीं करेगा। पाकिस्तान के साथ भारत कश्मीर पर नहीं, केवल पीओके पर बात करेगा। पीओके भारत का है और इसे पाक के अवैध कब्जे से मुक्त कराकर रहेगा, और सबसे अहम कि भारत कश्मीर पर किसी भी तीसरे पक्ष का दखल बर्दाश्त नहीं करेगा। अमेरिका को यह स्पष्ट संदेश है। पंजाब के आदमपुर सैन्य बेस पर पहुंच कर पीएम ने पाकिस्तान के झूठ का पर्दाफाश किया। पाक फौज ने इस बेस को नष्ट करने का झूठ बोला था। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर को लेकर डीजीएमओ स्तर पर बातचीत चल रही थी। इसी के साथ एनएसए स्तर पर भी बैकडोर वार्ता जारी थी, सैन्य ऑपरेशन के युद्ध में तब्दील होने की आशंका में अमेरिका भी अपने स्तर पर भारत व पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों व पाक सेना प्रमुख से बातचीत कर रहा था। इन कोशिशों के बाद ही भारत व पाकिस्तान के बीच लार्जर हित को देखते हुए संघर्ष विराम के लिए सहमति बनी थी, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अधीरता, क्रेडिट लेने की ललक व बड़बोलेपन की प्रवृत्ति के चलते तय समय से पहले भारत व पाक के बीच सीजफायर के अमेरिकी ऐलान ने भारत को असहज कर दिया। ट्रंप ने लगे हाथ कश्मीर को लेकर मध्यस्थता की पेशकश भी कर दी, जबकि मौजूदा वक्त में कश्मीर कोई मुद्दा ही नहीं था। भारत आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई के मकसद से पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों व घोषित आतंकवादियों पर कार्रवाई कर रहा था। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत के साथ ही अपना रुख स्पष्ट कर दिया था कि उसकी लड़ाई आतंकवाद के खिलाफ है, पाकिस्तान के खिलाफ नहीं। पाकिस्तान ने भारत की आतंकवाद के विरुद्ध कार्रवाई को अपने खिलाफ मान लिया और सीमा पार से नागरिकों और भारत के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने लगा। भारत ने जवाबी कार्रवाई में ाक के हर ड्रोन व मिसाइल हमलों को नाकाम किया। अस्थिर व अपरिपक्व राजनेता डोनाल्ड ट्रंप की गैर-जिम्मेदार हरकत से भारत की विदेश नीति व कूटनीति पर जरूर सवाल उठ रहे हैं, इससे तात्कालिक तौर पर भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को चोट अवश्य पहुंची है। इस हरकत से ट्रंप ने ही अपना वैश्विक भरोसा खोया है। भारत आतंकवाद के खिलाफ चट्टान की तरह कठोर है और आतंक के साजिशकर्ताओं को सबक सिखाता रहेगा। ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है, पाकिस्तान को किसी भी गफलत में नहीं रहना चाहिए।

# विजयी क्षण को झूठे नैरेटिव में न गंवाएं



पराक्रम
अवधेश कुमार

प्रश्न है कि सैन्य टकराव रुकने को किस तरह देखा जाए? भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले में धर्म पूछ कर मारे गए 25 एवं एक अन्य की हत्या के बाद अतीत का चरित्र त्याग कर पाक सीमा में नौ महत्वपूर्ण आतंकवादी केन्द्रों को ध्वस्त किया और तत्काल यही उद्देश्य था। भारत ने सीमा पार आतंकवाद के विरुद्ध बदले हुए चरित्र वाले राष्ट्र का प्रमाण पेश किया। जो नेतृत्व पहलगाम हमले के बाद पाक सीमा में सटीक मिसाइलें दाग कर आतंकवादी केन्द्रों को ध्वस्त करता है, वह विश्वसघाती और उन्मादी मजहबी सोच के आधार पर विदेश और सैन्य नीति चलाने वाले देश के साथ बातचीत फिर घाव देने का अवसर देगा, ऐसी कल्पना नहीं की जानी चाहिए।

भारत-पाकिस्तान के बीच सैनिक संघर्ष रुकने पर हम देश की प्रतिक्रिया देखें तो बड़ा वर्ग, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मोदी सरकार और भाजपा के समर्थक कार्यकर्ता शामिल हैं, नाखुश दिखाई देते हैं। इन्हें लगता है कि भारत के पास पाकिस्तान को धूल चटाकर, ऐसा पंगु बना देने का अवसर था जिससे वह लंबे समय तक भारत को घाव देने की सोचे भी नहीं। दूसरी ओर, ऐसे लोग भी हैं जिन्हें लगता है कि भारत इस समय लंबे युद्ध कर पाकिस्तान को पराजित करने की लड़ाई नहीं लड़ रहा था। इसलिए तत्काल लंबा खींचना उचित नहीं होता। प्रश्न है कि सैन्य टकराव रुकने को किस तरह देखा जाए? भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले में धर्म पूछ कर मारे गए 25 एवं एक अन्य की हत्या के बाद अतीत का चरित्र त्याग कर पाक सीमा में स्थित नौ सभी महत्वपूर्ण आतंकवादी केन्द्रों को ध्वस्त किया और तत्काल यही उद्देश्य था। इस तरह भारत ने सीमा पार आतंकवाद के विरुद्ध बदले हुए चरित्र वाले राष्ट्र का प्रमाण पेश किया। जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ट्वीट आया कि लंबी बातचीत के बाद दोनों पक्षों ने सीजफायर यानी युद्धविराम स्वीकार किया तो टीवी चैनलों पर बैठे पूर्व सैनिकों और विशेषज्ञों को भी हैरत हुई।

उसके बाद अमेरिका के विदेश मंत्री मार्क रुबियो का ट्वीट आ गया जिससे जानकारी मिली कि उपराष्ट्रपति जेडी बैंस लगातार दोनों देशों से बातचीत कर रहे थे। लेकिन भारत ने 5 बजे विदेश सचिव विक्रम मिश्री के माध्यम से इसकी घोषणा करवाई। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसके लिए स्टॉपेज आफ फायरिंग एंड मिलिट्री एक्शन यानी गोलाबारी तथा सैन्य कार्रवाई के रुकने पर सहमति की बात की। भारत ने सीजफायर या युद्धविराम शब्द प्रयोग नहीं किया। यह शब्द पहले अमेरिका की ओर से आया और पाकिस्तान ने उपयोग किया। पाकिस्तान के साथ हमारा युद्धविराम समझौता पहले से है जिसे वह तोड़ रहा था। चाहे आतंकवादी अड्डों को ध्वस्त करना हो या पाकिस्तान को सैन्य कार्रवाई से उत्तर देश और विश्व को दी जाने वाली जानकारी में नए रूप में भारत सामने आया है। आतंकवादी अड्डे ध्वस्त किए जाने के बाद सेना की दो महिला जवान कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह भारत की प्रवक्ता के रूप में सामने आईं और साथ विक्रम मिश्री आते रहे। संघर्ष रुकने के बारे में भी उनके माध्यम से ही देश ने अपना पक्ष सुना। हालांकि भारत जैसे परिपक्व और भविष्य की महाशक्ति की योजना से आगे बढ़ने वाला देश कोई हल्का वक्तव्य नहीं दे सकता। कर्नल सोफिया कुरैशी ने जो कहा उससे भारत का रक्षा स्टैंड काफी हद तक स्पष्ट होता है। उनकी कुछ पंक्तियां देखिए- फिर से बात दोहराना चाहूंगी कि इंडियन आर्म्ड फोर्सेस पूरी तरह तैयार और सतर्क हैं।

भारत की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए पूरी तरह समर्पित हैं। कमोडोर नायर ने कहा कि भारत की सेनाएं पूरी तरह सतर्क और तैयार हैं। अगर फिर हमला हुआ, तो हम मुंहतोड़ जवाब देंगे। 11 मई को सेना के तीनों अंगों के डीजीएमओ ने पत्रकार वार्ता में स्पष्ट कर दिया कि अभी हम युद्ध की स्थिति में हैं और पूरी जानकारी देना उचित नहीं होगा। इसका अर्थ हुआ कि सेना अभी जहां जैसे थी वैसे ही रहेगी। पाकिस्तान ने



आतंकवादी अड्डों को ध्वस्त करने को अपने पर हमला मानकर कार्रवाई की थी और भारत को उसका उत्तर देना पड़ा। भारत दीर्घकालीन युद्ध की सोच से पाकिस्तान की सीमा में आतंकवादी केन्द्रों को ध्वस्त करने नहीं गया था। देश में वातावरण इस कारण बना क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने जैसा पराक्रम दिखाया है उसको तार्किक परिणति या निर्णायक अवस्था में ले जाने की सामूहिक अपेक्षा पैदा हो गई। हालांकि पहलगाम आतंकी हमले के पहले किसी ने नहीं कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर के लिए हमला करिए या पाकिस्तान पर हमला करिए। जो विपक्षी दल आतंकवादी हमले पर सीमा पार करने से बचते रहे क्योंकि पाकिस्तान की प्रतिक्रियाओं से डरते थे वह भी सामूहिक रूप से सरकार पर प्रहार कर रहे हैं। प्रश्न है कि क्या सर्वदलीय बैठक में सभी दलों ने सरकार से पाक अधिकृत कश्मीर लेने या पाकिस्तान से अंतिम सीमा तक युद्ध करने की मांग की थी? क्या सरकार ने ऐसी कोई बात कही थी?

यह दुर्भाग्य है कि पाकिस्तान और आतंकवाद के विरुद्ध इतनी बड़ी विजय और सफलता को भुलाकर जो है नहीं उसकी झूठी नैरेटिव बना दी गई है। ठीक है कि अमेरिकी राष्ट्रपति यदि लिखें कि हमारी मध्यस्थता में रातभर चली लंबी बातचीत के बाद मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान तुरंत और पूरी तरह हमले रोकने के लिए तैयार हो गए हैं तो भारत में चिंता स्वाभाविक होगी। डोनाल्ड ट्रंप टकराव रोकने के लिए भारत या पाकिस्तान से बात करते हैं तो यह नहीं कहा जा सकता कि हम आपसे बात नहीं करेंगे। कश्मीर पर यह स्टैंड रहेगा ही। उनको हम कुछ पोस्ट करने से नहीं रोक सकते। ज्यादा मायने इस बात के हैं कि भारत का स्टैंड क्या है? भारत ने स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान के साथ सामान्य डीजीएमओ की नियमित होने वाली सामान्य वार्ता ही होगी। दूसरे ,भारत ने किसी की मध्यस्थता स्वीकारने की बात की ही नहीं। ट्रंप या अमेरिका की कश्मीर पर मध्यस्थता करने की इच्छा हो सकती है कि लेकिन भारत की यह नीति नहीं है। तीसरे, जब भारत ने स्पष्ट कर दिया कि कोई भी आतंकवादी घटना एक्ट आफ वार यानी युद्ध का कदम माना जाएगा तो उसमें राजनीतिक नेतृत्व से बातचीत की गुंजाइश बचती नहीं है। इसका अर्थ हुआ कि अगर आतंकवादी हमला हुआ तो अभी हम केवल आतंकवादी केन्द्रों को निशाना बनाने के लिए मिसाइल के साथ घुसे, उसके बाद हमला मानकर पाकिस्तान से सीधे टकराएंगे। इससे स्पष्ट मुखर और आक्रामक नीति तथा वक्तव्य कुछ हो ही नहीं सकता। इस बार सैन्य कार्रवाई से संबंधित सभी निर्णयों में राजनीतिक नेतृत्व के साथ सेना के तीनों प्रमुख और सीडीएस सम्मिलित रहे। संघर्ष रोकने की घोषणा के पहले भी प्रधानमंत्री ने उनके साथ बैठकें की और सैन्य बलों ने क्या किया, क्यों किया, कैसे किया, इन सबके बारे में वक्तव्य भी सेना के द्वारा दिया गया।

यही बदले भारत को दिखाता है और देश को इस पर विश्वास करना चाहिए। जो नेतृत्व पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान की सीमा में सटीक मिसाइलें दाग कर आतंकवादी केन्द्रों को ध्वस्त करता है, जिसकी पाकिस्तान क्या अमेरिका भी कल्पना नहीं कर सकता था वह विश्वासघाती और उन्मादी मजहबी सोच के आधार पर विदेश और सैन्य नीति चलाने वाले देश के साथ बातचीत फिर घाव देने का अवसर देगा, ऐसी कल्पना नहीं की जानी चाहिए। जिन आतंकी स्थलों को निशाना बनाया गया, उनमें से पांच पाक अधिकृत कश्मीर में 9 से 30 किलोमीटर के बीच और चार पाकिस्तान में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार 6 से 100 किलोमीटर के भीतर थे। मुंबई से लेकर अनेक हमलों के केन्द्र लश्कर ए तैयबा के मुरीदके को नष्ट करने की सोच भी सीमा पर नहीं थी। तो विजय उत्सव के क्षण को झूठे नैरेटिव में न गंवाएं।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## विश्लेषण
अश्विनी वैष्णव




# ऑपरेशन सिंदूर : आतंकवाद से निपटने का नया सिद्धांत

पहलगाम में हुआ नरसंहार केवल निर्दोष लोगों के जीवन पर हमला नहीं था- यह भारत की अंतरात्मा पर भी किया गया आक्रमण था। इसके प्रत्युत्तर में भारत ने आतंकवाद-रोधी कार्रवाई की नियम पुस्तिका के पुनर्लेखन का निर्णय लिया। ऑपरेशन सिंदूर राष्ट्रीय सुरक्षा के हितों की रक्षा के लिए मोदी सरकार की न बर्दाश्त करने और कोई समझौता नहीं करने की नीति यानी मोदी सिद्धांत की सबसे स्पष्ट अभिव्यक्ति है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टेलीविजन पर राष्ट्र के नाम संबोधन में आतंकवाद से निपटने के लिए अपने इस सिद्धांत की रूपरेखा प्रस्तुत की। हाल की घटनाओं के आधार पर निर्मित यह सिद्धांत आतंकवाद और बाहरी खतरों पर भारत की प्रतिक्रिया के लिए निर्णायक तौर-तरीके निर्धारित करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह सुनिश्चित किया कि सिंधु जल संधि को निलंबित करने से लेकर आतंकी शिविरों पर सैन्य प्रहार शुरू करने तक का हर कदम सावधानीपूर्वक योजनाबद्ध और समयबद्ध तरीके से उठाया जाए और संचालित हो। इस संदर्भ में सरकार ने उत्तेजना में कार्रवाई करने के बजाय रणनीतिक रूप से कार्रवाई के रास्ते को चुना। इससे पाकिस्तान और आतंकी समूह भारत की प्रतिक्रिया का अनुमान नहीं लगा सके। साथ ही, ऑपरेशन सिंदूर को आश्चर्यजनक तरीके से, सटीकता और पूर्ण प्रभाव के साथ अंजाम देना भी सुनिश्चित हो सका। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अब आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में भारत की औपचारिक नीति को व्यक्त करता है। यह भारत के रणनीतिक दृष्टिकोण में निर्णायक बदलाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन ने आतंकवाद-रोधी उपायों का नया मानक स्थापित किया है जो नई सामान्य स्थिति को प्रकट करता है। ऑपरेशन सिंदूर केवल एक नाम नहीं है, बल्कि यह देश के लाखों लोगों की भावनाओं का प्रतिबिंब है। इसके माध्यम से दुनिया को भारत की ओर से यह संदेश दिया गया है कि बर्बरता का सामना संतुलित और सटीक बल प्रयोग से किया जाएगा। आतंकवाद के साथ पड़ोसी देश की सांठ-गांठ अब कूटनीतिक आवरण या परमाणु हथियारों की धमकियों से जुड़ी बयानबाजी के पीछे नहीं छिप सकेगी। इस सिद्धांत के पहले प्रमुख स्तंभ में आतंकवादी घटनाओं का भारत की शर्तों पर निर्णायक उत्तर निहित है- भारत पर किसी भी आतंकवादी हमले का भारत की शर्तों पर ही करारा जवाब दिया जाएगा। देश आतंकवाद की जड़ों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि इसकी साजिश रचने वाले और प्रायोजक अपनी करनी का फल अवश्य भुगतें।इस सिद्धांत का दूसरा स्तंभ परमाणु हथियारों की धमकी देकर डराए जाने के प्रयासों के प्रति शून्य सहनशीलता है। इसका अर्थ है- भारत परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकियों या दबाव के आगे बिल्कुल नहीं झुकेगा। इसमें इस बात पर भी बल दिया गया है कि परमाणु हथियारों को ढाल बनाकर आतंकवाद का बचाव करने के किसी भी प्रयास का सटीक और निर्णायक कार्रवाई से जवाब दिया जाएगा। इस सिद्धांत का तीसरा स्तंभ यह स्पष्ट करता है कि आतंकवादियों और उनके प्रायोजकों के बीच कोई अंतर नहीं है। ऐसी किसी भी घटना के संबंध में भारत न केवल आतंकवादियों को बल्कि उनके समर्थकों- दोनों को उत्तरदायी ठहराएगा। आतंकवादियों को शरण देने वालों, उन्हें धन देने या उनके लिए धन की व्यवस्था करने वालों या आतंकवाद का समर्थन करने वालों को भी उनके समान ही परिणाम भुगतने पड़ेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मुद्दे को वैश्विक संदर्भ में प्रस्तुत किया है। आतंकवाद का समर्थन करने और उनको बढ़ावा देने वाले राष्ट्र अंततः अपना विनाश स्वयं कर लेंगे। उन्होंने उनसे आग्रह किया है कि इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, वे अपने आतंकवादी ढांचे को नष्ट कर दें। नया सिद्धांत राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति भारत के दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण परिवर्तन को दर्शाता है और आतंकवाद के विरुद्ध ठोस एवं दृढ़ रुख की नज़ीर पेश करता है। सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और यह सुनिश्चित करेगी कि भारत की संप्रभुता से कोई समझौता न हो। आतंकवाद को लेकर अब रुख पहले जैसा नहीं होगा, यह पहली बार नहीं है जब भारत ने स्पष्ट रूप से साहस के साथ कार्रवाई की है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने 2016 में की गई सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर बालाकोट और अब ऑपरेशन सिंदूर तक भारत की शर्तों पर आतंकवाद के विरुद्ध त्वरित और निर्णायक कार्रवाई का स्पष्ट सिद्धांत बनाया है। ऑपरेशन सिंदूर अंत नहीं है - यह स्पष्टता, साहस और आतंकवाद से निपटने के लिए हमारे संकल्प के एक नए युग का आरंभ है।

(लेखक केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और प्रौद्योगिकी तंत्रज्ञान मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## समत्वं योग उच्यते



संकलित
**दर्शन**

जिस मनुष्य का जीवन योगयुक्त है, उसे जीवन चलाने के कर्म बंधन में बांधने वाले नहीं होते। जैसे कमल कीचड़ में रहकर भी कमल ही रहता है। युक्त और अयुक्त का अर्थ योगयुक्त और योगअयुक्त से है अर्थात योग है समत्व बुद्धि। 'समत्वं योग उच्यते'। समत्व बुद्धि से तात्पर्य सोच-विचार कर किए गए कर्म को योगयुक्त कर्म कहते हैं। समत्व बुद्धि से अर्थ सुख-दुख, विजय-पराजय, हर्ष-शोक, मान-अपमान इत्यादि द्वंद्वों में विचलित हुए बिना एक समान शांत चित्त रहे- वही कर्मयोगी कहलाता है। स्थितप्रज्ञ : जिस काल में यह पुरुष मन में स्थित संपूर्ण कामनाओं को त्याग देता है, उस काल में आत्मा से ही आत्मा में संतुष्ट हुआ, जैसे जहाज को चलाने वाले के पास ठीक दिशा बताने वाला कम्पास या यंत्र होना चाहिए, उसी तरह श्रेष्ठ जीवन जीने के तथा मोक्ष के अभिलाषी व्यक्ति के पास 'योग' होना चाहिए। योग नहीं तो जीवन दिशाहीन है। यही बात कृष्ण ने गीता में स्थितप्रज्ञ के विषय में कही है। बुद्धि को निर्मल और तीव्र करने के लिए योग ही एक मात्र साधन है। योग स्थित व्यक्ति साधारण मनुष्यों से विलक्षण देखने लगता है। जिस व्यक्ति के भीतर जीवन में सत्य की किरणें फैल जाती हैं, सत्य का सूर्य जगता है और जिसकी आंतरिक चेतना जागृति को, पूर्ण जागृति को उपलब्ध हो जाती है, उसका जीवन स्पांटेनियस हो जाता है, सहज हो जाता है, सहज-स्फूर्त हो जाता है। उसके जीवन में किसी ढांचे को खोजना मुश्किल है। उसके जीवन में कोई बंधी-बंधाई रेखाएं नहीं होतीं।

## दो पैसे के काम के लिए तीस साल की बलि



संकलित
**प्रेरणा**

स्वामी विवेकानंद एक बार कहीं जा रहे थे। रास्ते में नदी पड़ी तो वे वहीं रुक गए क्योंकि नदी पार कराने वाली नाव कहीं गई हुई थी। स्वामीजी बैठकर राह देखने लगे कि उधर से नाव लौटे तो नदी पार की जाए। एका-एक वहां एक महात्मा भी आ पहुंचे। स्वामीजी ने अपना परिचय देते हुए उनका परिचय लिया। बातों ही बातों में महात्माजी को पता चला की स्वामीजी नदी किनारे नाव की प्रतीक्षा कर रहे हैं। महात्मा जी बोले, अगर ऐसी छोटी-मोटी बाधाओं को देखकर रुक जाओगे तो दुनिया में कैसे चलोगे? तुम तो स्वामी हो, बड़े आधात्यात्मिक गुरु और दार्शनिक माने जाते हो। जरा सी नदी नहीं पार कर सकते? देखो, नदी ऐसे पार की जाती है। महात्मा जी खड़े हुए और पानी की सतह पर तैरते हुए लंबा चक्कर लगाकर वापस स्वामी जी के पास आ खड़े हुए। स्वामीजी ने आश्चर्य चकित होते हुए पूछा, महात्माजी, यह सिद्धि आपने कहां और कैसे पाई? महात्मा जी मुस्कुराए और बड़े गर्व से बोले, यह सिद्धि ऐसे ही नहीं मिल गई। इसके लिए मुझे हिमालय की गुफाओं में तीस साल तपस्या करनी पड़ी। महात्मा की इन बातों को सुनकर स्वामी जी मुस्करा कर बोले, आपके इस चमत्कार से मैं आश्चर्यचकित तो हूं लेकिन नदी पार करने जैसे काम जो दो पैसे में हो सकता है, उसके लिए आपने अपनी जिंदगी के तीस साल बर्बाद कर दिए। यानी दो पैसे के काम के लिए तीस साल की बलि! ये तीस साल अगर आप मानव कल्याण के किसी कार्य में लगाते या कोई दवा खोजने में लगाते, जिससे लोगों को रोग से मुक्ति मिलती तो आपका जीवन सचमुच सार्थक हो जाता।

## सटाका




## आज की पाती

### भारतीय मानवता का सम्मान करें पाक नागरिक

यह बहुत ही स्पष्ट परिदृश्य है कि अंततः पाकिस्तान के साधारण, लाचार, बेचारे करोड़ों नागरिकों को ही इस प्रकार के युद्ध की बहुत ही बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। पाकिस्तान के सभी उग्रवादी नेता, आईएसआई के अधिकारी और जनरल-कर्नल वगैरह तो रातों-रात पाकिस्तान छोड़कर अपने प्राइवेट/चार्टेड विमानों से दुनिया के अन्य कई देशों में रहने-जीने के लिए भाग जाएंगे। ये बहुत दुखद लेकिन पूर्ण सत्य है कि करोड़ों सामान्य पाकिस्तानी लोग या तो बहुत ही भोले-भाले, अनभिज्ञ और नासमझ हैं या फिर उग्रवादी किस्म के पकिस्तानी सेना, नेताओं और आईएसआई द्वारा उन्हें हमेशा ही अव्वल दर्जे का बेवकूफ बनाकर रखा जाता है। ऐसी स्थिति में पाक नागरिकों को भारतीय मूल्यों व मानवता का सम्मान करना चाहिए। *- राजेश अग्रवाल, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### अदम्य साहस का परिचय




हमारे भारतीय सशस्त्र बलों ने बार-बार अदम्य साहस का परिचय दिया है। ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी ढांचे को हिलाकर रख दिया और उनकी बेमिसाल वीरता और बलिदान का एक शानदार उदाहरण बन गया।
**-जे.पी. नड्डा, भाजपा अध्यक्ष**

### परीक्षा उत्तीर्ण की बधाई



सभी युवा मित्रों और उनके माता-पिता को हार्दिक बधाई, जिन्होंने सीबीएसई की 10वीं-12वीं की परीक्षाएं सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की हैं। यह कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ता के फल का आनंद लेने लेने का क्षण है।
**-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

### नए सिद्धांत को दिया आकार



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिर्फ भाषण नहीं दिया, उन्होंने भारत के नए सिद्धांत को आकार दिया। उनका संबोधन पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों को कड़ी चेतावनी और दुनिया को देश की ताकत के बारे में स्पष्ट संदेश है।
**-एन. चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश**

### तकनीक को दोस्त बनाएं



मैं सभी युवा भारतीयों से कहना चाहूँगा कि वे तकनीक को अपना सबसे अच्छा दोस्त बनाएँ। हम पहले से ही डिजिटल युग में हैं, और अधिक से अधिक एआई का उपयोग करने की ओर बढ़ रहे हैं।
**-अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

## करंट अफेयर


### यूक्रेन के वायु क्षेत्र में विमान गिराने के लिए रूस जिम्मेदार



अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन के परिषद ने यूक्रेन के वायु क्षेत्र में मलेशिया एयरलाइंस की एक उड़ान को 2014 में मार गिराने के लिए मंगलवार को रूस को जिम्मेदार ठहराया। इस घटना में, विमान में सवार 298 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। परिषद के इस निष्कर्ष पर पहुंचने से, पीड़ितों के परिजनों के लिए मुआवजा पाने की संभावना बढ़ गई है। नीदरलैंड नीत अंतरराष्ट्रीय जांच 2016 में पूरी हुई थी, जिसमें यह पाया गया था कि एमस्टर्डम से कुआलालंपुर की उड़ान को 17 जुलाई 2014 को यूक्रेन से अलगाववादियों द्वारा मिसाइल से किये गए हमले में मार गिराया गया था। इस मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति रूस ने की थी। हालांकि, मॉस्को ने उड़ान संख्या एमएच 17 घटना में अपनी किसी तरह की संलिप्तता होने से इनकार किया है। नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलियाई सरकारों ने 2022 में मॉन्ट्रियल स्थित वैश्विक विमानन एजेंसी के समक्ष रूस के खिलाफ मामला लाया था और इस फैसले का स्वागत किया है। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में इस मामले को सुलझाया नहीं जा सकता था क्योंकि रूस, नीदरलैंड के हेग स्थित इस न्यायालय के अधिकार क्षेत्र को मान्यता नहीं देता है। परिषद ने पाया कि रूस ने शिकागो समझौते का उल्लंघन किया है।

## ऑफ बीट

### नियमित व्यायाम डिमेंशिया से बचाव में है कारगर



जैसे-जैसे डिमेंशिया के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ रही है, वैसे-वैसे रोकथाम के उपाय जानने की दिलचस्पी में भी इजाफा हो रहा है। मीडिया में आई खबरों में नियमित व्यायाम, स्वस्थ खानपान, दिमागी कसरत और सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी को डिमेंशिया के जोखिम में कमी लाने के लिए कारगर बताया गया है। डिमेंशिया तंत्रिका-तंत्र से जुड़ा एक विकार है, जिसमें याददाश्त, सोचने-समझने एवं फैसले लेने की शक्ति और रोजमर्रा के काम करने की क्षमता प्रभावित होती है। अल्जाइमर (मस्तिष्क के अंदर और उसके आसपास की कोशिकाओं में एमिलॉयड नाम के प्रोटीन के थक्के जमने से होने वाला डिमेंशिया) को डिमेंशिया का सबसे आम स्वरूप माना जाता है। इसके अलावा, बड़े पैमाने पर 'वैस्कुलर डिमेंशिया' (मस्तिष्क में खून का प्रवाह धीमा पड़ने के कारण होने वाला डिमेंशिया) और 'लेवी बॉडी डिमेंशिया' (मस्तिष्क में 'लेवी बॉडी' नाम के प्रोटीन के थक्के जमने से होने वाला डिमेंशिया) के मामले भी सामने आते हैं। डिमेंशिया में तंत्रिका-तंत्र की कोशिकाएं क्षतिग्रस्त हो जाती हैं, जिससे उनमें संचार की प्रक्रिया प्रभावित होती है और व्यक्ति को भ्रम, भूलने की बीमारी और व्यवहार में बदलाव की शिकायत सता सकती है।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# प्रधानमंत्री के भाषण से देश को मिला आतंकवाद की समाप्ति का भरोसा

**भोपाल।** पहलगाम में हुई आतंकी घटना में 26 लोगों की निर्मम हत्या के बाद आतंकवाद को पालने पोसने वाले पड़ोसी देश पाकिस्तान के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत पूरे देशवासियों का गुस्सा उमड़ पड़ा था। जिसके बाद 7 मई से हुई सैन्य कार्रवाई में पाकिस्तान के परखच्चे उड़ा दिए गए। अंततः संघर्ष विराम हुआ। इसके बाद सोमवार शाम प्रधानमंत्री मोदी ने देश को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। हरिभूमि ने इस पूरे सीमा पर पांच दिन तक रहे तनाव को लेकर प्रदेशभर के कुछ खास लोगों से विचार जाने। लोगों ने साफ तौर पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन से देश को आतंकवाद के समूल नष्ट होने का भरोसा मिला है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने देश का दिल जीत लिया



प्रधानमंत्री ने देश के नाम दिए अपने संबोधन से पूरे देश का दिल जीत लिया। उन्होंने अपने भाषण में पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर, सीजफायर, आतंकवाद, सिंधु जल समझौते और पीओके समेत हर विषय पर बात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन आतंकियों ने हमारी मां-बहनों का सिंदूर मिटाया, हमने उन्हें मिटा दिया। हमारे ऑपरेशन में 100 से ज्यादा खूंखार आतंकवादी मारे गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की गुहार पर भारत ने संघर्ष रोकने की सहमति दी है। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ मिलिट्री एक्शन को केवल स्थगित किया है। पाकिस्तान का रवैया देखकर आगे का एक्शन तय करेंगे। हम पाकिस्तान से आतंकवाद और पीओके पर ही बात करेंगे।

**ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर,** अंतरराष्ट्रीय शूटर

### अत्यंत प्रेरणादायक और राष्ट्रहित में संबोधन



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज का संबोधन अत्यंत प्रेरणादायक और राष्ट्रहित में था। उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम (सीजफायर) के मुद्दे पर स्पष्ट और संतुलित दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री कहा कि 'पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते।' यह संदेश उन लोगों के लिए है जो हमारे खिलाफ षड्यंत्र रचते हैं और फिर शांति की बात करते हैं। पाकिस्तान एक ऐसा देश है जो बार-बार विश्वासघात करता है, झूठ बोलता है और आतंक को समर्थन देता है। उसकी बातों पर कभी भरोसा नहीं किया जा सकता। इस संबोधन ने पूरे देश को यह विश्वास दिलाया है कि भारत अपने सम्मान, सुरक्षा और स्वाभिमान से कभी समझौता नहीं करेगा।

**सुरेंद्र सिंह लोहिया,** अंतरराष्ट्रीय पैरा स्विमर

### हर भारतवासी सेना के साथ



देश की सेना ने पाकिस्तान को जो करारा जवाब दिया है, उससे देश के लोगों का मान-सम्मान बढ़ गया है। आज देश कर हर भारतवासी सेना के साथ है। सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी के संबोधन में पाकिस्तान को दो टूक कहा है कि अगर भविष्य में किसी भी तरह की आतंकी घटना अगर भारत में होती है, तो उसके लिए सीधा पाकिस्तानी सरकार को जिम्मेदार माना जाएगा। इस बात का सभी लोग स्वागत करते हैं। उम्मीद है कि इस बार भारत की जवाबी कार्रवाई के बाद सीमा पार से होने के वाले आतंक पर रोक लगा सकेगी।

**सैय्यद दानिश नदवी, उपाध्यक्ष,** मध्यप्रदेश उलेमा बोर्ड

### पाकिस्तान ने और कोई ऑप्शन छोड़ा ही नहीं था



जंग कभी भी किसी चीज का सॉल्यूशन नहीं हो सकती, लेकिन पाकिस्तान जैसे देश ने जंग के सिवा और कोई ऑप्शन छोड़ा ही नहीं था क्योंकि यदि आतंकवाद को जड़ से मिटाना है तो आतंकवाद के पनाहगाहों को समझना होगा कि आतंकवाद केवल हमारे मुल्क के लिए ही हानिकारक नहीं है बल्कि पूरे विश्व के लिए हानिकारक है और पहलगाम में जो आतंकी हमला हुआ वह तो सरासर निंदनीय है और उसका बदला शायद ऐसे ही एयर स्ट्राइक से लिया जा सकता है।

**शिवानी घोष,** समाज सेविका और परवरिश संस्था की हेड

### वैश्विक स्तर पर पीएम के इस संबोधन का हो रहा था इंतजार



कितने अच्छे से हमारे प्रधान मंत्री ने कह दिया कि पूरा देश साथ दे रहा था इसलिए आज हम सब ने मिलकर पाकिस्तान को ऐसा जवाब दिया। ये एक ऐतिहासिक पल है, जिसे सुनने पूरा देश ही नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर पीएम के इस संबोधन का इंतजार हो रहा था। पहली बार पीएम मोदी के नेतृत्व ने हम सब ने भारत में स्वयं को महफूज महसूस किया। इन्होंने प्रोएक्टिव तरीके से डिसीजन लिए जो आम जानता की समझ से बाहर था। हमें अपने तीनों डिफेंस फ़ोर्स के लीडरशिप पर गर्व है।

**मीता वाधवा,** समाज सेविका

### पीएम के साथ निर्णायक नेतृत्व



पीएम मोदी के साथ निर्णायक नेतत्व है। उनके निर्णयों की वजह से भारत अपनी स्थिति सुदृढ़ कर रहा है और वैश्विक परिवेश में मजबूती मिली है। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय हथियारों का परीक्षण तो हुआ ही है साथ ही भारतीय सैन्य प्रबंधन के सामर्थ का अद्भुत प्रदर्शन हुआ है। इसके अलावा भारत के लिए वैश्विक बाजार भी खुल गया है। पाकिस्तान को अब अहसास हो गया कि भारत उसके हर दुस्साहस को मुंहतोड़ जबाब देने में सक्षम है।

**नितिन जैन, भोपाल**

### पाकिस्तान का रवैया देखकर तय होगी कार्रवाई



अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर, सीजफायर, आतंकवाद, सिंधु जल समझौते और पीओके पर बात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की गुहार पर भारत ने संघर्ष रोकने की सहमति दी है। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ मिलिट्री एक्शन को केवल स्थगित किया है। पाकिस्तान का रवैया देखकर आगे का एक्शन तय करेंगे। यह अच्छी बात है कि अब नया भारत देश में आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा और कार्रवाई की जाएगी।

**अशफाक अहमद,** भानपुर, भोपाल

### मेरी समझ से यह देशहित में अहम फैसला है



चार दिन में पाकिस्तान और पीओके में भारत में आतंकवादियों के कई ठिकानों को बर्बाद कर दिया। चार दिन बाद दोनों देशों के बीच सीजफायर की बात हुई। इसके बाद पीएम मोदी ने सोमवार देश को संबोधित किया। अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ मिलिट्री एक्शन को केवल स्थगित किया है। पाकिस्तान का रवैया देखकर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। यह अच्छी बात है कि वर्षों से भारत में हो रही आतंकी घटनाओं के बाद अब नया भारत आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा और कार्रवाई की जाएगी। मेरी समझ से यह देशहित में फैसला है।

**प्राणसिंह लोधी,** करोंद, भोपाल

---

मुख्यमंत्री ने की उज्जैन में की सिंहस्थ के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा

### साधु और श्रद्धालुओं की आस्था को सर्वोपरि रख कर करें सभी कार्य

# सिंहस्थ केवल मध्यप्रदेश की ही नहीं बल्कि पूरे विश्व की शानः डॉ. यादव

### सिंहस्थ कार्यों की मॉनिटरिंग में करें आधुनिक तकनीक का प्रयोग

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि 'सिंहस्थ केवल मध्यप्रदेश का नहीं, बल्कि पूरे विश्व की शान है।' हमारा उद्देश्य है कि सिंहस्थ के माध्यम से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिले और इस आयोजन का लाभ लंबे समय तक आमजन तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ-2028 की तैयारी में साधु-संत और श्रद्धालुओं की भावनाओं को सर्वोपरि रखकर कार्य योजना को पूर्ण किया जाए। मुख्यमंत्री सोमवार को उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल भवन कलेक्टर कार्यालय में सिंहस्थ - 2028 के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी कार्य समय-सीमा में गुणवत्ता और मापदंडों के अनुसार हो। सभी कार्यों में निर्माण एजेंसियां समन्वय बनाकर कार्य करें, जिससे श्रद्धालुओं को सिंहस्थ-2028 का अनुभव आस्थामय, भव्य और अलौकिक हो।

### संत स्वयं तप कर सबके जीवन को करते हैं ज्ञान-आनंद से प्रकाशितः मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री ने उज्जैन में संत कंवरराम की प्रतिमा का किया अनावरण
- गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रमाण-पत्रों का किया वितरण




**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि संतो का जीवन और आदर्श हमेशा अनुकरणीय होते हैं। संत कंवरराम ऐसे ही एक महान संत थे। डॉ यादव ने सोमवार को उज्जैन की सिंधी कॉलोनी, अलखधाम नगर के सार्वजनिक उद्यान में संत कंवरराम की प्रतिमा के अनावरण समारोह में यह बात कही। उन्होंने समर्थ सेवा संस्थान द्वारा आयोजित दिव्यांगजनों को निःशुल्क हवाई यात्रा करवाने पर बने गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड के प्रमाण-पत्र का वितरण भी किया। डॉ यादव ने कहा कि संत कंवरराम ने लोगों को सच्चाई और नैतिकता के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। वे सबको साथ में लेकर चलने में विश्वास रखते थे। इस उद्यान में संत कंवरराम की प्रतिमा स्थापना से सबको उनका आशीर्वाद मिलता रहेगा।

मुख्यमंत्री ने नगरपालिका निगम के अधिकारियों से कहा कि उद्यान का नियमित रुप से रख-रखाव किया जाए। उन्होंने अलखधाम नगर के उद्यान को आदर्श उद्यान बनाए जाने के लिए शासन की ओर से सहयोग राशि प्रदान करने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दिव्यांगजनों को निःशुल्क धार्मिक यात्रा के प्रमाण-पत्र वितरित किए। डॉ यादव ने कहा कि दिव्यांगजनों की सेवा ईश्वर की सेवा के समान है।

### भगवान बुद्ध के आदर्शों का अनुसरण करने वाला एकमात्र देश है भारत

- समता मूलक समाज, प्रेम करुणा और सत्य की आधारशिला पर ही समाज की तरक्की संभव
- मुख्यमंत्री ने बुद्ध पूर्णिमा पर भगवान बुद्ध को नमन कर अर्पित किए पुष्प

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगवान बुद्ध के जीवन से ज्ञान लेकर हम सारे भारतीय आगे बढ़ रहे हैं। विश्व बंधुत्व को अपनाते हुए प्रेम ,करुणा, सत्य, समता के भाव को आगे बढा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन के अशोक बुद्ध विहार में बुद्ध पूर्णिमा के पावन पर्व पर भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भारती बौद्ध महासभा की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि मप्र में सांची, बुद्ध धर्मावलंबियों के लिए महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है। उनके लिए सांची आना सौभाग्य की बात है। बुद्ध सर्किट में सांची का प्रमुख स्थान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खगोल विज्ञान के अनुसार निर्धारित की गई तिथि, पूर्णिमा अपने आप में महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं। पूर्णिमा पर भगवान बुद्ध और संत रविदास के साथ ही अन्य बड़े संत, महात्माओं का जन्म हुआ है।



### सीएम नवनियुक्त मंडल पदाधिकारियों के परिचय कार्यक्रम में शामिल हुए

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को उज्जैन के आस्था गार्डन में उज्जैन नगर के नवनियुक्त मण्डल पदाधिकारियों के परिचय व स्वागत कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भाजपा करोड़ों कार्यकर्ताओं और सदस्यों के समर्पण से ही विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त पदाधिकारीगणों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन की सुदृढ़ता और केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जनसेवा के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्य करें।

---

मृतका के शरीर पर मिले चोट के निशान

## संदिग्ध हालत में फंदे पर लटका मिला बुजुर्ग महिला का शव



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पसान थाना क्षेत्र के ग्राम खम्हरिया में एक बुजुर्ग महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। महिला सोनकुंवर (70) अपनी बेटी और दामाद के साथ रहती थी। दामाद श्रवण सिंह पोर्ते और उनकी पत्नी रामकुमारी सोमवार को सिलपहरी में एक रिश्तेदार के विवाह समारोह में शामिल होने गए थे। महिला घर पर अकेली थी और तेंदूपत्ता की गड्डी तैयार कर रही थी। रात करीब 12:30 बजे दंपती घर लौटा तो बुजुर्ग महिला का शव साड़ी के सहारे फांसी के फंदे पर लटका मिला। श्रवण ने तुरंत ग्रामीणों को सूचना दी और सुबह पसान थाने में पुलिस को घटना की जानकारी दी। थाना प्रभारी श्रवण विश्वकर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध प्रतीत हुआ। पुलिस ने फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम को बुलाया। कोरबा से सीन ऑफ क्राइम मोबाइल यूनिट के वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. सत्यजीत सिंह कोसरिया, डॉ. राजश्री प्रधान, आरक्षक हेमंत चौहान और राजेश कुमार चंद्रा ने शव का बारीकी से निरीक्षण किया। जांच में वृद्धा के बाएं कान के नीचे और चेहरे पर गंभीर चोट के निशान मिले। साथ ही रक्तस्राव के स्पष्ट निशान दिखाई दिए। इससे प्रथम दृष्टया हत्या कर शव को फंदे पर लटकाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने डॉग स्क्वायड की सहायता भी ली। पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फोरेंसिक एक्सपर्ट और डॉग स्क्वायड की मदद से मामले की गहन जांच जारी है।

### अज्ञात मासूम का शव मिला

*कबीरधाम। पांडातराई थाना क्षेत्र अंतर्गत घोघरा नदी में मंगलवार को लगभग छह-सात साल के एक अज्ञात बालक का शव मिला है। शव मिलने के बाद गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा है। शव की पहचान व परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम किया जाएगा। पुलिस को हत्या की आशंका है। पोस्टमार्टम के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सके। बालक ने काले रंग की टी-शर्ट और काले रंग की हाफ पैंट पहन रखी है। पुलिस ने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि यदि किसी भी थाना क्षेत्र में इस आयु का कोई बालक गुमशुदा है या कोई व्यक्ति इस बालक की पहचान करता हो तो तत्काल पांडातराई थाना प्रभारी के मोबाइल नंबर 9770716233 व कबीरधाम पुलिस कंट्रोल रूम 9479192499 से संपर्क कर सकते हैं।*

---

बालको थाना क्षेत्र के लाल घाट का मामला, आरोपी चालक फरार

## तेज रफ्तार ट्रक ने ली दो की जान, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जिले के बालको थाना क्षेत्र के लाल घाट में मंगलवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ। एक रेत से भरे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार तीन युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल को तुरंत जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। हादसा उस समय हुआ जब तीनों युवक लाल घाट के पास बाइक से गुजर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक की रफ्तार इतनी तेज थी कि बाइक सवारों को संभलने का मौका नहीं मिला। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बालको थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की तहकीकात में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि ट्रक चालक की तलाश जारी है और दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। गुस्साए लोगों ने सड़क जाम करने का प्रयास किया, जिससे कुछ समय के लिए यातायात बाधित हुआ। बालको थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भीड़ को समझाया और स्थिति को नियंत्रित किया। काफी प्रयासों के बाद सड़क पर आवागमन बहाल हो सका। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया कि रेत से भरे ट्रक कहां से आ रही थी और क्या यह रेत तस्करी का मामला है। उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस से रेत के अवैध परिवहन पर नजर रखने और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

छत्तीसगढ़ की छात्रा प्रगति अग्रवाल ने हासिल किए 98.5% अंक

## सीबीएसई 12वीं का रिजल्ट जारी

**रायपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 12वीं बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। छत्तीसगढ़ के कुल उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 82.17% रहा है। इस परीक्षा के लिए कुल 31 हजार 911 छात्रों ने पंजीयन कराया था, जिसमें से 31 हजार 711 छात्र शामिल हुए। इनमें 16 हजार 696 लड़के, जबकि 15 हजार 015 लड़कियां शामिल हुई।

परीक्षा में कुल 26 हजार 057 स्टूडेंट्स पास हुए। इनमें 13 हजार 344 लड़के और 12 हजार 713 बालिकाओं ने परीक्षा पास की है। छत्तीसगढ़ से छात्रा प्रगति अग्रवाल ने सर्वाधिक 98.5% अंक प्राप्त कर टॉप स्थान हासिल किया। वहीं काव्य अग्रवाल ने 98.25%, आर्ची पटेल ने 98%, इशिका अग्रवाल ने 97.50%, आद्या अग्रवाल ने 97.25% और पूर्वी पारख ने 97% अंक प्राप्त किए।

रानचिरई थाना क्षेत्र के ग्राम चिचबोड़ की घटना

## हत्या के मामले में पांच नाबालिग सहित आठ धराए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

रानचिरई थाना क्षेत्र के ग्राम चिचबोड़ में 19 वर्षीय युवक राम प्रसाद की हत्या के मामले में पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें पांच नाबालिग और तीन बालिग शामिल हैं। सभी आरोपी राजनांदगांव जिले के बसंतपुर थाना क्षेत्र के निवासी हैं, जो बालोद में एक बारात में शामिल होने आए थे। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। बालोद पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने बताया कि हत्या का कारण मोबाइल और 500 रुपये को लेकर हुआ विवाद था। बरात में आए एक लड़के का मोबाइल गुम हो गया था, जिसे 500 रुपये देने के बाद वापस कर दिया गया। इसके बाद भी आरोपियों ने साजिश रचकर राम प्रसाद की चाकू, हाथ और मुक्कों से बेरहमी से हत्या कर दी। हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू की। बारातियों को ग्रामीणों ने रोक रखा था, जिससे पुलिस को घटनास्थल की बारीकी से जांच और आरोपियों को पकड़ने में आसानी हुई। मृतक राम प्रसाद दुल्हन के भाई का दोस्त था और शादी समारोह में शामिल था। हत्या के बाद शादी का माहौल मातम में बदल गया। पुलिस को तुरंत सूचना दी गई, और शव को रात में ही मर्चुरी में रखवा दिया गया।

---

## अपना दल (एस) का चिंतन शिविर 18 को, प्रदेश प्रभारी भी आएंगे

- राष्ट्रीय महासचिव युवा मंच डॉ. पटेल समेत समस्त पदाधिकारी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



अपना दल (एस) का चिंतन शिविर आगामी 18 मई को भोपाल में आयोजित होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में पहली बार प्रदेश प्रभारी के रूप में राष्ट्रीय महासचिव आरबी सिंह पटेल मप्र का दौरा करेंगे। यह चिंतन शिविर संगठन के आगामी रोडमैप, चुनावी रणनीति और संगठन विस्तार पर केंद्रित रहेगा। साथ ही राष्ट्रीय महासचिव युवा मंच डॉ. अखिलेश पटेल, प्रदेश और जिला स्तर के सभी प्रमुख पदाधिकारी इस चिंतन शिविर में शामिल होंगे। चिंतन शिविर को लेकर राष्ट्रीय महासचिव आरबी सिंह पटेल ने कहा,मप्र में संगठन को मज़बूती देना हमारी पहली प्राथमिकता है। यह चिंतन शिविर सिर्फ रणनीति तय करने का मंच नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा देने का अवसर भी है।₹डॉ. अखिलेश पटेल ने युवाओं की भूमिका पर विशेष जोर देते हुए कहा, ₹मध्य प्रदेश में संगठन को नए सिरे से खड़ा करने की दिशा में युवाओं की भागीदारी सबसे अहम है। यह चिंतन शिविर हमारे लिए आत्मचिंतन के साथ-साथ नई ऊर्जा और दिशा प्राप्त करने का अवसर है।

### किए जा रहे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाले जलाशयों के कार्य

# बेतवा संरक्षण-शुद्धिकरणः आईआईटी विशेषज्ञ बना रहे डीपीआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को सिद्ध करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में 30 मार्च से 'जल गंगा संवर्धन अभियान' प्रारंभ किया गया है। अभियान का समापन गंगा दशहरा, 30 जून को होगा। जन-जन के जीवन से जुड़ा यह महत्वपूर्ण अभियान में नये तालाब बनाए जा रहे हैं, पुराने तालाबों, बावड़ियों और कुंओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है और नदियों को साफ-स्वच्छ किया जा रहा है। अभियान में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाले तालाबों, जल स्त्रोतों तथा देवालयों में भी जल संरक्षण के कार्य भी किये जा रहे हैं। विदिशा जिले की जीवनदायिनी बेतवा नदी की दीर्घकालिक सुरक्षा एवं पुर्नजीवन जल गंगा संवर्धन अभियान के उद्धेश्यों की प्राप्ति एवं सतत जल प्रबंधन लक्ष्यों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। बेतवा नदी के संरक्षण और शुद्धिकरण के लिए जिला प्रशासन वृहद परियोजना तैयार कर रहा है। परियोजना को मूर्तरूप देने के लिए विशेषज्ञों को क्षेत्र का भ्रमण कराया जा रहा है।

### बेतवा नदी के संरक्षण और शुद्धिकरण पर आधारित परियोजना को मूर्तरूप

बेतवा नदी के संरक्षण और शुद्धिकरण पर आधारित परियोजना को मूर्तरूप दिया जा रहा है। परियोजना में नदी में मिलने वाले सॉलिड और लिक्विड वेस्ट को नियंत्रित करने और नदी के प्राकृतिक प्रवाह एवं पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा करने पर फोकस किया जा रहा है। इससे नदी के क्षरण को रोका जा सकेगा। इसके लिए इन्दौर आईआईटी के विशेषज्ञों की टीम ने बेतवा नदी के घाटों, एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) और नालों का गहन सर्वेक्षण किया। आईआईटी इन्दौर की टीम ने नदी के विभिन्न घाटों, नालों और एसटीपी की वस्तु-स्थिति का आकलन किया और गंदगी के स्त्रोतों की पहचान की। आगामी चरण में टीम नदी के बहाव क्षेत्र का भ्रमण कर एक विस्तृत वैज्ञानिक डीपीआर तैयार करेगी।



### बुधनी में साफ-सफाई

सीहोर में जल संरक्षण जन जागरुकता और बुधनी में तालाब का गहरीकरण एवं साफ-सफाई की गई। जल गंगा संवर्धन अभियान में सीहोर जिले में जन अभियान परिषद ने प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों तथा नागरिकों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया तथा जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई।

### शहडोल के गांवों में श्रमदान से खेत तालाबों का निर्माण

शहडोल के गांवो में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जन भागीदारी संस्थाओं, जन प्रतिनिधियों, जन अभियान परिषद के सदस्यों, समाजसेवी और ग्रामीणों के सहयोग से जयसिंहनगर के कतिरा गांव में पानी की सहजेने के लिए, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, समाजसेवी सहित अन्य लोगों ने बोरी बंधान एवं नदी-नाला सफाई में उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए श्रमदान किया।

### शपथ के साथ श्रमदान

देवास में जिले के नूतन हायर सेकेंडरी स्कूल (संकुल) के सभी हाई स्कूल, मिडिल स्कूल एवं प्राइमरी स्कूल के शिक्षकों ने ग्राम हवनखेड़ी में क्षिप्रा नदी की साफ-सफाई की। स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर महेश सोनी ने सभी को जल जल स्त्रोतों को साफ रखने और रिचार्ज करने प्रति सप्ताह एक घंटा श्रमदान करने की शपथ दिलाई।

# एपीएन सीबीएसई सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

जबलपुर।

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी.बी.एस.ई.) द्वारा कक्षा 10वी एवं कक्षा 12वी का परीक्षा परिणाम जारी किया गया जिसमें ए.पी.एन. सी.बी.एस.ई. सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। जिसमें कक्षा 12 वी में प्रथम स्थान कुमारी अमृत कोहली(बायो ग्रुप) -93.4%] द्वितीय स्थान शिवा दुबे (मैथ्स ग्रुप)- 92.8%] तृतीय स्थान सत्या खन्ना (मैथ्स ग्रुप)- 92.6% एवं कक्षा 10वी में प्रथम स्थान कुमारी आर्या सिंग -88.2%, द्वितीय स्थान दिव्यांश जैन -87.4%, तृतीय स्थान जीत ज्योतिरादित्य सिंग ने 85.6 % प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया। कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 83% एवं कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 82% रहा।

संस्था अध्यक्ष श्री चमन श्रीवास्तव ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुये कहा कि हमारी शाला के शिक्षक शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को लगन एवं जिम्मेदारी से अध्यापन करवाते हुये शाला के परीक्षा परिणाम में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शाला गौरव बढ़ाया है। शाला के प्राचार्य मुकेश चौरसिया सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



## जबलपुर रॉयल लॉयंस स्थानीय प्रतिभाओं को देगी टीम में मौका

जबलपुर रॉयल लॉयंस, जो पिछले सीज़न की चैंपियन टीम रही है अब शहर के दमदार युवा क्रिकेटरों को टीम में जगह पाने का अवसर दे रही है। इसके लिए ओपन ट्रायल्स रखे गए हैं, जो 15 मई को सुबह 7 बजे से रानीताल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, शीतलपुरी, जबलपुर में होंगे। ये ट्रायल्स सिर्फ पुरुष खिलाड़ियों के लिए हैं, जिनकी जन्मतिथि 1 दिसंबर, 2002 से लेकर 30 नवंबर, 2005 के बीच की हो और जो जन्म से या स्थायी निवासी के रूप में जबलपुर के रहने वाले हों। कोच आनंद राजन ने कहा, हम क्रिकेट की बेहतरीन प्रतिभा को सामने लाना चाहते हैं।

## ज्योति श्रीवास ने बिना किसी सुविधा के 88 प्रतिशत अंक लाये



पिता की छोटी सी दुकान पर ही परिवार चलता जिनके पास कोई विशेष सुविधाएं तो नही है लेकिन ज्योति पिता भैयालाल श्रीवास ग्राम बरगवां जुनवानी निवासी हैं जो बिना सुविधाओ के भी यशोदा बाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खितौला में कक्षा दसवीं में पांच सौ में कुल 439 अंक हासिल किए हैं और 87.8 प्रतिशत लाकर साबित किया कि बिना सुविधाओं और दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र से भी आकर शिक्षा हासिल कर अच्छे अंक ला सकते हैं । जबकि छात्रा प्रतिदिन साइकिल से ही विद्यालय जाती थी जबकि गांव से खितौला सिहोरा पहुंचने को अन्य यात्री साधन नही होते हैं। ज्योति श्रीवास की इस उपलब्धि पर उनके माता पिता सहित शाला के शिक्षको ने भी हर्ष व्यक्त किया।



### मुस्कान साह का सुयश

व्हीएफजे सेंट्रल स्कूल की छात्रा मुस्कान साह ने सीबीएसई 10वीं कक्षा में 90 प्रतिशत से उत्तीर्ण की है।



### शौर्यमन का सुयश

स्टेमफील्ड स्कूल विजयनगर के शौर्यमन पटेल सीबीएसई बोर्ड एग्जाम कक्षा 12वीं विषय- बायलॉजी में 86% प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अशोक पटेल, सुमन पटेल के पुत्र शौर्यमन ने बताया कि वह डॉक्टर बनना चाहते हैं।

## देशभर में कृषि संकल्प अभियान 29 से प्रारंभ होगा

**जबलपुर।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (आईसीएआर) द्वारा देशभर में कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून, 2025 तक चलाया जाएगा। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि यह अभियान 700 से अधिक जिलों में चलाया जाएगा, जिसमें कृषि वैज्ञानिक, मंत्रालय के अधिकारी-कर्मचारी और स्थानीय कृषिकर्मी मिलकर प्रतिदिन अलग-अलग गांवों में किसानों से सीधे संवाद करेंगे। इसका उद्देश्य आधुनिक, उन्नत और आदर्श खेती को बढ़ावा देना तथा किसानों को वैज्ञानिक जानकारी और सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करना है।यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "लैब टू लैंड" मंत्र को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जो "एक देश, एक कृषि, एक टीम" की अवधारणा को मजबूती देगा। इस संदर्भ में केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की जिसमें देशभर के 731 कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), 100 से अधिक आईसीएआर संस्थान और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी हाइब्रिड मोड में शामिल हुए।

**एक देश, एक कृषि, एक टीम की दिशा में अभिनव पहल : शिवराज**

## आचार्य किसलय सशक्त साहित्य सेवा सम्मान एवं हिन्दी रत्न सम्मान से अलंकृत

**जबलपुर।** विगत दिवस कला वीथिका रानी दुर्गावती संग्रहालय जबलपुर में सशक्त हस्ताक्षर संस्था का तृतीय वार्षिकोत्सव भव्यता एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, रिकुंज विज अध्यक्ष नगर निगम जबलपुर, संस्थाध्यक्ष गणेश प्यासा, संयोजक कवि संगम त्रिपाठी, महामहोपाध्याय डॉ. हरिशंकर दुबे, राजेश पाठक प्रवीण,अरुण शुक्ल, रत्ना श्रीवास्तव, आनंद ज्योति पाठक, प्रदीप जानी,उमेश साहू ओज सहित सभी मंचासीन अतिथियों द्वारा संस्कारधानी के वरिष्ठ साहित्यकार आचार्य विजय तिवारी 'किसलय' को उनकी दीर्घकालीन समाज सेवा एवं साहित्य सेवा के परिप्रेक्ष्य में पुष्पहार,शाल, कलमश्री भेंट कर सशक्त साहित्य सेवा सम्मान एवं हिन्दी रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया। नगर के मदन श्रीवास्तव,सुशील श्रीवास्तव, विजय नेमा अनुज,अरुण यादव,मनोज शुक्ला मनोज, अशोक झारिया, शफ़क़,यशोवर्धन पाठक,वरिष्ठ समाजसेवी डॉ.अरुण मिश्रा, दीपांशु शुक्ला, संतोष नेमा संतोष,आशुतोष तिवारी, रंजना गौतम, देव दर्शन आदि ने बधाई देकर हर्ष व्यक्त किया।






## खिलाड़ियों को आपात स्थिति में सुरक्षा उपाय भी बताए

**जबलपुर।** माडल स्कूल परिसर में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसमें विभिन्न खेल विधाओं के जुड़े बालक व बालिका खिलाड़ी बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं। शिविर में मंगलवार को जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने नवोदित प्रतिभाओं से शिविर में पहुंचकर विभिन्न विषयों पर जानकारी साझा की। इस मौके पर उन्होंने आपात स्थिति में सुरक्षा के उपाय पर विस्तृत चर्चा की और बचाव के उपाय भी बताए। शिविर में जिला क्रीड़ा अधिकारी मधुमिता हाजरा, चंद्रशेखर स्वामी, ज्ञानेश्वर ठाकुर, सारिका सिंह, माधुरी शर्मा, हेमलता तिवारी, पुष्पा रघुवंशी, चंदा सोनी व सुषमा वर्मा अपना योगदान दे रहीं हैं।

## कृषि विवि में प्रजनक बीज उत्पादन कार्यक्रम का किया गया डिजिटलीकरण

जबलपुर।

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय,जबलपुर में लगातार कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं कृषकों के हित में विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा एक और सराहनीय कार्य किया गया है। दरअसल भारत सरकार के कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण तथा कृषि विभाग, नई दिल्ली तथा राष्ट्रीय बीज विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी संस्थान, मऊ (उ.प्र.) के सहयोग से जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर में प्रजनक बीज उत्पादन कार्यक्रम का डिजिटलीकरण कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में प्रारंभ किया गया है। इस संबंध में संचालक प्रक्षेत्र डॉ. अनीता बब्बर ने महत्वपूर्ण जानकारी देते हुये बताया कि विश्वविद्यालय में प्रजनक बीज उत्पादन कार्यक्रम को साथी पोर्टल के माध्यम से डिजिटीलाइज्ड किया गया है, जिसमें बुवाई से लेकर कटाई तथा वितरण की संपूर्ण जानकारी पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। इसके अंतर्गत विश्वविद्यालय के 24 प्रक्षेत्रों को क्यूआर कोड आधारित टैग प्रिंटर तथा उससे संबंधित सामग्री प्रदान की गई है। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रक्षेत्रों के प्रक्षेत्र प्रभारी तथा डॉ. मनोज श्रीवास्तव, डॉ. संजय सिंह एवं डॉ. अजय जायसवाल का सराहनीय योगदान रहा।






## राकेश श्रीवास बने सेवानिवृत्त प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांतीय सचिव राजेश सहारिया की अनुशंसा पर राकेश श्रीवास को जागरूक अधिकारी कर्मचारी सेवानिवृत्त प्रकोष्ठ का सभी पदाधिकारियों की सहमति से संभागीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संगठन के प्रदेष अध्यक्ष-रॉबर्ट मार्टिन, राजेश सहारिया, गुडविन चार्ल्स, क्लेमेंट पायस, राजकुमार यादव, एनोस विक्टर, रऊफ खान, फिलिप एंथोनी, दीपेश जैन, देवेन्द्र भट, राम प्रसाद दुबे, आषाराम झारिया, आदि ने उन्हें बधाई दी हैं।

## अधिवक्ता संघ ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

# पूर्व अपराधिक प्रकरणों की सूची थानों से उपलब्ध कराई जाए

जबलपुर।

सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय द्वारा 21 अप्रैल 2025 को एक पत्र जारी किया है जिसमें निर्देश दिए हैं कि किसी भी आपराधिक प्रकरण में जमानत आवेदन उच्च न्यायालय या जिला सत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा तो अधिवक्ता को अपने पक्षकार के पूर्व अपराधिक प्रकरणों की जानकारी सूची सहित आवेदन के साथ देनी होगी। यह आदेश का पालन 1 मई से शुरू हो गया हैं।

अधिवक्ता संघ के सचिव एडवोकेट ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने दिए गए ज्ञापन में कहा है कि आपराधिक मामले की जानकारी थाने में होती है चूंकि पक्षकार गिरफ्तार होकर जेल जाने पर उससे अन्य प्रकरण की जानकारी नहीं मिल पाती साथ ही संबंधित थाने से जानकारी मांगने पर भी थाने द्वारा भी नहीं दी जाती जिससे अधिवक्ताओं को परेशानी हो रही हैं।अतः अधिवक्ता संघ द्वारा पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय से मांग की गई अधिवक्ताओं द्वारा किसी पक्षकार के प्रकरणों की जानकारी मांगी जाए तो उन्हें उपलब्ध कराए यह व्यवस्था थाने द्वारा या पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी की जाए इस संबंध में समस्त थानों में निर्देश जारी किए जाए।

इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष मनोज तिवारी, सहसचिव मनोज शिवहरे, तरूण कुमार रोहितास,शैलेंद्र यादव ,दुर्गेश मनाना,मनोज तिवारी,रवि दत्त अनुभव शर्मा,प्रतीक रघुवंशी,अरविंद यादव,विवेक पटेरिया,यश दुबे, अंकुश चौधरी आदि उपस्थित थे ।



## युवक की संदिग्ध मौत

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत न्यू कंचनपुर अधारताल में अज्ञात कारणों के चलते एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी 34 वर्षीय धर्मेंद्र कुशवाहा को अज्ञात कारणों से गत दोपहर भाई नरेंद्र कुशवाहा द्वारा मेडीकल कॉलेज अस्पताल लाया गया था, जहां डॉक्टर ने चैक कर धर्मेंद्र कुशवाहा को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, APPASAB is legally Father of No 17021479M Rank HAV Name KRISHNA KAVATEKAR presently, residing at VILL-CHAMKERI PO-CHAMKERI, TEH-ATHANI, DISTT - BELGAUM (KARNATAKA) - 591248 I, have changed of my name from APPASAB (name as per my SON, Army service records) to APPASAB DHONDIBA KAVATEKAR name as per my AADHAR CARD and 01/01/1949 date of birth as per my SON, Army service records) to 01/01/1964 date of birth as per my AADHAR CARD vide affidavit dated 14/01/2025 formerly before Public Notary DISTRICT COURT, JABALPUR (Name and place of Court).

CORRECT NAME
APPASAB DHONDIBA KAVATEKAR
CORRECT DATE OF BIRTH- 01/01/1964
INCORRECT NAME APPASAB
INCORRECT DATE OF BIRTH- 01/01/1949

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक-03 रामपुर , (शक्ति भवन रोड़) नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक/सं.क्रं-03/एम 25-26/30 दिनांक:- 13/05/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अनूप यादव, श्री अनुज यादव पिता श्री रोशन लाल यादव ने भवन क्रमांक 1529/173 वार्ड ग्वारीघाट प्लाट 759 व.फु.,भूतल 758 व.फु., प्रथमतल 758 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रं.1529/173 वार्ड ग्वारीघाट गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टी अनुसार) श्री रमेश केवट के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड़ रामपुर नगर निगम में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-03 रामपुर
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक-03 रामपुर , (शक्ति भवन रोड़) नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक/सं.क्रं-03/एम 25-26/28 दिनांक:- 13/05/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति सुनीता बानी पिता श्री बहादुर सिंह बानी एवं श्री बहादुर सिंह बानी पिता श्री रामसिंह बानी ने भवन क्रमांक P.91 का हिस्सा वार्ड शहीद गुलाब सिंह प्रथमतल 700 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रं.P.91का हिस्सा वार्ड शहीद गुलाब सिंह गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टी अनुसार) डॉ. मुकेश खरे एवं श्रीमति वन्दना खरे के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड़ रामपुर नगर निगम में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-03 रामपुर
नगर निगम, जबलपुर

# पनागर में 40 साल बाद सप्त गजरथ महोत्सव आज से

## लगभग 10 लाख लोगों के पहुंचने की संभावना



**जबलपुर।** भगवान श्री 1008 शांतिनाथ स्वामी जी की नगरी पनागर में लगभग 40 वर्ष बाद 14 मई बुधवार से होने जा रहे सप्त गजरथ एवं श्री पंचकल्याणक महोत्सव की तैयारी पूर्ण हो चुकी है। यहां लगभग 14 एकड़ के विशाल परिसर में विशाल प्रवचन हाल के साथ श्री पंच कल्याणक अनुष्ठान होगा जिसमें संपूर्ण देश के चारों ओर से लाखों भक्तजनों की पहुंचने की संभावना है। आचार्य गुरुवर 108 श्री विद्यासागर महाराज जी के परम शिष्य 108 आचार्य गुरुवर श्री समय सागर के सानिध्य में 13 मुनि महाराज जी 10 एलक महाराज जी एवं 4छुललक महाराज जी अभी वर्तमान में पनागर नगर अतिशय क्षेत्र में विराजमान है एवं लगभग 20 आरिका माताजी की भी पहुंचने की संभावना है गुरुवर के सानिध्य में लगभग 40 वर्ष पूर्व जब आप मुनि अवस्था में थे तब आपके सानिध्य में पनागर में गजरथ महोत्सव संपन्न हुआ था अब आपके आचार्य पदारोहण के पश्चात पुण 40 वर्षों के पश्चात आपके सानिध्य में प्रथम सप्त गजरथ एवं पंचकल्याणक महोत्सव का सानिध्य का आयोजन किया जा रहा है बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर गुरुजी धीरेंद्र शास्त्री जी महाराज के भी पनागर आने की संभावना है क्षेत्रीय विधायक पं सुशील तिवारी इंदू द्वारा इसके प्रयास किया जा रहे हैं नगर के साथ साथ संपूर्ण जबलपुर शहर एवं आसपास के अनेक जिलों में लोगों में हर्ष का वातावरण है प्रतिदिन हजारों भक्तजन पनागर पहुंचकर गुरुवार के दर्शन कर आशीर्वाद ले रहे हैं श्री जैन प्रबंध करनी सभा एवं गजरथ कमेटी के अध्यक्ष राजेश कटंगा पंपी द्वारा अपनी संपूर्ण कमेटी एवं नगर के सभी नागरिकों के साथ इस कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए बहुत बड़ी स्तर पर तैयारी की गई है।




## श्रीश्री रविशंकर गुरुदेव के जन्मदिन पर किया रक्तदान

**जबलपुर।** गुरुदेब श्री श्री रवि शंकर के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 13 मई को हर साल विगत 10 वर्षों से आर्ट ऑफ़ लिविंग जबलपुर चैप्टर एवं होटल अन्नपूर्णा इन के संयुक्त तत्वावधान मे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक जबलपुर के सहयोग से रक्त दान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी बड़े स्तर पर रक्तदान किया गया। इस अवसर पर आर्ट ऑफ़ लिविंग से पूर्व अपैक्स मनु शरत तिवारी, नितिन बरसाइयाँ, नवीन बरसाइयाँ, जय दुबे, दीपक सेठी, कृतिका शुक्ला, मालविका, वरुण विवान तिवारी आदि उपस्थिति रहे।

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक-03 रामपुर , (शक्ति भवन रोड़) नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक/सं.क्रं-03/एम 25-26/29 दिनांक:- 13/05/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति गनेशी पटैल पति श्री भैया लाल पटैल ने भवन क्रमांक खसरा नं. 18/6 का हिस्सा वार्ड शंकरशाह नगर प्लाट 600 व. फु., भूतल 600 व.फु., प्रथमतल 120 व.फु. हक त्याग पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रं. खसरा नं. 18/6 का हिस्सा वार्ड शंकरशाह नगर गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टी अनुसार) श्री हेमन्त खरे पिता स्व. रामकृष्ण खरे के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड़ रामपुर नगर निगम में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-03 रामपुर
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक-03 रामपुर , (शक्ति भवन रोड़) नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक/सं.क्रं-03/एम 25-26/27 दिनांक:- 13/05/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मनोज कुमार मित्तल पिता स्व. श्री जे.पी. मित्तल एवं श्री नीरज मित्तल, श्रीमति मीनू अग्रवाल ने भवन क्रमांक 2780 वार्ड गिरीराज किशोर कपूर प्लाट 1500 व. फु., भूतल 770 व.फु. खसरा प्रपत्र/मृत्यू प्रमाण पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रं. 2780 वार्ड गिरीराज किशोर कपूर गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टी अनुसार) श्री जे.पी. मित्तल पिता स्व. के.एस. मित्तल के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड़ रामपुर नगर निगम में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-03 रामपुर
नगर निगम, जबलपुर